समृद्धि न्यूज़

| सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|
| 60,431.84 | 17,770.90 |

तापमान
अधिकतम 23 °c
न्यूनतम 09 °c

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# समृद्धि न्यूज़
समृद्ध समाज का आधार



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दिए वनाधिकार प्रपत्र पेज-02
जोन को अपराध मुक्त बनाने के लिए एडीजी के कारगर उपाय पेज-08

वर्ष 10 | अंक 177 | लखनऊ, 14 फरवरी, मंगलवार, 2023 | पृष्ठ 12 | मूल्य 2.00 www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com , Email : samradhinews@gmail.com

### बीबीएयू के दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बांटे मेडल, कहा-अंबेडकर मेरे लिए भगवान जैसे

# बाबा साहेब ने कुछ ऐसा किया था कि मैं आपके सामने खड़ी हूं

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़

बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय (बीबीएयू) के 10वें दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की मौजूदगी में 3 हजार 808 स्टूडेंट्स को डिग्री दी जा रही है। राष्ट्रपति ने 10 गोल्ड मेडलिस्ट स्टूडेंट्स को सम्मानित किया। उन्होंने कहा-मेरे लिए बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर भगवान के समान हैं। उन्होंने कुछ ऐसा किया था कि आज मैं आपके सामने खड़ी हूं। राष्ट्रपति ने कहा, एनआईपीईआर और आईआईटी बीएचयू के साथ सहयोग करके विश्वविद्यालय आगे बढ़ रहा है। इसकी मैं सराहना करती हूं। बाबासाहेब के जीवन में जीतनी कठिनाई और चुनौतियां थी, उनकी कामयाबी भी उतनी ही ज्यादा बड़ी थी। उनका जीवन हमारे लिए प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि आज डिग्री पाने वाली 42: और मेडल पाने वाली 60: लड़कियां हैं। ये बहुत खुशी की बात है। समारोह में उत्तर प्रदेश की गवर्नर आनंदीबेन पटेल और उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय भी मौजूद रहे। इस दीक्षांत समारोह का ऑफलाइन मोड पर लाइव प्रसारण गया। द्रौपदी मुर्मू ने कहा, कल मैंने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के समापन समारोह में भाग लिया। जिससे देश और प्रदेश दोनों को लाभ मिल रहा है। स्टार्ट अप के लिए इन्क्यूबेशन सेंटर बने। आज भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्ट अप करने वाला देश है। विश्वविद्यालय के सभी स्टूडेंट्स से मेरा कहना है कि इसका जरूर फायदा लें। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में एससी-एसटी एडमिशन के लिए 50: की छूट देना सराहनीय है। मुझे बिरसा मुंडा स्टूडेंट एक्टिविटी सेंटर का शुभारंभ करते समय बहुत खुशी हो रही है।



**पूरी टीम को बधाई**

बिरसा मुंडा के नाम पर स्टूडेंट एक्टिविटी सेंटर बनाने के लिए विश्वविद्यालय की पूरी टीम को बधाई देती हूं। जीवन में जो कुछ भी बनना चाहे, उसके लिए आज से ही प्रयास करें। लक्ष्य से भ्रमित न हो। होनहार छात्र टीचर का प्रोफेशन अपनाकर देश के भविष्य को सुनहरा बनाने में योगदान दें। अपने संस्कारों और संस्कृति से भी जुड़े। अमृतकाल के समय देश प्रगति में आगे बढ़ रहा है। मैं मैथली शरण गुप्ता की पंक्तियों को कहना चाहती हूं... नहीं विघ्न बाधाएं को स्वयं बुलाने जाते हैं, फिर भी यदि आ जाए तो नहीं घबराते हैं। बीबीएयू के कुलपति प्रो. संजय सिंह ने कहा कि मैं राष्ट्रपति का विश्वविद्यालय परिसर में स्वागत करता हूं।

### सीएम योगी आदित्यनाथ बोले-

# यूपी को 33.50 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को वैश्विक निवेशक सम्मेलन के समापन समारोह में सभी भागीदारों के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि निवेश के इस वैश्विक महाकुंभ में उत्तर प्रदेश को 33.50 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। मुख्यमंत्री ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का स्वागत करते हुए सबको विश्वास दिलाया कि उत्तर प्रदेश निवेश का सुरक्षित गंतव्य होगा। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में जो निवेश आया है और जो निवेश आयेगा, वह प्रदेश के विकास में सहायक तो होगा ही, स्वयं निवेशकों के लिए भी काफी फलदायी होगा। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पहले निवेश का मतलब सिर्फ एनसीआर में निवेश होता था जबकि इस सम्मेलन में प्रदेश के सभी 75 जनपदों के लिए निवेश मिले हैं। उन्होंने कहा कि कमजोर समझे जाने वाले पूर्वांचल और बुंदेलखंड में भी भारी निवेश आया है, पूर्वांचल में 9.54 लाख करोड़ तथा बुंदेलखंड में 4.28 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि एमओयू (समझौता ज्ञापन) से लेकर निवेश को धरातल पर उतारने तक के चरणों में उद्यमियों की सहायता के लिए निवेश सारथी, निवेश मित्र, मुख्यमंत्री उद्यमी मित्र और प्रोत्साहन निगरानी तंत्र जैसे पारदर्शी एकल खिड़की तंत्र बनाए गए हैं।



छह वर्ष पहले तक उत्तर प्रदेश को बीमारू राज्य के रूप में जाना जाता था लेकिन अपने पुरुषार्थ और परिश्रम से उत्तर प्रदेश के नागरिकों ने 'बीमारू राज्य' के दंश को मिटाने का संकल्प लिया।
**योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री**

## संक्षिप्त समाचार

**वोमेन प्रीमियर लीग**

### ऑक्शन में मंधाना सबसे महंगी

**मुंबई।** पहली विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के लिए खिलाड़ियों की नीलामी जारी है। मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में चल रहे ऑक्शन में टॉप ऑर्डर बैटर स्मृति मंधाना सबसे महंगी बिकीं हैं। उन्हें बेंगलुरु ने 3.4 करोड़ रुपए में खरीदा है। अब तक तीन खिलाड़ियों पर 3 करोड़ से ज्यादा की बोली लगी है। जबकि चार देशों की कप्तान अनसोल्ड रहीं। इनमें साउथ अफ्रीका की सुने लुस, इंग्लैंड की हीथर नाइट, श्रीलंका की चमारी अटापट्टू और वेस्टइंडीज की हेली मैथ्यूज शामिल रहीं।

### जनवरी महीने में 6.52 प्रतिशत पर पहुंची रिटेल महंगाई

**नई दिल्ली।** देश में जनवरी महीने में रिटेल महंगाई बढ़कर 6.52त्न पर पहुंच गई है। यह तीन महीने में सबसे अधिक है। महंगाई दिसंबर 2022 में 5.72त्न पर थी। वहीं पिछले साल जनवरी में रिटेल महंगाई 6.01त्न रही थी।

### जम्मू-कश्मीर में परिसीमन को चुनौती देने वाली याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में विधानसभा क्षेत्रों के परिसीमन की अधिसूचना को चुनौती देने वाली याचिकाओं को खारिज कर दिया। जस्टिस संजय किशन कौल और जस्टिस एएस ओका की बेंच ने यह भी कहा कि उसने जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम 2019 पर फैसला नहीं सुनाया है, जो आर्टिकल 370 को निरस्त करने को चुनौती देने वाली याचिकाओं के बैच में कोर्ट में पेंडिंग हैं।

### झुग्गियों में लगी आग एक बच्चे की मौत

**मुंबई।** मुंबई के मलाड इलाके की झुग्गियों में आग लग गई। हादसे में एक बच्चे की मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को इसकी जानकारी दी।

### ईरान को आतंकी देश घोषित करने की मांग

**पेरिस।** ईरान में सरकार की दमनकारी नीतियों के विरोध में पीड़ितों के रिश्तेदारों ने फ्रांस के पेरिस में रैली निकालकर ईरानी पुलिस का विरोध किया। यूरोपीय संघ से ईरान को आतंकी देश, रिवॉल्यूशनरी गार्ड्स को आतंकी ग्रुप घोषित करने की मांग की गई।

### अफगानिस्तान में भूकंप के झटके

**काबुल।** अफगानिस्तान में सोमवार सुबह 6 बजकर 47 मिनट पर भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर इन झटकों की तीव्रता 4.3 रही। रिपोर्ट्स के मुताबिक इसका एपिसेंटर अफगानिस्तान के फैजाबाद शहर से 100 किलोमीटर की दूरी पर था।

### लेफ्ट व कांग्रेस पर साधा निशाना, त्रिपुरा में बोले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

# राज्य में एक बार फिर होगी भाजपा सरकार की गूंज

त्रिपुरा, एजेंसी

त्रिपुरा विधानसभा चुनाव को लेकर प्रचार अपने चरम पर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का त्रिपुरा में प्रचार करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने लेफ्ट-कांग्रेस पर जबरदस्त तरीके से निशाना साधा। प्रधानमंत्री ने साफ तौर पर कहा कि त्रिपुरा के लोगों ने एक बार फिर से भाजपा सरकार के लिए मन बना लिया है। त्रिपुरा के गांव-गांव में सड़क बन रही है। भाजपा सरकार में जबरदस्त विकास हुआ है। त्रिपुरा में परिवर्तन साफ साफ दिखाई दे रहा है। डबल इंजन की सरकार के चलते आधुनिक एयरपोर्ट बने हैं। उन्होंने दावा किया कि बीजेपी ने त्रिपुरा में सुशासन दिया है। त्रिपुरा के लोगों की सेवा में कोई कसर नहीं छोड़ी है।

नरेंद्र मोदी ने कहा कि विकास की पहली शर्त कानून व्यवस्था का राज है। कम्युनिस्ट शासन ने त्रिपुरा को विनाश के कगार पर धकेल दिया था। त्रिपुरा के लोग उस अराजक स्थिति को कभी नहीं भूल सकते जिसमें कार्यकर्ताओं ने जीवन के हर पहलू को बंधक बना लिया था। उन्होंने कहा कि कम्युनिस्टों ने तीन दशकों तक त्रिपुरा पर शासन किया और हर चुनाव से पहले राजनीतिक विरोधियों को मार डाला। त्रिपुरा में भाजपा की सरकार पिछले 25-30 वर्षों के कम्युनिस्ट शासन के दौरान खोदे गए गड्ढे को भरने के लिए दिन-रात काम कर रही है। मोदी ने कहा कि मैं त्रिपुरा के लोगों को एक बात याद दिलाना चाहता हूं कि वामपंथी और कांग्रेस कभी भी त्रिपुरा का विकास नहीं कर सकते हैं और चाहते हैं कि त्रिपुरा के लोग गरीब ही रहें। उनका एक ही एजेंडा है अपनी तिजोरी भरना।



**भाजपा की योजनाएं लाभकारी**

भाजपा नेता ने कहा कि बीमारी की हालत में इलाज का खर्च किसी भी गरीब के लिए सबसे बड़ी चिंता होती है। इसलिए केंद्र की भाजपा सरकार आयुष्मान योजना लेकर आई है। इस योजना के तहत त्रिपुरा के करीब 2 लाख लोगों ने अस्पताल में अपना मुफ्त इलाज करवाया है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार के डबल लाभ का एक और उदाहरण है पीएम-किसान योजना। पीएम-किसान योजना के तहत किसानों को दी जाने वाली सम्मान निधि की राशि 6,000 रुपए प्रति वर्ष से बढ़ाकर 8,000 रुपए किया जाएगा।

### औरंगाबाद में नीतीश कुमार पर फेंकी गई कुर्सी

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर एक बार फिर से कुर्सी फेंकने की कोशिश की गई है। घटना बिहार के औरंगाबाद जिले की है। नीतीश कुमार अपनी समाधान यात्रा के तहत औरंगाबाद पहुंचे थे। मुख्यमंत्री कंचनपुर में पंचायत भवन का उद्घाटन कर रहे थे। जानकारी के मुताबिक मुख्यमंत्री से कुछ स्थानीय लोग मिलने की कोशिश कर रहे थे। हालांकि, सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें रोक दिया। इसके बाद ग्रामीण नाराज हो गए और उन्होंने कुर्सियां तोड़ दी।

## सपा के कामों को दिखाकर वाहवाही लूट रही योगी सरकार

लखनऊ

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में आज जी-20 समिट के लिए सज-संवरकर तैयार है। इस पर विपक्ष की प्रतिक्रिया आई है। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सत्ता में छह वर्ष बिताने के बावजूद अभी तक अपना एक भी प्रोजेक्ट जमीन पर उतार नहीं सकी है। भाजपा ने बदले की भावना से सपा सरकार द्वारा कराए गए विकास कार्य बर्बाद कर दिए। अपना कार्य जब दिखाने के लिए नहीं मिला तो भाजपा सरकार ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट व जी-20 के मेहमानों को सपा सरकार के कार्यो को ही रंग-रोगन कर दिखा रही है। अखिलेश ने कहा कि पुराने लखनऊ में बंद पड़े फाउंटेन और लाइट दोबारा शुरू करा दिए गए हैं। सुबह से शाम तक जनेश्वर मिश्र पार्क खुला रखा जा रहा है। रिवर फ्रंट सजाकर गोमती में नौका विहार का आनंद दिलाया जा रहा है। अखिलेश ने रविवार को कहा कि समाजवादी सरकार में बने जिस सोलर प्लांट का उद्घाटन पूर्व राष्ट्रपति स्वर्गीय एपीजे कलाम साहब ने किया था, वह भाजपा सरकार में बजट के अभाव में बंद पड़ा है।

सपा अध्यक्ष अखिलेश यहीं पर नहीं रूके उन्होंने कहा कि जेपी इंटरनेशनल जैसा महत्वाकांक्षी निर्माण देखरेख के अभाव में बर्बाद हो रहा है, जबकि समिट के अधिवेशन और सत्रों के लिए उसका बेहतर उपयोग हो सकता था।




### लोकसभा में नोटिस मिलने पर राहुल गांधी बोले-

# किसी का अपमान नहीं किया सच्चाई हमेशा सामने आती है

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उद्योगपति गौतम अडानी को लेकर संसद में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच जबरदस्त वार-पलटवार का दौर चल रहा है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा। हालांकि, राहुल गांधी के भाषण के बाद और संसदीय टिप्पणी के लिए उन्हें लोकसभा द्वारा नोटिस भी जारी किया जा चुका है। अब इसी नोटिस को लेकर राहुल गांधी ने अपनी प्रतिक्रिया बोली है। उन्होंने साफ तौर पर कहा है कि मैंने संसद में कुछ भी गलत नहीं बोला है।


चाहे तो कोई भी गूगल कर सकता है। गांधी ने कहा कि संसद में मेरे भाषण के कुछ अंश हटा दिए गए। मैंने किसी का अपमान नहीं किया। कांग्रेस नेता ने साफ तौर पर कहा कि मैंने जो कहा उसके संबंध में मुझे सबूत दिखाने के लिए कहा गया था और मैंने लोकसभा अध्यक्ष को एक पत्र लिखा है जिसमें उन्होंने सबूत के साथ हर बिंदु को हटा दिया है। अपने संसदीय क्षेत्र वायनाड में उन्होंने कहा कि मुझे उम्मीद नहीं है कि मेरे शब्दों को रिकॉर्ड पर जाने दिया जाएगा। देश के पीएम सीधे तौर पर मेरी बेइज्जती करते हैं लेकिन उनकी बातों को ऑफ द रिकॉर्ड नहीं किया जाता। उन्होंने कहा कि आपका नाम गांधी क्यों है, नेहरू क्यों नहीं। राहुल ने कहा कि सच्चाई हमेशा सामने आती है। आपको बस इतना करना है कि जब मैं बोल रहा था तो मेरे चेहरे और उनके चेहरे को देखना था। देखिए कितनी बार पीएम ने पानी पिया और कैसे पानी पीते हुए उनके हाथ कांप रहे थे। कांग्रेस नेता ने कहा कि पीएम को लगता है कि वह बहुत शक्तिशाली हैं और लोग उनसे डर जाएंगे। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि वह भारत के पीएम हैं। क्योंकि एक दिन उन्हें अपनी सच्चाई का सामना करने के लिए मजबूर किया जाएगा। राहुल ने कहा कि इस देश में हर किसी के लिए संसद की कार्यवाही देखना, देश में क्या हो रहा है और पीएम और अडानी के बीच सांठगांठ को समझना महत्वपूर्ण है।



### भरोसे के लिये लोगों को सुनना जरूरी

## अधिकारों को बुलडोजर के नीचे कुचलना नहीं : प्रियंका गांधी

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाद्रा ने सोमवार को जम्मू-कश्मीर में चल रहे अतिक्रमण विरोधी अभियान को लेकर सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि शांति और विश्वास के लिए आम लोगों की बात सुनना जरूरी है न कि बुलडोजर के नीचे उनके अधिकारों को कुचलना। कांग्रेस, नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी जैसे प्रमुख राजनीतिक दलों ने इस अभियान के खिलाफ अपनी चिंता व्यक्त की है और इसे तत्काल समाप्त करने की मांग की है। राजस्व विभाग के आयुक्त सचिव विजय कुमार बिधूड़ी के सभी उपायुक्तों को सात जनवरी से जम्मू-कश्मीर में सरकारी जमीन से 100 प्रतिशत अतिक्रमण हटाना सुनिश्चित करने के निर्देश के बाद अब तक जम्मू-कश्मीर में 10 लाख कनाल (एक कनाल : 605 वर्ग गज) से अधिक भूमि को पुनः कब्जे में लिया जा चुका है। हिंदी में किए गए एक ट्वीट में प्रियंका ने आरोप लगाया कि लद्दाख में अपने संवैधानिक अधिकारों की बहाली की मांग कर रहे लोगों के साथ ज्यादती की जा रही है। कांग्रेस महासचिव ने दावा किया, कश्मीर में आम जनों की सुनवाई किए बिना उनके घरों पर बुलडोजर चलाया जा रहा है।



# कांग्रेस के हंगामे के साथ संसद के बजट सत्र का पहला चरण समाप्त

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस सदस्य रजनी पाटिल का निलंबन वापस लेने, नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे सहित कुछ विपक्षी सदस्यों के भाषणों के अंशों को सदन की कार्यवाही से हटाने और अडाणी समूह से जुड़े मामले की जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति गठित करने की मांग को लेकर विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण राज्यसभा की कार्यवाही सोमवार को एक बार के स्थगन के बाद 13 मार्च तक के लिए स्थगित कर दी गई।

बजट सत्र का दूसरा चरण 13 मार्च से शुरू होगा। सुबह सदन की कार्यवाही आरंभ होते ही सभापति जगदीप धनखड़ ने आवश्यक दस्तावेज सदन के पटल पर रखवाए और उसके बाद नियम 267 के तहत प्राप्त दो नोटिस अस्वीकार कर दिए। उन्होंने कहा कि नियम 267 के तहत उन्हें आम आदमी पार्टी के संजय सिंह और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के संदोष कुमार के पी के नोटिस मिले हैं लेकिन दोनों ही नोटिस नियमों के अनुरूप नहीं है इसलिए उन्हें अस्वीकार किया जाता है। सभापति ने इस बात पर भी आपत्ति जताई कि संजय सिंह ने सदन में अभी तक सात नोटिस दिए हैं और सभी सातों के विषय वस्तु एक जैसी हैं, बस उनकी तारीख बदल दी जाती है। उन्होंने कहा कि नोटिस के बारे में बार-बार सदस्यों को आगाह किए जाने के बावजूद वे गलतियों को दोहरा रहे हैं। इसके बाद विपक्षी सदस्य अपने स्थानों से नारेबाजी करने लगे। संजय सिंह ने आसन से आग्रह किया कि वे विपक्ष के नेता को बोलने का मौका दें लेकिन सभापति ने शून्यकाल शुरु करवाने का निर्देश दिया।




### 14 फरवरी : प्रेमी जोड़ो का दिन

### देश भर में सात फरवरी से 14 फरवरी तक मनाया जाता है वेलेंटाइन डे

# फीलिंग्स को कंट्रोल में रखें कर मनाएं वेलेंटाइन-डे, वरना हो सकती है कार्रवाई

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़

सात फरवरी से शुरू हुआ वैलेंटाइन वीक का खास दिन यानी वेलेंटाइन डे (14 फरवरी) होता है, जिसका हर 'प्रेमी जोड़े' को बेसब्री से इंतजार रहता है। कल यह खास दिन यानी वेलेंटाइन डे है। निश्चित ही कल इसकी धूम देखने-सुनने को मिलेगी, तो इस बात से भी इंकार नहीं किया जा सकता है कि यह दिन कहीं-कहीं जोर जबर्दस्ती और फूहड़ता की हदें भी पार करता हुआ दिख जाता है। कहीं ऐसा होता है तो उत्तर प्रदेश पुलिस ऐसे लोगों खासकर युवाओं के ऊपर गिद्ध दृष्टि रखे हुए है। पुलिस ने चेतावनी भी जारी कर दी है सार्वजनिक स्थानों पर वेलेंटाइन डे की आड़ में कोई अश्लीलता में लिप्त मिला तो पुलिस उससे अपने हिसाब से निपटेगी, तो चर्चा इस बात की भी जरूरी है कि कुछ ऐसे संगठन जो वेलेंटाइन डे को भारतीय संस्कृति पर काला धब्बा मानते हैं, वह भी कथित रूप से वेलेंटाइन डे मनाने वाले कुछ जोड़ों के खिलाफ सोशल पुलिसिंग करते हुए मिल सकते हैं। यूपी के मुजफ्फरनगर में अखिल भारतीय हिंदू महासभा ने वैलेंटाइन डे मनाने वाले युवाओं को चेतावनी दी है। हिंदू महासभा की तरफ से कहा गया है कि जो भी जोड़ा होटल-रेस्टोरेंट में अश्लील हरकत करता हुआ पकड़ा जाएगा उसकी सेवा लठ्ठ से की जाएगी। यहां रविवार को अखिल भारत हिंदू महासभा के कार्यकर्ताओं ने सड़क पर उतर कर वैलेंटाइन डे का विरोध करते हुए वैलेंटाइन डे कार्डो को जलाकर प्रदर्शन किया। कुछ दिन पहले भी अखिल भारत हिंदू महासभा के कार्यकर्ताओं द्वारा लठ्ठ पूजन के कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। उधर, यूपी पुलिस की नजर अश्लील हरकत करने वाले युवक-युवतियों सहित इसका विरोध करने वाले सभी संगठनों पर भी रहेगी। कोई भी व्यक्ति या संगठन कानून अपने हाथ में लेने की कोशिश करेगा तो उस पर नकेल कसा जाना तय है। पाश्चात्य सभ्यता से हिन्दुस्तान की सरहदों में प्रवेश करने वाले वेलेंटाइन डे को हमारे यहां के बिजनेसमैनों ने भी खूब पालापोसा है, क्योंकि वेलेंटाइन डे इनके लिए अपनी तिजोरी भरने का बड़ा माध्यम है। बहरहाल, इस दिन के कार्यक्रम की बात की जाए तो वेलेंटाइन डे पर कपल अपने प्यार का इजहार करने के लिए घूमने-फिरने के अलावा लंच-डिनर पर भी जाते हैं। कपल रोमांटिक डेट पर जाते हैं या कुछ शांत जगहों पर जाकर एक-दूसरे से प्यार-मोहब्बत की बातें करते हैं। कई बार कपल्स को पब्लिक प्लेस पर गलत हरकत करने पर लोगों के गुस्से का भी शिकार होना पड़ता है। ऐसे मामलों में कई बार बात इतनी ज्यादा बढ़ जाती है कि कपल्स के साथ मारपीट तक हो जाती है। ऐसे में, अगर आप कपल हैं तो आपके लिए यह जानना बहुत जरूरी है कि आपको कहां क्या नहीं करना है। अगर आप अपने प्रेमी या प्रेमिका को किसी भी पब्लिक प्लेस पर किस करते हैं तो यह आपको भारी पड़ सकता है। ऐसा करने के लिए आपको जेल की हवा भी खानी पड़ सकती है। दरअसल, भारतीय दंड संहिता की धारा 294 में प्रावधान है कि यदि कोई पुरुष या महिला किसी सार्वजनिक स्थान पर किसी भी तरह का अश्लील कार्य करता है, तो उसके खिलाफ पुलिस कानूनी कार्यवाही कर सकती है। अगर आप रेलवे स्टेशन, मेट्रो स्टेशन, बाजार, स्कूल या फिर किसी भी पब्लिक प्लेस पर अपनी प्रेमिका या अपने प्रेमी या फिर अपने पति या पत्नी को किस भी करते हैं तो पुलिस इसको अश्लील बताकर आपको गिरफ्तार कर सकती है।



# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दिए वनाधिकार प्रपत्र



**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**

राजभवन के गांधी सभागार में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 'बुक्सा' जनजातीय समूह के प्रतिनिधियों को वनाधिकार पट्टा अभिलेख प्रपत्र प्रदान दिए है। कार्यक्रम में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने राष्ट्रपति को स्मृति चिह्न भेंटकर स्वागत किया। राष्ट्रपति ने जनजातीय समूह से संवाद करते हुए, कहा कि उत्तर प्रदेश की जनता में जनजातीय समूहों को विकास की सर्वाधिक आवश्यकता है। प्रदेश सरकार द्वारा जनजातीय समूहों के विकास हेतु कार्य किए जा रहे है। वहीं समारोह में आये 'बुक्सा' जनजातीय समूह के प्रतिभागियों को विकास के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि सबके साथ कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ें। सभी के लिए शिक्षा बहुत जरूरी है। बेटा हो बेटी-सभी पढे। राष्ट्रपति ने जनजातीयसमूहों को नई तकनीक से जोड़ने, सरकार की आवास योजनाओं के तहत आवास प्रदान करवाने, जनजातीय क्षेत्रों के निकट विद्यालयों को बनवाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

# यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के अंतर्गत दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग ने लगाया स्टाल

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**

यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के अंतर्गत दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित संस्थाओं, यूनिवर्सिटी का स्टॉल लगाया गया। स्टॉल में दिव्यांग बच्चों ने अपनी प्रतिभा का हुनर दिखाते हुए बेकार के सामानों से कुछ क्रिएटिव और उपयोगी वस्तुएं बनाई। दिव्यांग बच्चों के द्वारा बनाई गई वस्तुओं की प्रशंसा स्टाल में आने वाले लोगो के द्वारा की गई। प्रदेश के दिव्यांगजन सशक्तिकरण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप द्वारा दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के स्टाल में लगाई प्रदर्शनी को देखा। उन्होंने दिव्यांग बच्चों की हौशला अफ्जाई करते हुए उनके द्वारा बनाये गए सामानों की बधाई दी। स्टाल मे दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यकलापों की जानकारी प्रदान की गई। विभागीय संस्थाओं के अंतर्गत राजकीय संकेत विद्यालय मोहान रोड लखनऊ, स्पर्श राजकीय दृष्टिबाधित इंटर कॉलेज एवं बचपन डे केयर सेंटर लखनऊ के द्वारा स्टाल लगाए गए। दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा चलाई जा रही योजना




कोकलियर इंप्लांट्स सर्जरी की बचपन डे केयर सेंटर लखनऊ द्वारा विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। राजकीय संकेत विद्यालय के छात्रों द्वारा निष्क्रिय वस्तुओं से बनाए गए सामान को प्रदर्शित किया गया। दृष्टिबाधित छात्र सुंदरम द्वारा ब्रेल लिपि में रामचरितमानस को पढ़कर सुनाया गया एवं विभिन्न प्रकार के गीत गाकर सुनाए गए। डॉ शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय द्वारा संचालित कृत्रिम अंग एवं पुनर्वास केंद्र द्वारा स्टॉल लगाया गया। जिसमें दिव्यांग पुनर्वास के क्षेत्र में दी जाने वाली सेवाओं यथा कृत्रिम पैर, कॉस्मेटिक हाथ, स्प्लिंट तथा कैलिपर आदि तथा अनुसंधान के बारे में आगंतुकों को जानकारी प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त स्टाल में कंप्यूटराइज थ्री डी फुट स्कैनर के द्वारा आगंतुकों का फुट प्रेशर मैपिंग करते हुए स्वास्थ्य वर्धक जानकारी दी गई।

## कांग्रेस मुख्यालय में मनाई गई सरोजिनी नायडू की जयंती

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**

उत्तर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानीसरोजिनी नायडू की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर उनके चित्र पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व सांसद बृजलाल खाबरी तथा उपस्थित कांग्रेसजनों ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। ज्ञात हो कि 13 फरवरी 1879 को श्रीमती नायडू का जन्म हैदराबाद में हुआ था।अपने संबोधन में श्री खाबरी ने कहा कि श्रीमती सरोजिनी नायडू जी 1914 में पहली बार इंग्लैंड में गांधी जी से मिली उनके विचारों से प्रभावित होकर देश के लिए समर्पित हो गई। अनेक राष्ट्रीय आंदोलनों का नेतृत्व करते हुए जेल की यातना भी झेली। 1925 में कानपुर अधिवेशन में वह भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की अध्यक्ष बनी। वर्ष 1932 में दक्षिण अफ्रीका में भारत का प्रतिनिधित्व किया। उत्तर प्रदेश की पहली राज्यपाल बनने का गौरव श्रीमती नायडू को मिला। इसी क्रम में आज महिला दिवस के अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष श्री खाबरी ने उपस्थित महिलाओं को सम्मान स्वरूप पेन भेंट किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस प्रदेश महासचिव सुबोध श्रीवास्तव, मीडिया संयोजक अशोक सिंह, प्रदेश प्रवक्ता कृष्णकांत पाण्डेय, विकास श्रीवास्तव, विशाल लोधी राजपूत, बृजेंद्र सिंह, सुभाष मिश्र, संजय शर्मा, विक्रम पांडे, सुशीला शर्मा, सिद्धि श्री, अयूब सिद्दीकी, डॉक्टर रेहान अहमद खान, अनुराग दिक्षित मुन्ना, राकेश पांडे, रंजीत यादव, नसीम सिद्दीकी पंडित, केडी शुक्ला, सुशील कुमार बाल्मीकि, अमित श्रीवास्तव त्यागी, विनोद मिश्रा, डॉ सुधा मिश्रा, डॉ रिचा शर्मा, के.के. शुक्ला, रुबीना रईस, अनंता तिवारी, हनीफ खान, तनवीर फातिमा सहित सैकड़ों कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### ईपीएस-95 पेंशनरों के विकल्प पत्र भरने हेतु लगेगा कैंप

**लखनऊ** । सुप्रीम कोर्ट एवं ईपीएफओ द्वारा उच्च पेंशन के संयुक्त विकल्प भरने की अंतिम तिथि 3 मार्च निर्धारित की गई है।ईपीएस-95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति द्वारा देशभर में शिविर लगाकर विकल्प पत्र भरने में पेंशनरों की सहायता की जा रही है।इसी क्रम में 14 फरवरी को परिषद कार्यालय चारबाग बस स्टेशन लखनऊ में कैम्प लगाया जाएगा।जिसमें लखनऊ और आसपास के जिलों के सार्वजनिक एवं निजी संस्थानों के पेंशनर के लिए विकल्प पत्र उपलब्ध कराने एवं उसको भरवाने में सहायता प्रदान की जाएगी।ताकि अंतिम तिथि पूर्व सभी सेवानिवृत्त कर्मी विकल्प पत्र भरकर ईपीएफओ भेज सकें।

### विश्व रेडियो दिवस पर पत्रकारिता में करियर के अवसरों पर व्याख्यान का हुआ आयोजन

**लखनऊ**।विश्व रेडियो दिवस के उपलक्ष्य में, पत्रकारिता और जनसंचार विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा पत्रकारिता के समकालीन युग में कैरियर के अवसरष् पर एक अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया।दूरदर्शन में सहायक निदेशक आत्म प्रकाश मिश्रा इस दिन के अतिथि वक्ता थे।कार्यक्रम की शुरुआत पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के प्रोफेसर डॉ. मुकुल श्रीवास्तव ने की।वहीं आत्मप्रकाश मिश्रा ने अपने अनुभव साझा करते हुए, पत्रकारिता के क्षेत्र में काम करने के लिए छात्रों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने इस क्षेत्र में अच्छे संचार के महत्व के बारे में बताया कि कैसें संचार वह आधार रेखा है जो अन्य सभी क्षेत्रों को संबद्ध रखता है। उन्होंने आगे एक अच्छी पटकथा लिखनें के लिए आवश्यक गुणों के साथ-साथ मंच संचालन के बारे में भी बताया जिससे छात्रों को समान रूप से लाभ हुआ। अपने अनुभव को विस्तार से बताते हुए उन्होंने छात्रों को पेशेवर जीवन में अच्छी तरह से काम करने के लिए भौतिक भागफल, बुद्धि भागफल, भावनात्मक भागफल और आध्यात्मिक भागफल जैसे विभिन्न पहलुओं का ध्यान रखने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में आमंत्रित अतिथि को सुरभि यादव सहायक प्राध्यापक ने स्मृति चिन्ह भेंट किया।

### अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के मैकेनिकल इंजीनियरिंग के छात्र का डीआरडीओ के शोध विंग में हुआ चयन

**लखनऊ** ।लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के मैकेनिकल इंजीनियरिंग के अंतिम वर्ष में अध्ययनरत छात्र अरुण गुप्ता ने सीईपीटीएएम परीक्षा में सफलता हासिल की। परीक्षा उत्तीर्ण करने के फलस्वरुप इनका चयन डीआरडीओ के आर एंड डी विभाग में वरिष्ठ तकनीकी सहायक के पद पर हुआ। विभाग के इंचार्ज ने बताया कि अरुण एक होनहार छात्र है। उसने विश्वविद्यालय की गत वर्ष की परीक्षा में भी टॉप किया हैस विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने छात्र को बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। संकाय के डीन प्रोफेसर ए.के. सिंह, विभाग के इंचार्ज डॉ. कमलेश तिवारी एवं शिक्षक डॉ. राजेंद्र बहादुर, इंजी. संदीप गुप्ता और इंजी. प्रशांत कुमार सिंह ने पुष्पगुच्छ देकर छात्र को उसकी सफलता पर बधाई दी।

### बीमा कम्पनी कार्यालय पर संयुक्त मोर्चा के प्रदर्शन आज होगा देश व्यापी प्रदर्शन

**लखनऊ** ।साधारण बीमा कंपनी के कार्यालय पर संयुक्त मोर्चा के तत्वावधान में लखनऊ के यूनाइटेड इंडिया, इंश्योरेंस नेशनल इंश्योरेंस तथा ओरिएंटल इंश्योरेंस के क्षेत्रीय कार्यालयों पर विरोध प्रदर्शन किया गया। मोर्चा की ओर से विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलन किया गया। मोर्चे के पदाधिकारी जीएस सिंह ने कहा कि यूनियनों के सुझाव एवं विचार के बिना ही संगठन का पुनर्गठन तथा एकतरफा पायलट पर आधार कार्यान्वयन किया जा रहा है। सभी बीमा कंपनियों ने छूट की समान दर के साथ मोटर व्यवसाय में एसआईपी उत्पादन का क्रियान्वयन इससे आने वाले दिनों में प्रीमियम में घाटा हो सकता है। एनपीएस व परिवार पेंशन में संशोधन एवं अन्य मुद्दे लंबित है। उन्होंने कहा कि यह गंभीर चिंता का विषय है कि धारा 33 ए लागू होने के कारण के पी आई और पुनर्गठन के संबंध में केंद्रीय श्रम आयोग के समक्ष अवलोकन किया जा रहा है लेकिन डीएफएस के दबाव में जिप्सा प्रबंधन धारा 33 ए का उल्लंघन कर रहा है ,इसलिए समस्त यूनियन प्रदर्शन को मजबूर हैं और कल 14 फरवरी को भी भारतवर्ष के इंश्योरेंस के कार्यालय पर प्रदर्शन का आयोजन किया जाएगा। प्रदर्शन में मुख्य रूप से जी सिंह विजय मिश्रा मनीष सिंह संजीव शर्मा अमर शर्मा अनिल वर्मा अब्दुल नईम संजय मित्रा संजय श्रीवास्तव एच एन तिवारी हरीश उपाध्याय आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

### कांग्रेस के व्यापार प्रकोष्ठ ने किया निशुल्क जांच शिविर का आयोजन

**लखनऊ** । यूपी कांग्रेस कमेटी के व्यापार प्रकोष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष समीर श्रीवास्तव के संयोजकत्व में फौजी नेत्र चिकित्सालय द्वारा विद्यावती वार्ड दितीय के महाकालेश्वर मंदिर में निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। निशुल्क जांच केंद्र शिविर का उद्घाटन यूपी कांग्रेस के कोषाध्यक्ष शिव पांडे ने आमजन को समर्पित करते हुए कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है। कांग्रेस नर सेवा के माध्यम से आम जनता के बीच में अपनी बात रख रही है और लोगों तक पहुंचकर उनकी सेवा के लिए इस तरीके के कैंप आयोजित करेगी। आयोजक समीर श्रीवास्तव ने बताया कि शहर के लगभग 110 वार्डो में इसी प्रकार के चिकित्सा शिविर आयोजित किए जाएंगे। कांग्रेस लखनऊ के विभिन्न इलाकों में इस प्रकार के शिविरों के माध्यम से आम जनता तक कांग्रेस के विचारों को पहुंचाएगी और जन सेवा के माध्यम से नर सेवा करेगी। आज सोमवार को महाकालेश्वर महादेवधाम मंदिर परिसर में आयोजित इस निशुल्क जांच केंद्र में सुबह से लेकर शाम तक लगभग डेढ़ सौ लोगों ने आंखों की एवं डायबिटीज आदि रोगों की जांच कराई। इस दौरान कांग्रेस नेता समीर श्रीवास्तव ने बताया कि लगभग 70 लोगों को निशुल्क आंख के चश्मे उनकी जांच के उपरांत प्रदान किए गए। वही शुगर आदि की जांच के बाद मरीजों को निशुल्क चिकित्सकीय परामर्श देकर दवाएं भी वितरित की गई। जांच केंद्र में बच्चे बूढ़े एवं महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी की एवं कांग्रेस द्वारा किए गए इस आयोजन की जमकर प्रशंसा भी की। इस शिविर में रुद्र दमन सिंह उर्फ बबलू, कांग्रेस प्रवक्ता संजय सिंह कांग्रेस नेत्री शिप्रा अवस्थी,अजमत अली, मेहताब जायसी आदि कई कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### इन्वेस्टर्स समिट जनता के साथ धोखा: खाबरी

**लखनऊ** ।उत्तर प्रदेश सरकार का बहुप्रचारित ''ग्लोबल इवेंट समिट'' संपन्न हुआ। जनता की गाढ़ी कमाई का करोड़ों रूपया पानी की तरह बहा दिया गया। सरकार की तुगलकी नीति उत्तर प्रदेश की जनता को बदहाल करने के लिए काफी है। यह इन्वेस्टर्स समिट जनता के साथ धोखा है। सरकार की हालत ''अपने मुंह मियां मिट्ठू होने'' जैसी हो गई है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व सांसद बृजलाल खाबरी ने कहा कि सरकार का कहना है कि 35 लाख 50 हजार करोड़ के निवेश का प्रस्ताव आया है, जिसमें अकेले ललितपुर में 32 हजार करोड़ का प्रस्ताव है साथ ही प्रदेश के सभी जनपदों में कुछ न कुछ निवेश के प्रस्ताव आयें हैं। जबकि इसके पहले उत्तर प्रदेश की योगी सरकार में तीन बार इस तरह की इन्वेस्टर्स समिट हो चुकी हैं। श्री खाबरी ने आगे कहा कि फरवरी 2018 में 4 लाख 28 हजार करोड़ रूपये के लगभग एक हजार कंपनियों के साथ निवेश का एमओयू साइन हुआ था। कितनी कंपनियां जमीन पर आई उसका ब्यौरा अभी तक नहीं मिल पाया है।

# आदर्श व्यापार मंडल ने तकरोही बाजार में आयोजित हुआ क्षेत्रीय व्यापारी सम्मेलन

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**

उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल ने तकरोहीं बाजार में क्षेत्रीय व्यापारी सम्मेलन का आयोजन हुआ। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रुप में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता मौजूद रहे। क्षेत्रीय व्यापारी सम्मेलन में तकरोही बाजार एवं उसके आसपास की बाजारो के व्यापारी भारी संख्या में शामिल हुए। तकरोही मार्केट के अध्यक्ष कुलदीप यादव एवं महामंत्री जितेंद्र सिंह ने सम्मेलन में तकरोही बाजार की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया तकरोही अध्यक्ष कुलदीप यादव ने बाजारों में लगातार कम हो रहे, ग्राहको के विषय पर चिंता जताई। बैंकों के बढ़े हुए ब्याज, नगर निगम द्वारा दुकानों को सुबह-सुबह सील किए जाने का मुद्दा उठाया। बाजार में पुलिस गश्त बढ़ाए जाने की आवश्यकता पर जोर दिया। महिला इकाई की अध्यक्ष अंजलि मौर्या ने तकरोही बाजार में महिला व्यापारियों एवं महिला ग्राहकों हेतु पिंक टॉयलेट की कमी का मुद्दा उठाया गया। प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कहा व्यापारियों का उत्पीड़न किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विदेशी ई-कॉमर्स कंपनियों के कारण तथा राजधानी में मॉल कल्चर बढ़ने के कारण परंपरागत बाजारों से ग्राहक कम हो रहे हैं। उन्होंने व्यापार बढ़ाने का गुर सिखाते हुए व्यापारियों से कहा कि परंपरागत व्यापारियों को एकजुट होकर सामूहिक रूप से अपनी बाजारों में महोत्सव का वातावरण बनाना होगा। व्यापारिक स्थल को स्वच्छ एवं भव्य बनाना होगा। ताकि अधिक से अधिक ग्राहक पारंपरिक बाजारों में आए साथ ही साथ परंपरागत व्यापारियों को भी ई-कॉमर्स के प्लेटफार्म पर अपने साधनों से आना होगा। बैंकों से ऋण के रूप में आसानी से क्रियाशील पूंजी पाने के लिए व्यापारियों को अधिक से अधिक व्यापार बैंक के माध्यम से करना चाहिए। इस अवसर पर तकरोही बाजार के पदाधिकारी हरि शंकर श्रीवास्तव, सुंदर यादव, ओम प्रकाश पाल, मोहम्मद मोईद, विशाल राजपूत ,प्रदीप राजपूत, विपिन अग्रवाल ,अब्दुल लतीफ ,मोहम्मद इमरान, आकाश सोनी, महेंद्र सोनी, जय नारायन सोनी, रामखेलावन राजपूत, डब्बू यादव, वृधी सिंह चौहान, राजा भैया ,शैलेंद्र यादव, लक्ष्मण दोहेरे, सहित भारी संख्या में व्यापारी शामिल रहे।




# फिजी में होने वाले विश्व हिन्दी सम्मेलन में सरकारी प्रतिनिधि के रूप में शामिल होंगे डॉ. सूर्यकान्त

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**

12वाँ विश्व हिन्दी सम्मेलन 15 से 17 फरवरी तक नांदी (फिजी) में आयोजित किया जा रहा है। इसका मुख्य विषय ऽहिन्दी-पारंपरिक ज्ञान से कृत्रिम मेधा तकऽ रखा गया है। केजीएमयू, लखनऊ के डॉ. सूर्यकान्त द्वारा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में हिन्दी भाषा को समृद्ध करने के लिए उल्लेखनीय योगदान दिया गया है। इसे देखते हुए भारत सरकार ने डॉ. सूर्यकान्त को विश्व हिन्दी सम्मेलन में प्रतिभाग करने के लिए भारतीय प्रतिनिधि मण्डल के सदस्य के रूप में आमंत्रित किया है। डॉ. सूर्यकान्त को उनके द्वारा चिकित्सा क्षेत्र में हिन्दी भाषा को ब ?ावा देने के लिए पहले भी मॉरीशस में हुए विश्व हिन्दी सम्मेलन (18 से 20 अगस्त 2018) में भारत के सरकारी प्रतिनिधि के रूप में शामिल होने का



गौरव प्राप्त हो चुका है। केजीएमयू व देश के इतिहास में डॉ. सूर्यकान्त पहले चिकित्सक हैं, जिन्होंने किसी भी विश्व हिन्दी सम्मेलन में सरकारी प्रतिनिधि के रूप में प्रतिभाग किया। डॉ. सूर्यकान्त ने अपना चिकित्सकीय एम.डी. शोध प्रबंध वर्ष 1991 में ऽक्षय रोगों की अल्पावधि रसायन चिकित्सा में सह औषधियों की भूमिकाऽ हिंदी भाषा में लिखकर किंग जॉर्ज मेडिकल कालेज में हिन्दी भाषा के स्थापन व प्रसार में एक नवीन इतिहास व कीर्तिमान स्थापित कर दिया था। उनको हिंदी में शोध प्रबंध जमा करने की अनुमति एक वर्ष के सतत संघर्ष के बाद उप्र विधानसभा के ऐतिहासिक प्रस्ताव (दिनांक 14/08/1991) द्वारा मिली थी। इस हिन्दी में लिखी एम.डी. शोध प्रबन्ध के पश्चात एम.डी. की परीक्षा में सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी होने का स्वर्णपदक भी डॉ. सूर्यकान्त को प्राप्त हुआ। इसके साथ ही एक चिकित्सकीय वैज्ञानिक पत्रिका में हिन्दी में सम्पादकीय लेख का श्रेय भी डॉ. सूर्यकान्त को जाता है। उन्हें इंडिया टुडे द्वारा प्रकाशित कॉफी टेबल बुक 2022 में भारत के प्रसिद्ध शीर्ष 58 लोगों में शामिल किया गया है जो भारत के विभिन्न क्षेत्रों और स्थानों में काम कर रहे हैं। डॉ. सूर्यकान्त को हाल ही में विश्व के सर्वोच्च दो प्रतिशत वैज्ञानिकों की श्रेणी में भी स्थान प्राप्त हुआ है।

# सनातन धर्म करोड़ों वर्ष पुराना: नन्द किशोर गुर्जर

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**

जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने के बयान को लेकर हिन्दू संगठन और बीजेपी नेता विरोध कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश के जिला गाजियाबाद लोनी विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने इसे लेकर कड़ी नाराजगी जताई है।

उन्होंने कहा कि देवबंद दारुल उलूम जमीयत उलेमा ए हिंद के अध्यक्ष अरशद मदनी को मालूम होना चाहिए कि सनातन धर्म करोड़ों वर्ष पुराना है और इस्लाम धर्म महज 14000 साल पुराना है। वह खुद इतिहास के छात्र रहे हैं। वह इतिहास के बारे में भली-भांति जानते हैं। उन्होंने कहा कि अरशद मदनी के सामने वह खुलेआम बैठकर इस पर बहस के लिए तैयार हैं। नंदकिशोर गुर्जर ने कहा कि मदनी कागजों के आधार पर वह बयान दे रहे हैं। मैं भी उनके सामने प्रमाण के साथ सनातन

**अपने बयान वापस ले मदनी**

के धर्म पर बहस करेंगे। भाजपा विधायक ने कहा कि यदि हमारी बात सही निकले तो फिर हमारा साथ देते हुए अन्य लोगों को भी संदेश दें और यदि उनकी बात सही निकली तो मैं उनकी बात मानने के लिए तैयार हूं। इतना ही नहीं भाजपा विधायक ने इन सब बातों का जिक्र करते हुए अरशद मदनी को पत्र लिखा है।भाजपा विधायक ने कहा कि जिस तरह का बयान रामलीला मैदान में उनकी तरफ से दिया गया। वह उनके अधूरे ज्ञान और अल्प जानकारी व मतिभ्रम के कारण दिया गया है।

क्योंकि उनके द्वारा दिया गया बयान पूरी तरह से निराधार और गलत है। हमारा इतिहास गवाह है कि सनातन धर्म की शुरू से ही उत्पत्ति हुई और बाद में करीब 14 साल पहले अलग-अलग पदों में विभाजित हुआ। नंदकिशोर गुर्जर ने कहा है कि निश्चित तौर पर अरशद मदनी को अपने बयान को वापस लेते हुए इसका खंडन करना चाहिए। या फिर इस्लामिक स्कॉलरों के साथ आकर मेरे साथ शरतार्थ कर वह इस बात को साबित कर दिखाएं। जमीयत उलेमा-ए-हिंद एएम समूह के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने प्रसिद्ध जैन मुनि आचार्य लोकेश मुनि की मौजूदगी में ओम और अल्लाह तथा मनु और पैगंबर आदम को एक बताते हुए रविवार को दावा किया कि बहुसंख्यक समाज के पूर्वज हिंदू नहीं थे, बल्कि मनु थे, जो एक ओम यानी अल्लाह की इबादत करने वाले थे। आरएसएस के प्रमुख मोहन भागवत के घर वापसी संबंधी बयान पर मदनी ने कहा कि इस्लाम भारत के लिए कोई नया मजहब नहीं है, बल्कि अल्लाह ने पैगंबर आदम यानी मनु को यहीं उतारा, उनकी पत्नी हव्वा को उतारा, जिन्हें वे हमवती कहते हैं और वे सारे नबियों, मुसलमानों, हिंदुओं, ईसाइयों के पूर्वज हैं।

## कुमाऊँनी काव्य संग्रह 'म्येरि पछ्याण' का संगीतमय विमोचन तथा सम्मान समारोह

**लखनऊ समृद्धि न्यूज**। उत्तराखंड महापरिषद के 75वें स्थापना वर्ष समारोह के अंतर्गत संगीतज्ञ व कवि गिरीश चंद्र बहुगुणा, 'उत्तरांचली' द्वारा रचित कुमाऊँनी काव्य संग्रह 'म्येरि पछ्यांण' का विमोचन प्रसिद्ध साहित्यकार नवीन जोशी (मुख्य अतिथि) गोविंद पंत राजू (सभाध्यक्ष) पूर्णिमा पांडेय ( विशिष्ट अतिथि) तथा के एन चंदोला द्वारा स्व. मोहन सिंह बिष्ट सभागार, उत्तराखंड महापरिषद भवन, कुर्मांचल नगर में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि नवीन जोशी ने श्री बहुगुणा के काव्य संग्रह को उत्तराखंड की धरोहर कहा एवं सभा अध्यक्ष गोविंद पंत राजू ने इसे पहाड़ की 'लघुकथा भंडार' कहा। विशिष्ट अतिथि डॉ. पूर्णिमा पांडेय ने गिरीश बहुगुणा को संगीत एवं काव्य का संयुक्त प्रहरी बताया। काव्य संग्रह की समीक्षा में पूर्व वित्त कमिश्नर हरीशचंद्र पंत ने इसे पहाड़ का एनसाइक्लोपीडिया (लघुकोश) बताया एवं कवि घनानंद पांडेय 'मेघ' ने इसे 'पहाड़ के धरोहर' की संज्ञा दी तथा ललित सिंह पोखरिया एवं डॉ. गोविंद पंत राजू ने इसे उत्तराचंलवासियों के लिये बहुमूल्य साहित्य बताया। प्रारम्भ में कवि गिरीश बहुगुणा एवं सुश्री भाविनी बहुगुणा ने सरस्वती वंदना 'हे वीणा वादिनी हे शारदे मां ... विलंबित ताल में प्रस्तुत किया फिर 'जै हो भूमि उत्तराखंड' एवं 'बार पाटेकि घाघेरी व श्रिमझिमाश् तथा 'केले बजे मूरुली' गीत प्रस्तुत किया। मोहन सिंह ने हुडुके पर संगत की जिसे दर्शकों ने बहुत पसंद किया। इस अवसर पर गणेश जोशी (अध्यक्ष, पर्वतीय महापरिषद) टी.एस.मनराल, हरीश पंत (अध्यक्ष, उत्तराखंड महापरिषद), भरत सिंह बिष्ट (महासचिव) को उनके समाज सेवा में योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में त्रिलोक जोशी एवं मंगल सिंह उतराखंडी, कवि ज्ञान पंत, विक्रम बिष्ट (अध्यक्ष मुनाल) विशेष रूप से उपस्थित रहे। संचालन श्री पूरन सिंह जीना एवं नारायण पाठक ने किया। अंत में सभी दर्शकों को 24 घंटे ऑक्सीजन देने वाले 'स्नेक प्लांट के गमले' भेंट किये गये तथा धन्यवाद ज्ञापन भरत सिंह बिष्ट ने किया।

# मेदांता अस्पताल द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मिर्गी दिवस पर स्टिग्मा इन एपिलेप्सी सत्र आयोजित किया गया

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**

राजधानी स्थित मेदांता अस्पताल चिकित्सा उपचार और रोग के प्रति जागरूकता के मामले में लगातार एक उच्च मानक स्थापित करता आ रहा है। एपिलेप्सी की बात की जाए तो यह मूल रूप से एक न्यूरोलॉजिकल डिसऑर्डर है, जिसमें मस्तिष्क की गतिविधि असामान्य हो जाती है जिससे बार-बार अकारण ही अतिसंवेदनशील दौरे पड़ने लगते हैं। मिर्गी के प्रति जागरूकता और उपचार में प्रगति के बावजूद, इस विकार से पीड़ित लोगों को नकारात्मक दृष्टि से देखा जाता है, जिससे उनके लिए एक मनोवैज्ञानिक संकट पैदा होता है, जो उनके जीवन की गुणवत्ता को प्रभावित करता है।सत्र इस रोग को कलंक के रूप में देखने और इसके नकारात्मक प्रभाव के असर को समझने के लिए समर्पित था। सत्र में इस बात पर विस्तृत चर्चा हुई कि कैसे मिर्गी को भारत में अक्सर पूर्वाग्रह और तिरस्कार के साथ देखा जाता है।इसे आगे बढ़ाते हुए डॉ. ए.के. ठाकर, डायरेक्टर न्यूरोलॉजी ने कहा, मिर्गी एक सामान्य स्थिति है जो 10 मिलियन लोगों को प्रभावित करती है भारत में। यह 70 फीसद से अधिक को नियंत्रित करने वाली चिकित्सा उपचार के साथ एक उपचार योग्य



स्थिति है। इसके बावजूद मिर्गी मिथकों, अज्ञानता, गलतफहमियों के चलते एक बड़े सामाजिक कलंक के रूप में देखा जाता है। यह बीमारी से भी ज्यादा दर्दनाक स्थिति होती है। इसलिए इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय मिर्गी दिवस का विषय स्टिग्मा इन एपिलेप्सी है। मिथकों के बारे में जागरूकता फैलाने और इसके उन्मूलन करने की तत्काल आवश्यकता है, ताकि मिर्गी से पीड़ित व्यक्ति स्वयं को एक सामान्य व्यक्ति की तरह देख सकें। मिर्गी और इससे जुड़ी भ्रांतियों क्व विषय में अधिक जानकारी देते हुए, न्यूरोलॉजी के एसोसिएट डायरेक्टर डॉ. ऋत्विज बिहारी ने कहा, मिर्गी को दवाओं, सर्जरी या चिकित्सा उपकरणों से नियंत्रित किया जा सकता है। मिर्गी से पीड़ति लोग सामान्य जीवन जी सकते हैं। मिर्गी के बारे में कलंक या मिथकों से बचने के लिए और लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए हमें इसके बारे में ज्ञान का प्रसार करना चाहिए।सत्र का लक्ष्य मिर्गी के बारे में गलत धारणाओं और गलत समझ को दूर करना था, साथ ही मिर्गी से पीड़ित मरीजों को सम्मान से जीवन व्यतीत करने और उनका सम्मान के साथ इलाज के लिए जागरूकता पैदा करना था।

आज़ादी का अमृत महोत्सव

G20 भारत 2023 INDIA



UP GLOBAL INVESTORS SUMMIT

NEW INDIA'S GROWTH ENGINE

10-12 FEBRUARY, 2023 | LUCKNOW



# नए भारत का नया उत्तर प्रदेश



# रिकॉर्ड निवेश

## ₹ 33.50 लाख करोड़ से अधिक



माननीया राष्ट्रपति **श्रीमती द्रौपदी मुर्मु जी** की प्रेरणा एवं यशस्वी प्रधानमंत्री **श्री नरेन्द्र मोदी जी** के मार्गदर्शन में **यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023** का सफल आयोजन हुआ। इस आयोजन में राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय निवेशकों तथा अन्य गणमान्य महानुभावों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर उत्तर प्रदेश का मान बढ़ाया। इससे प्रदेश के औद्योगिक विकास को नयी गति मिलेगी और **सबका साथ-सबका विकास** का मंत्र साकार होगा।

**इसके लिए मैं माननीया राष्ट्रपति, माननीय प्रधानमंत्री, माननीय केन्द्रीय मंत्रियों, 40 देशों के प्रतिनिधियों, 10 कन्ट्री पार्टनर, वैश्विक निवेशक समुदाय, अपने मंत्रिमंडल के सहयोगियों, नीति निर्धारकों एवं प्रदेश की जनता के प्रति कृतज्ञ हूं।**

यह आयोजन उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को $1 ट्रिलियन इकोनॉमी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव साबित होगा। आदरणीय प्रधानमंत्री जी के विज़न **'रिफॉर्म-परफॉर्म-ट्रांसफॉर्म'** को आत्मसात करते हुए उत्तर प्रदेश में बेहतर कानून-व्यवस्था के साथ ही विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण हुआ है और निवेश के लिए अनुकूल वातावरण बना है।

अब उत्तर प्रदेश इन निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने के लिए पूरी तरह से तैयार है और इस दिशा में तीव्र गति से अग्रसर होगा।

## नए भारत के ग्रोथ इंजन की क्षमताओं में विश्वास व्यक्त करने के लिए

# आभार

**- योगी आदित्यनाथ**
**मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश**



## करके दिखाए जो, डबल इंजन की सरकार है वो

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

इन्वेस्ट यूपी

# बहन के सामने भाई को उतारा मौत के घाट

- 12 वर्षीय किशोर की कुल्हाड़ी से काटकर की गयी निर्मम हत्या
- बड़ी बहन के साथ घर पर अकेले था प्रांशु
- रात में घर के पीछे से दीवार गिरा कर घर में घुसे अपराधी घटना को दिया अंजाम



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

घर में सो रहे एक नाबालिग युवक की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक सहित फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और आवश्यक साक्ष्य जुटाए। प्रेम प्रसंग के मामले को लेकर हत्या की बात सामने आ रही है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर कार्रवाई में जुट गई है। भदोखर थाना क्षेत्र के गोस्वापुर गांव की घटना बताई जा रही है।

**अवैध संबंधों को लेकर की गई प्रांशु की हत्या लग रहे आरोप :** भदोखर थाना क्षेत्र के गोस्वापुर निवासी इंद्रपाल पासी का परिवार किसी कार्यक्रम में बाहर गया था। उसके घर में उसका नाबालिक बेटा प्रांशु और बेटी सो रहे थे। तभी घर के पीछे से कूदकर कोई व्यक्ति घर पहुंचा और सो रहे प्रांशु पर कुल्हाड़ियों से ताबड़तोड़ वार कर उसकी हत्या कर दी। घटना की सूचना पर पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची जांच पड़ताल के साथ जरूरी साक्ष्य भी टीम ने जुटाए। भदोखर पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

> भदोखर थाना क्षेत्र के गोस्वापुर गांव के रहने वाले इंद्रपाल पासी के बेटे प्रांशु का कमरे में शव मिला। जिसकी सूचना पर फॉरेंसिक टीम और पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल की। परिजनों की तहरीर पर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।
> आलोक प्रियदर्शी (पुलिस अधीक्षक, रायबरेली)

**...आखिर ऐसा क्या हुआ उस रात की बहन के सामने भाई की कर दी गई हत्या :** नाबालिक मृतक प्रांशु की मौत रहस्यमई घेरे में गिर चुकी है क्योंकि एक ही कमरे में भाई और बहन सो रहे थे तो आखिर कौन सी ऐसी घटना घटित हुई जिसमें भाई को ही मौत के घाट उतारा गया। विश्वस्त सूत्रों की माने तो युवती का किसी से प्रेम प्रसंग चल रहा था। हो सकता है प्रेमी के आने के बाद युवती का भाई प्रांशु जग गया हो और वह घटना की जानकारी देने की बात कहने लगा हो। मामला तूल न पकड़ पाए इसके लिए उसकी हत्या कर दी गई। फिलहाल पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी के निर्देश पर पुलिस टीमें जांच पड़ताल में जुट गई है। जांच के बाद ही हत्या की पूरी तस्वीर साफ हो पाएगी।

# गौशालाओं के निर्माण में तेजी लाने के निर्देश



**सलोन रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

गौशालाओं के निर्माण कार्य में तेजी लाने के लिए मुख्य विकास अधिकारी ने अधिकारियों के साथ बैठक कर दिशा निर्देश दिए। सलोन तहसील सभागार में मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव ने अधिकारियों के साथ एक बैठक की।जिसमें विकाखंड क्षेत्र के पशु चिकित्सा अधिकारी,खंड शिक्षा अधिकारी, नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी समेत अन्य विभागों के अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा क्षेत्र में प्रस्तावित गौशालाओं का निर्माण कार्य जल्द से जल्द शुरू कर दिया जाए।जमीन की उपलब्धता कराए जाने का तहसील प्रशासन को दिया गया हैं।गौशाला में रखे पशुओं को समय पर हरा चारा व स्वास्थ्य की अच्छे से देखभाल होना चाहिए।गौशाला के निर्माण कार्य में तेजी लाने व लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।इस मौके पर उप जिला अधिकारी शालिकराम,तहसीलदार रिचा सिंह समेत कई अधिकारी उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### फंदे से लटका मिला सफाई कर्मी का शव

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** शहर के मोहल्ला किशोरीखेड़ा गांव के रहने वाले सफाई कर्मी का सुबह घर के कमरे में फंदे पर लटकता मिला। घटना की जानकारी पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को फंदे से उतरवाकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। परिजन भी मौत के कारण नहीं बता पा रहे हैं। उनका रो-रोकर बुरा हाल है। किशोरीखेड़ा गांव के रहने वाले पवन यादव नगर पालिका परिषद में परमानेंट सफाई कर्मी के पद पर तैनात था। परिजनों के मुताबिक बीतीरात कब्बाखेड़ा गांव निवासी युवक की बारात में गया था। देररात घर लौटकर कमरे में टीवी देख रहा था। परिजन अलग-अलग कमरों में सो रहे थे। सुबह देर तक कमरे से बाहर न निकलने पर परिजन पहुंचे। तब उसका शव फंदे से लटकता देखा तो पैरो तले जमीन खिसक गई। पुलिस को सूचना दी। घटना की जानकारी दिए जाने के बाद भी पुलिस घंटों बाद मौके पर नही पहुंची। परिजनों ने पुलिस विभाग के उच्चाधिकारियों को मामले की जानकारी दी। उसके बाद चौकी इंचार्ज मौके पर पहुंचे और जांच कर आवश्यक कार्रवाई की। मौत को लेकर पत्नी सुनीता व मां शिवराजा तथा अविवाहित बहन रिचा और दो बच्चे सद्रोष व युवराज रो-रो कर बेहाल हैं। कचहरी में मुंशी रहे पिता कृष्णपाल की एक साल पहले मौत हो चुकी है। कोतवाली प्रभारी राजेश पाठक ने बताया कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का पता चल सकेगा।

### मामूली विवाद पर दबंगों ने सिपाही को बुरी तरह पीटा

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** जनपद मुख्यालय में स्थापित साइबर क्राइम सेल में तैनात एक सिपाही की गाड़ी का पहिया छू जाने को लेकर युवक से विवाद हो गया। युवक के पूरे परिवार ने मिलकर सिपाही की जमकर धुनाई कर दी। किसी तरह कोतवाली भागकर सिपाही ने अपनी जान बचाई। पीड़ित ने घटना की तहरीर कोतवाली पुलिस को दी है। सिपाही की तहरीर पर सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना सदर कोतवाली के सामने की है। बाराबंकी जनपद के सतरिख थाना क्षेत्र के बरौली गांव निवासी शमशुद्दीन वर्तमान में पुलिस की साइबर सेल में तैनात है। वह सदर कोतवाली के सामने गांधीनगर मोहल्ले में किराए के मकान में रहता है। सोमवार को दोपहर को खाना खाने के लिए बाइक से कमरे पर जा रहा था। इसी दौरान गली की मोड़ पर उसकी बाइक का पिछला पहिया छू जाने पर मोड़ पर ही रहने वाले अवधेश पुत्र श्रीराम से विवाद हो गया। गाली-गलौज से शुरू हुआ विवाद हाथापाई तक पहुंचा तो अवधेश के भाई राबिन, अमन, और परिवार के ही अंकित, अर्पित, वर्षा, गुड़िया सभी ने सिपाही को घेर लिया और उसकी जमकर धुनाई कर दी। सिपाही ने किसी तरह कोतवाली पहुंचकर अपनी जान बचाई। सिपाही से मारपीट की जानकारी पर जब अन्य सिपाही दौड़े तो आरोपी भाग खड़े हुए। पीड़ित सिपाही ने घटना की तहरीर कोतवाली पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग की। कोतवाल राजेश पाठक ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

### संदिग्ध परिस्थितियों में लगी आग से आधा दर्जन घर जले



**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के छतरापुर के मजरा कोलिया में आज दोपहर बाद अज्ञात कारण से अचानक एक घर के छप्पर में आग लग गई। ऊंची लपटें देखकर खेतों पर काम कर रहे किसान दौड़े और पंपिंग सेट के पानी से करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद बमुश्किल आग पर काबू पाया लेकिन तब तक छह घरों की करीब 5 लाख रुपए कीमत की गृहस्थी जलकर स्वाहा हो गई। त्वरित सूचना देने के बाद भी फायर ब्रिगेड समय से मौके पर नही पहुंच सकी। ग्राम कोलिया निवासी अधिकांश किसान आज सोमवार को खेतों पर काम कर रहे थे तभी दोपहर बाद अचानक अज्ञात कारणों से रामबाबू के घर के बाहर रखे छप्पर में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने प्रचंड रूप धारण कर लिया और घर में रखा अनाज, कपड़े, बिस्तर, चारपाई व बर्तन आदि गृहस्थी धूं-धूंकर जलने लगी। आग की ऊंची लपटें और धुँआ देखकर खेतों पर काम कर रहे किसान दौड़े। किसानों ने गांव के निकट स्थित खेत पर रखे पंपिंग सेट से पानी निकाला और बाल्टियों से पानी फेंक कर किसी तरह आग पर काबू पाया लेकिन तब तक पड़ोसी दशरथ, मुन्नीलाल, सेवाराम व रामसेवक सहित कुल 6 घरों की करीब 5 लाख रुपए की गृहस्थी जलकर खाक हो गई। आग लगने के समय ही सूचना देने के बावजूद फायर ब्रिगेड काफी देर से पहुंचा। ग्रामीणों द्वारा घटना की सूचना तहसील प्रशासन को दे दी गई है।

# न्यू स्टैण्डर्ड बालिका विद्या मन्दिर में मनाई गई सरोजिनी नायडू की जयंती



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज**

न्यू स्टैण्डर्ड बालिका विद्या मन्दिर रायबरेली में विख्यात साहित्यकार एवं स्वतंत्रता सेनानी सरोजिनी नायडू की जयंती पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य तारकेश्वर सिंह जी सहित हेड-मिस्ट्रेस और सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने नायडू जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनको सादर नमन किया। कार्यक्रम में आजाद भारत के उत्तर प्रदेश की प्रथम महिला राज्यपाल का गौरव प्राप्त करने वाली नायडू जी के जीवन से सम्बन्धित अनेक जानकारियां स्कूल के बच्चों एवं शिक्षकों के माध्यम से प्राप्त हुईं। जयंती के अवसर पर प्रधानाचार्य जी ने बच्चों के प्रति सम्बोधन में कहा कि सरोजिनी नायडू एक प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी होने के साथ ही स्त्रियों के अधिकारों के लिए संघर्ष करने वाली प्रमुख कार्यकर्ता थीं। उन्होंने औरतों को शिक्षा दिलाने और समाज में उन्हें सम्मान जनक स्थान दिलाने के लिए काफी संघर्ष किया। इसीलिए उनकी जयंती को 'राष्ट्रीय महिला दिवस' के रूप में मनाया जाता है। मृदुभाषी होने के कारण उन्हें 'भारत कोकिला' के रूप में भी जाना जाता है। उनका जीवन सभी के लिए अनुसरण करने योग्य है। उनकी जयंती पर हम उनको शत्-शत् नमन करते हैं। इस अवसर पर सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# एस.एम. सिंह सरस्वती विद्या मंदिर में रामचरितमानस का आयोजन



**सरेनी(रायबरेली), समृद्धि न्यूज**

स्थानीय विद्यालय एस एम सिंह सरस्वती विद्या मंदिर में आचार्य सूर्यकांत द्विवेदी की अगुवाई में अखंड रामचरितमानस पाठ के बाद हवन पूजन के साथ वर्तमान सत्र के इंटरमीडिएट के छात्र छात्राओं का विदाई समारोह साथ ही हाईस्कूल के छात्र छात्राओं का शुभआशीष कार्यक्रम संपन्न हुआ।

कक्षा 12 की छात्रा अनुपमा महिमा शिवानी के सामूहिक विदाई गीत पर उपस्थित समस्त जनमानस की आंखें नम हो गई वहीं छात्रा वंदना और दिव्या ने कहा कि हम लोग तो डाली के उन पत्तों की तरह है जो ना चाहते हुए भी टूट कर गिर जाते हैं और नई कोपलों के लिए स्थान रिक्त कर जाते हैं ।प्रबंधक भीम सिंह ने कहा कि यह विदाई नहीं बल्कि उन्नति समारोह है।हम सब की शुभकामनाएं हमेशा आपके साथ हैं कि आप सभी जीवन में सफलता के नए सोपान स्थापित करें।

प्रधानाचार्य मंजय सिंह ने कहा कि विद्यालय हर सुख दुख में आपके साथ हैं।इसके साथ ही वरिष्ठ अध्यापिका गायत्री सिंह ने कहा कि विदाई के क्षण तो हमेशा ही दुखदाई होते हैं किंतु यह विदाई भावी जीवन के पथ पर सफलताओं के लक्ष्य की ओर बढ़ने की शुभकामनाएं देने हेतु है । अतः यह समारोह खुशी और गम का मिश्रण हैं।

संजय सिंह ने कहा कि शिक्षक एक रचनाकार की भूमिका अदा करता है यदि विद्यार्थी रूपी रचना श्रेष्ठ एवं सुंदर होती है तभी शिक्षक का व्यक्तित्व एवं चरित्र प्रमाणित होता है ।इसलिए सभी शिक्षक साथियों को हमेशा बड़े परिश्रम व लगन के साथ विद्यार्थियों के जीवन निर्माण में संलग्न रहना चाहिए।

## विवाहिता ने खाया जहर



**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** ग्राम माढापुर निवासी श्रीकांत की पत्नी सरस्वती (28) ने सोमवार को अज्ञात कारण के चलते जहरीला पदार्थ निगल लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई।

सूचना पर पहुंचे सरस्वती के भाई सुशील ने उसे यहां के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने हालत गंभीर बताकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# धूम धाम से मनाई गई महर्षि दयानन्द सरस्वती की जयंती

- विद्यालय में हवन व विशेष प्रार्थना सभा का हुआ आयोजन

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज**

एन टी पी सी ऊंचाहार स्थित डी ए वी पब्लिक स्कूल में महर्षि दयानन्द सरस्वती जी की 200वीं जयंती बड़े ही धूम धाम से मनाई गई। पूरे विद्यालय प्रांगण को फूलों व बिजली की झालरों से सजाया गया।

प्रधानाचार्य डॉ देवेंद्र कुमार मिश्र ने महर्षि दयानन्द सरस्वती जी के चित्र पर पुष्प अर्पित किये। पुष्प अर्पण के बाद विद्यालय में हवन का आयोजन किया गया जिसमे सभी शिक्षक शिक्षिकाओं के अलावा बच्चों ने प्रतिभाग किया।

हवन के बाद विशेष प्रार्थना सभा में छात्र-छात्राओं के द्वारा महर्षि दयानन्द सरस्वती जी के जीवन पर प्रकाश डाला गया। तत्पश्चात प्रधानाचार्य जी ने सभी छात्र छात्राओं को महर्षि दयानन्द सरस्वती जी के जीवन एवम उपदेशों से अवगत कराया और जीवन में महर्षि दयानन्द सरस्वती जी के पदचिन्हों पर चलने के लिए सभी को प्रेरित किया। जिसके बाद महर्षि दयानन्द सरस्वती जी के जीवन पर आधारित वाद-विवाद प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया गया।

# आदर्श समायोजित शिक्षामित्र वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक का हुआ आयोजन



**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

प्राथमिक विद्यालय बछरावां में आज पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आदर्श समायोजित शिक्षा मित्र वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक ब्लॉक अध्यक्ष पवन कुमार शुक्ला की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में 20 फरवरी को होने वाले शिक्षामित्र महासम्मेलन रमाबाई मैदान पर लखनऊ में परिवार सहित शत प्रतिशत प्रतिभाग करने पर चर्चा की गई। वही इस संबंध में आलोक शुक्ला ने अपने संबोधन में कहा कि आप लोगों की एकता ही भविष्य का निर्धारण करेगी इसलिए सभी लोग इस महासम्मेलन में अपने परिवार सहित अवश्य प्रतिभाग करें।

वही बाबू लाल यादव मंत्री ने बताया निराशा से ही आशा की किरण प्रस्फुटित होती है इसलिए जीवन में निराश मत हो संघर्ष करते रहो। वही प्रमोद द्विवेदी कोषाध्यक्ष ने सभी से संगठित होकर एक साथ रहने व संगठन पर विश्वास करने की बात भी कही। बैठक के दौरान संत लाल ने कहा कि महासम्मेलन से ही प्रत्येक शिक्षामित्र का हित है इसलिए सभी लोग अवश्य प्रतिभाग करें। वही ब्लॉक अध्यक्ष पवन शुक्ला ने बताया कि सभी सम्मानित शिक्षामित्र बहन-भाई महासम्मेलन आप सबका है इसलिए सभी लोग परिवार सहित शत-प्रतिशत प्रतिभाग करें। इसके बाद बैठक का समापन किया गया।

## बोलेरो सवार ठगों ने भाई-बहन से पार किये जेवर

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** वाहन सवार ठगों ने भाई बहन को बुलाकर बोलेरो गाड़ी पर बैठा लिया। बोलेरो में पहले से सवार लोगो ने रास्ते में बहन के बैग में रखे सोने-चांदी के जेवर पार कर दिए। जानकारी होने पर पीड़िता के भाई ने घटना की तहरीर बांगरमऊ कोतवाली में दी है। फतेहपुर-84 थाना अंतर्गत ख्वाजगीपुर पहलवान निवासी नरेंद्र सिंह पुत्र रामखेलावन ने कोतवाली में तहरीर देकर कहा है कि सोमवार को वह अपनी बहन दीपमाला को लखनऊ से लिवाकर बांगरमऊ तक बस से आया था। घर जाने के लिए यहां नानामऊ तिराहे पर वाहन का इंतजार कर रहा था तभी एक बोलेरो गाड़ी आकर रुकी जिसके चालक ने कहा कि गाड़ी में दो सीटें खाली है यदि चलना है तो बैठ लीजिए। चालक के कहने पर नरेंद्र सिंह और उसकी बहन बोलेरो गाड़ी में बैठ गए। चालक ने दीपमाला का बैग और सूटकेस पीछे डिग्गी में डलवा दिया। गाड़ी में पहले से मौजूद लोगों में से किसी ने रास्ते में बैग की चैन खोलकर चांदी की पायल और सोने की अंगूठी पार कर दी। गाड़ी से उतरने के बाद घटना की जानकारी हो सकी।

# बीजेपी कार्यसमिति की बैठक ब्लॉक सभागार में हुई संपन्न



**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय जनता पार्टी मंडल महराजगंज मंडल कार्यसमिति की बैठक ब्लाक सभागार महराजगंज में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सूर्य प्रकाश वर्मा ने किया बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में मंडल के प्रभारी नरेंद्र सिंह भंडारी व जिला उपाध्यक्ष जन्मेजय सिंह द्वारा आए हुए कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया गया वह आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में भारी बहुमत से भारतीय जनता पार्टी लोकसभा चुनाव जिताने के लिए कार्यकर्ताओं द्वारा संकल्प किया गया वही मंडल अध्यक्ष सूर्य प्रकाश वर्मा आए हुए कार्यकर्ताओं को केंद्र नेतृत्व व प्रदेश नेतृत्व सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याण योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने व आगामी कार्यक्रमों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने का आग्रह किया जिसमें प्रमुख रुप से मंडल प्रभारी नरेंद्र सिंह भंडारी जिला उपाध्यक्ष जन्मेजय सिंह महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष सुधा अवस्थी मंडल अध्यक्ष सूर्य प्रकाश वर्मा मंडल उपाध्यक्ष पंकज श्रीवास्तव सत्य प्रकाश वर्मा शिव शंकर शुक्ला मंडल महामंत्री वीरेंद्र अवस्थी रामप्रकाश गौतम मंडल मंत्री दिनेश मौर्य अरविंद सिंह महावीर राघवेंद्र सिंह शिवम मिश्रा शक्ति केंद्र संयोजक अनुराग सिंह लक्ष्मी नारायण लोधी विनोद त्यागी विकास मिश्रा हनुमंत लाल शुक्ला सत्रोहन लोधी विवेक पांडे गजेंद्र तिवारी घनश्याम चौरसिया राजेश गुप्ता श्रीकृष्ण लोधी साधु लोधी रामचंद्र सिंह पवन सिंह सहित भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित।

# एसपी ने उन्नाव जिले को 5 सेक्टरों में बांटा

- अपराधिक घटनाओं को रोकने में मिलेगी मदद
- एक सेक्टर में शामिल किए गए चार थाने

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में सबसे ज्यादा खतरा चोरियों का होता है। ऐसे में चोरी की घटनाओं को रोकना पुलिस के लिये बड़ी चुनौती है। घटनाओं को रोकने के लिए एसपी ने जिले को पांच सेक्टर में बांट कर रात्रिगश्त के साथ पिकेट की ड्यूटियों पर रहने वाले कर्मियों को सख्त निर्देश दिए हैं। यदि क्षेत्र में घटना हुई तो बीट के दारोगा, सिपाही जिम्मेदार होंगे।

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ शंकर मीणा ने उन्नाव में अपराधिक घटनाओं को रोकने के लिए 5 सेक्टर में जिले को बांटा है। एक-एक सेक्टर में चार थानों को शामिल किया है। इसके साथ ही रात्रिगश्त को लेकर एएसपी एक बजे तक भ्रमणशील रहकर ड्यूटियां चेक करेंगे। वहीं सेक्टर के प्रभारी सीओ दो बजे तक फील्ड में रहेंगे। थाने के इंस्पेक्टर तीन बजे तक अपने अपने क्षेत्र में रहकर आपराधिक घटनाओं को रोकेंगे। चौकी इंचार्ज, हल्का प्रभारी सुबह चार बजे गश्त करेंगे और सिपाही छह बजे तक पॉइंट पर रहेंगे। हालांकि इस सर्द भरी रात में यह मास्टर प्लान कर्मियों के लिए मुसीबत तो बना है लेकिन उम्मीद है कि पुलिस की चहल कदमी से आपराधिक घटनाओं को रोका जा सकेगा। जारी निर्देशों में एक सेक्टर में चार थाने शामिल किए गए हैं। जैसे सफीपुर सर्किल में थाना माखी, फतेहपुर चौरासी, सफीपुर, बांगरमऊ शामिल किए गए है। हर पांचवे दिन थानेदारों की सेक्टर चेकिंग में ड्यूटी रहेगी जो कि सभी थानों की ड्यूटी चेक करने के साथ ही सुबह 6 बजे फील्ड में रहेंगे।

### सिटी सर्किल में अपराध शाखा के इंस्पेक्टर को जिम्मेदारी

अपराध रोकने के लिए बनाए गए इस मास्टर प्लान में सिटी सर्किल के दही, कोतवाली, गंगाघाट थाने के प्रभारी चेकिंग में नहीं रहेंगे। इन थानों की ड्यूटियां अपराध शाखा में तैनात इंस्पेक्टर को सौंपी गई है, यह प्रभारी लाइन से गाड़ी लेकर ड्यूटी चेक करेंगे।

### सबसे ज्यादा चोरी की घटनाएं होती हैं

सर्दी के दिनों में सबसे ज्यादा घटनाएं चोरी की बढ़ती है। जिसमें गंगाघाट, बांगरमऊ, हसनगंज, कोतवाली सदर समेत अन्य थानों में चोरी की घटनाएं होती है। ऐसे में इस अभियान के तहत कर्मी सतर्क रहेंगे तो चोरी की घटनायें रुक सकेंगी।

## बेसुध हालत में मिली किशोरी, हड़कंप

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम गजियाखेड़ा में शौच के लिए गई किशोरी एक खाली प्लाट में बेसुध हालत में पड़ी मिली जिसके हाथ-पैर तथा मुंह कपड़े से बंधे थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम गजियाखेड़ा निवासनी काल्पनिक नाम (पिंकी) 15 अपनी नानी के यहां मकर संक्रांति के दिन 14 जनवरी को गई थी। घटना सोमवार को सुबह 7 बजे की है जब वह शौच के लिए गई थी, लेकिन काफी देर तक वापस नहीं आई तो घरवालों को संदेह हुआ और वह उसे ढूंढने निकल पड़े। काफी देर तक ढूंढने के बाद एक खाली प्लाट से हू-हू की आवाज आ रही थी। आवाज सुनकर परिजन प्लाट के अंदर गए तो उन्होंने देखा कि पिंकी के हाथ-पैर बंधे हैं और उसके मुंह में कपड़ा ठूसा हुआ था। यह देखकर परिजन बेहद परेशान हो गए। तत्काल परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पुलिस ने पहुंचकर जांच-पड़ताल की। किशोरी की नानी ने पुलिस को प्रार्थनापत्र दिया है। उक्त संबंध में गंगाघाट कोतवाल अवनीश सिंह से जब बात की गई तो उन्होंने बताया मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# इण्टर के छात्रो का विदाई समारोह सम्पन्न



**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

शुक्लागंज के पोनी रोड स्थित दयानन्द सरस्वती इंटर कॉलेज में सोमवार को इंटर के छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह का कार्यक्रम आयोजित हुआ।

इस अवसर पर नृत्य, गायन और खेलकूद का आयोजन किया गया। साथ ही बच्चों को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान प्रबंधक एस.के.तिवारी ने बच्चों को अच्छे अंक कैसे लाए जाएं, के बारे में चर्चा करते हुए छात्रों को मूल मंत्र दिए और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विदाई समारोह के दौरान छात्र-छात्राओं की आंख से आंसू छलक पड़े। प्रधानाचार्य सुधा तिवारी ने छात्र-छात्राओं से अच्छे अंक लाकर अपने माता-पिता का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया व आशीर्वाद दिया कि वे जीवन में सदैव सफलता प्राप्त करें और ऊंचाइयों को छुए। इस अवसर पर अभिषेक तिवारी, अध्यापकगण व अध्यापिकाएं आदि रहे।


**कार्यालय ग्राम पंचायत हुसैनपुर राजपुर वि0ख0 राजेपुर, फर्रुखाबाद**

पत्रांक:-मीमो/ग्र0पं0/मनरेगा टेण्डर प्रकाशन/वित्तीय वर्ष 2022-23 — दिनांक 13/02/2023

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारन्टी योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत हुसैनपुर राजपुर में निम्न कार्य हेतु सामग्री कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 14/02/2023 से दिनांक 21/02/2023 तक अपरान्ह 02.00 बजे तक सील बंद निविदा आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 21/02/2023 को अपरान्ह 04.00 बजे गठित समिति एवं निविदादाताओं एवं उनके प्रतिनिधि के समक्ष ग्राम पंचायत कार्यालय हुसैनपुर राजपुर में खोले जायेगे। निविदा एवं अन्य प्रपत्र दिनांक 14/02/2023 से दिनांक 21/02/2023 तक सुबह 10 बजे से अपरान्ह 01 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में 500/- रुपये का भुगतान करके प्राप्त की जा सकती है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण | अनुमानित लागत (लाख में) | निविदा मूल्य | धरोहर धनराशि | कार्य पूर्ण की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत में आंगनवाड़ी केंद्र का निर्माण कार्य | ईट, सीमेन्ट, बालू, मौरम आदि | 8.38 | 500 | 2 प्रतिशत | एक माह |

**नियम व शर्तें:-** निविदादाता का आयकर व जी.एस.टी. में पंजीकृत होना आवश्यक है। धरोहर धनराशि एफ.डी.आर. व एन.एस.सी. व चेक द्वारा ली जायेगी।

(मुलायम सिंह कुशवाहा)
ग्राम प्रधान- हुसैनपुर राजपुर, राजेपुर

(प्रदीप दीक्षित)
सचिव-हुसैनपुर राजपुर, राजेपुर

# नकल पर नकेल

देशभर में प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक होने और नकल माफिया द्वारा नकल कराकर मोटी कमाई का खेल गाहे-बगाहे उजागर होता रहा है। पिछले दिनों इस कदाचार के खेल ने उत्तराखंड में भी पैर पसारे। पेपर लीक मामला उजागर होने पर कुछ गिरफ्तारियां भी हुई और वसूली गई रकम भी बरामद हुई। दिन-रात मेहनत करके अच्छी नौकरी के सपने देखने वाले युवा जब परीक्षा लीक के दंश से आहत हुए तो वे आंदोलन को बाध्य हुए। जिसके बाद उत्तराखंड सरकार हरकत में आई और भर्ती परीक्षा लीक व नकल पर रोक लगाने के लिये सख्त कानून बनाया गया है। अब राज्य में भर्ती परीक्षाओं के प्रश्नपत्रों की छपाई से लेकर परिणाम प्रकाशित करने तक में कदाचार करने वालों को अधिकतम आजीवन कारावास की सजा हो सकती है और उन पर दस करोड़ तक का जुर्माना हो सकता है। इतना ही नहीं, भ्रष्टाचार से अर्जित संपत्ति भी जब्त की जायेगी। हाल के दिनों में उत्तराखंड में पेपर लीक मामलों में नकल माफिया व विभाग की काली भेड़ों की संदिग्ध कारगुजारियां उजागर हुई हैं और कई गिरफ्तारियां भी हुई हैं। राज्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति के बाद बेरोजगार युवाओं ने देहरादून की सड़कों पर प्रदर्शन भी किये थे। जिसके बाद एक्शन में आई सरकार उत्तराखंड प्रतियोगी परीक्षा (भर्ती में नकल की रोकथाम व निवारण के उपाय) नामक अध्यादेश लेकर आई जिसने राज्यपाल की अनुमति के बाद कानून का रूप ले लिया है। इस कानून को देश में सबसे कड़ा नकल रोकथाम कानून बताया जा रहा है।

निःसंदेह, प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रश्नपत्रों की बिक्री और मोटा पैसा लेकर नकल कराने के मामले सारे देश में लगातार सामने आते रहे हैं। निश्चित रूप से ऐसी घटनाएं प्रतियोगियों व बेरोजगार युवाओं का व्यवस्था से मोहभंग करती हैं। कालांतर ये विसंगतियां सामाजिक आक्रोश की वाहक बनती हैं। वहीं देश में बढ़ती बेरोजगारी और सरकारी नौकरियों के अवसरों में लगातार आ रही कमी, युवाओं में हताशा की वजह बन रही है। देश के नीति-नियंताओं को इस दिशा में गंभीरता से सोचना चाहिए। कहीं न कहीं हमारी शिक्षा व्यवस्था की विसंगतियां भी इसके लिये जिम्मेदार हैं जो युवाओं को आत्मनिर्भर बनने, स्वरोजगार के लिये प्रेरित करने के बजाय सरकारी नौकरियों के सम्मोहन में बांधती हैं। दूसरे, सख्त कानून व कड़े दंड के अभाव में एक माफिया तंत्र पेपर लीक और सामूहिक नकल कराने में लिप्त रहता है। निश्चित रूप से दंड के कड़े प्रावधान किसी हद तक ऐसी प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने में सफल होंगे। लेकिन इस कानून के तहत कार्रवाई में पारदर्शिता भी जरूरी है ताकि बड़ी मछलियां भी जाल में फंसें। साथ ही ऐसी कार्रवाई से दागियों को बचाने के लिये किसी तरह के राजनीतिक हस्तक्षेप की गुंजाइश न रहे। अन्यथा धीरे-धीरे प्रतियोगी परीक्षाओं के तंत्र से बेरोजगारों व युवाओं का भरोसा ही उठ जायेगा। जो किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिये अच्छा संकेत नहीं कहा जा सकता। उत्तराखंड सरकार की पहल स्वागत योग्य है और अन्य राज्यों को भी इस दिशा में कदम उठाना चाहिए।

# वैलेंटाइन दिवस को पारिवारिक एकता दिवस के रूप में मनायें

*डॉ. जगदीश गांधी*

**आज महान संत वैलेन्टाइन की मूल, पवित्र एवं शुद्ध भावना को भुला दिए जाने के कारण यह महान दिवस मात्र युवक-युवतियों के बीच रोमांस के विकृत स्वरूप में देखने को मिल रहा है। वैलेन्टाइन डे को मनाने के पीछे की जो कहानी प्रचलित है उसके अनुसार रोमन शासक क्लाडियस (द्वितीय) किसी भी तरह अपने राज्य का विस्तार करना चाहता था। इस लक्ष्य की पूर्ति के लिए वह संसार की सबसे ताकतवर सेना को बनाने के लिए जी-जान से जुटा था। राजा के मन में स्वार्थपूर्ण विचार आया कि विवाहित व्यक्ति अच्छे सैनिक नहीं बन सकते हैं। इस स्वार्थपूर्ण विचार के आधार पर राजा ने तुरन्त राजाज्ञा जारी करके अपने राज्य के सैनिकों के शादी करने पर पाबंदी लगा दी। महान संत वैलेन्टाइन रोम के एक चर्च के पादरी महान संत वैलेन्टाइन को सैनिकों के शादी करने पर पाबंदी लगाने संबंधी राजा का यह कानून ईश्वरीय इच्छा के विरुद्ध प्रतीत हुआ। कुछ समय बाद उन्होंने महसूस किया कि युवा सैनिक विवाह के अभाव में अपनी शारीरिक इच्छा की पूर्ति गलत ढंग से कर रहे हैं। सैनिकों को गलत रास्ते पर जाने से रोकने के लिए पादरी वैलेन्टाइन ने रात्रि में चर्च खोलकर सैनिकों को विवाह करने के लिए प्रेरित किया। सम्राट को जब यह पता चला तो उसने पादरी वैलेन्टाइन को गिरफ्तार कर माफी मांगने के लिए कहा अन्यथा राजाज्ञा का उल्लघंन करने के लिए मृत्यु दण्ड देने की धमकी दी। सम्राट की धमकी के आगे संत वैलेन्टाइन नहीं झुके और उन्होंने प्रभु निर्मित समाज को बचाने के लिए मृत्यु दण्ड को स्वीकार कर लिया। संत वैलेन्टाइन की मृत्यु के बाद लोगों ने उनके त्याग एवं बलिदान को महसूस करते हुए प्रतिवर्ष 14 फरवरी को उनके 'शहीद दिवस' पर उनकी दिवंगत आत्मा की शान्ति के लिए प्रार्थनायें आयोजित करना प्रारम्भ कर दिया। इसलिए ऐसे महान संत के 'शहीद दिवस' पर खुशियां मनाकर उनकी भावनाओं का निरादर करना सही नहीं है।**



संसार को 'परिवार बसाने' एवं 'पारिवारिक एकता' का संदेश देने वाले महान संत वैलेन्टाइन के 'मृत्यु दिवस' को आज जिस 'आधुनिक स्वरूप' में भारतीय समाज में स्वागत किया जा रहा है, उससे हमारी भारतीय संस्कृति एवं सभ्यता प्रभावित हो रही है। संत वैलेन्टाइन ने तो युवा सैनिकों को विवाह करके परिवार बसाने एवं पारिवारिक एकता की प्रेरणा दी थी। इस कारण अविवाहित युवा पीढ़ी का अपने प्रेम का इजहार करने का 'वैलेन्टाइन डे' से कोई लेना-देना ही नहीं है। आज वैलेन्टाइन डे के नाम पर समाज पर बढ़ती हुई अनैतिकता ने हमारे समक्ष काफी असमंज्स्य तथा सामाजिक पतन की स्थिति पैदा कर रखी है। नैतिक मूल्यों की कमी के कारण आज लड़कियों तथा महिलाओं के विरूद्ध अपराध, छेड़छाड़, अश्लीलता, बलात्कार, हत्या आदि जैसी जघन्य घटनायें लगातार बढ़ती ही जा रहीं हैं। वैलेन्टाइन डे' का दिन हमें सन्देश देता है कि अविवाहित स्त्री-पुरूष के बीच किसी प्रकार का अनैतिक संबंध नहीं होना चाहिए। विवाह के पवित्र बन्धन को 'वैलेन्टाइन डे' पूरी तरह से स्वीकारता एवं मान्यता देता है। आज महान संत वैलेन्टाइन की मूल, पवित्र एवं शुद्ध भावना को भुला दिए जाने के कारण यह महान दिवस मात्र युवक-युवतियों के बीच रोमांस के विकृत स्वरूप में देखने को मिल रहा है। वैलेन्टाइन डे को मनाने के पीछे की जो कहानी प्रचलित है उसके अनुसार रोमन शासक क्लाडियस (द्वितीय) किसी भी तरह अपने राज्य का विस्तार करना चाहता था। इस लक्ष्य की पूर्ति के लिए वह संसार की सबसे ताकतवर सेना को बनाने के लिए जी-जान से जुटा था। राजा के मन में स्वार्थपूर्ण विचार आया कि विवाहित व्यक्ति अच्छे सैनिक नहीं बन सकते हैं। इस स्वार्थपूर्ण विचार के आधार पर राजा ने तुरन्त राजाज्ञा जारी करके अपने राज्य के सैनिकों के शादी करने पर पाबंदी लगा दी। महान संत वैलेन्टाइन रोम के एक चर्च के पादरी महान संत वैलेन्टाइन को सैनिकों के शादी करने पर पाबंदी लगाने संबंधी राजा का यह कानून ईश्वरीय इच्छा के विरुद्ध प्रतीत हुआ। कुछ समय बाद उन्होंने महसूस किया कि युवा सैनिक विवाह के अभाव में अपनी शारीरिक इच्छा की पूर्ति गलत ढंग से कर रहे हैं। सैनिकों को गलत रास्ते पर जाने से रोकने के लिए पादरी वैलेन्टाइन ने रात्रि में चर्च खोलकर सैनिकों को विवाह करने के लिए प्रेरित किया। सम्राट को जब यह पता चला तो उसने पादरी वैलेन्टाइन को गिरफ्तार कर माफी मांगने के लिए कहा अन्यथा राजाज्ञा का उल्लघंन करने के लिए मृत्यु दण्ड देने की धमकी दी। सम्राट की धमकी के आगे संत वैलेन्टाइन नहीं झुके और उन्होंने प्रभु निर्मित समाज को बचाने के लिए मृत्यु दण्ड को स्वीकार कर लिया। संत वैलेन्टाइन की मृत्यु के बाद लोगों ने उनके त्याग एवं बलिदान को महसूस करते हुए प्रतिवर्ष 14 फरवरी को उनके 'शहीद दिवस' पर उनकी दिवंगत आत्मा की शान्ति के लिए प्रार्थनायें आयोजित करना प्रारम्भ कर दिया। इसलिए ऐसे महान संत के 'शहीद दिवस' पर खुशियां मनाकर उनकी भावनाओं का निरादर करना सही नहीं है।'वैलेन्टाइन डे' मनाने को तेजी से प्रोत्साहित करने के पीछे छिपी एकमात्र भावना धन कमाना अर्थात 'वैलेन्टाइन डे' कार्डो की ब्रिकी का एक बड़ा बाजार विकसित करना, फुहड़ डान्सों तथा मंहगे होटलों में डिनर के आयोजनों की प्रवृत्तियों को बढ़ाकर अनैतिक ढंग से अधिक से अधिक लाभ कमाने वाली शक्तियां इसके पीछे सक्रीय हैं।

विज्ञापन के आज के युग में वैलेन्टाइन बाजार को भुनाने का अच्छा साधन माना जाता है। मल्टीनेशनल कंपनियां अपने उत्पादों को बेचने के लिए अपना बाजार बढ़ाना चाहती हैं और इसके लिए उन्हें युवाओं से बेहतर ग्राहक कहीं नहीं मिल सकता। अतः 'वैलेन्टाइन डे' आधुनिक तरीकों से मनाने को प्रोत्साहित करना भावी पीढ़ी एवं मानवता के प्रति अपराध है। अन्तिम विश्लेषण यह साफ संकेत देते हैं कि 'वैलेन्टाइन डे' के आधुनिक स्वरूप का भारतीय समाज एवं छात्रों में किसी प्रकार का स्वागत नहीं होना चाहिए क्योंकि यह मात्र सस्ती प्रेम भावनाओं को प्रदर्शित करने की छूट कम उम्र में छात्रों को देकर उनकी अनैतिक वृत्ति को बढ़ावा देता है।

हम संत वैलेन्टाइन के इन विचारों का पूरी तरह से समर्थन करते हैं कि विवाह के बिना किसी स्त्री-पुरूष में अनैतिक संबंध होने से समाज में नैतिक मूल्यों में गिरावट आ जाएगी और समाज ही भ्रष्ट हो जाएगा। इस समस्या के समाधान का एक मात्र उपाय है, बच्चों को बचपन से ही भौतिक, सामाजिक, मानवीय तथा आध्यात्मिक सभी प्रकार की संतुलित शिक्षा देकर उनका सर्वांगीण विकास किया जाए। किसी भी बच्चे के लिए उसका परिवार, स्कूल तथा समाज ये तीन ऐसी पाठशालायें हैं जिनसे ही बालक अपने सम्पूर्ण जीवन को जीने की कला सीखता है। इसलिए यह जरूरी है कि परिवार, स्कूल तथा समाज को ईश्वरीय प्रकाश से प्रकाशित किया जाये। एक स्वच्छ व स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए हमारा कर्तव्य है कि हम विश्व के बच्चों की सुरक्षा व शांति के लिए आवाज उठायें और पूरे विश्व के बच्चों तक संत वैलेन्टाइन के सही विचारों को पहुँचायें जिससे प्रत्येक बालक के हृदय में ईश्वर के प्रति, अपने माता-पिता के प्रति, भाई-बहनों के प्रति और समाज के प्रति भी पवित्र प्रेम की भावना बनी रहे।

सारे विश्व में गैंगरेप कांड, हिंसा जैसी बढ़ती घटनायें चारित्रिकता, नैतिकता, कानून व जीवन मूल्यों की शिक्षा के अभाव में राह भटक गये लोगों के कारण ही हो रहीं हैं। वास्तव में किसी भी मनुष्य के सम्पूर्ण जीवन को तीन प्रकार के चरित्र निर्धारित करते हैं। पहला प्रभु प्रदत्त चरित्र, दूसरा माता-पिता के माध्यम से प्राप्त वांशिक चरित्र तथा तीसरा परिवार, स्कूल तथा समाज से मिले वातावरण से विकसित या अर्जित चरित्र। इसमें सबसे अधिक महत्वपूर्ण चरित्र तीसरा अर्थात् 'अर्जित चरित्र' होता है। बालक को जिस प्रकार की शिक्षा परिवार, विद्यालय तथा समाज से मिलती है वैसा ही उसका चरित्र निर्मित हो जाता है। इसलिए आज संसार में बढ़ते अमानवीय कृत्य जैसे हत्या, बलात्कार, चोरी, भ्रष्टाचार, अन्याय आदि शैतानी सभ्यता इन्ही तीनों क्लासरूमों से मिल रही उद्देश्यविहीन शिक्षा के कारण ही है।

आइये, वैलेन्टाइन डे पर हम सभी लोग यह प्रतिज्ञा ले कि हम अपने मस्तिष्क से भेदभाव हटाकर सारी मानवजाति से प्रेम करेंगे व समानता की भावना पैदा करेंगे। भारत की संस्कृति व सभ्यता ही आज की जरूरत है। प्रेम तो ईश्वर से होना चाहिए क्योंकि यही जीवन का शाश्वत सत्य है। अगर ईश्वर से हमारा तार कट गया तो कोई अन्य प्रेम हमें नहीं बचा पाएगा। इसलिए हमें वैलेन्टाइन डे पर भाई-बहन का प्रेम, दादा-दादी का प्रेम, माता-पिता का प्रेम, गुरूजनों का प्रेम भी शामिल करना चाहिए तभी हम इस त्योहार का सही मूल्यांकन कर सकेंगे। संत वैलेन्टाइन के प्रति सच्ची श्रद्धा यही होगी कि हम 14 फ़रवरी 'वैलेन्टाइन डे' को पवित्र भावना से 'पारिवारिक एकता दिवस' के रूप में मनायें और संसार के सभी बच्चों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को यह संदेश भेजें कि सभी लोग एक-दूसरे से विश्व कुटुम्ब की तरह समान रूप से प्रेम करें, आदर करें। पारिवारिक एकता ही विश्व एकता की आधारशिला है। पारिवारिक एकता के द्वारा ही भारतीय संस्कृति के आदर्श वसुधैव कुटुम्बकम् - जय जगत के महान विचार के अनुरूप एक वैश्विक लोकतांत्रिक व्यवस्था का गठन होगा। साथ ही दूसरे चरण में मानव सभ्यता का अंतिम लक्ष्य धरती पर आध्यात्मिक सभ्यता का साम्राज्य स्थापित होगा।

विचार

# वैलेंटाइन डे भारतीय संस्कृति का हिस्सा नहीं, मातृ-पितृ दिवस मनायें

*अशोक पटेल 'आशु'*

पाश्चात्य संस्कृति की अंधी दौड़ में हम भारतीय इतने अंधे हो गए हैं कि हम अपनी प्राचीन संस्कृति-सभ्यता, रीति-रिवाज, परम्पराएँ, रहन-सहन, धर्म-आस्था, विस्वास, कर्तव्य आदि को लगभग भूलते जा रहे हैं। जो हमारी भारतीय संस्कृति के लिए कदापि उचित और न्याय संगत नहीं है। इस पर हमें चिंतन मनन करने की निहायत ही आवश्यकता है। और इसके भयंकर परिणाम के बारे सोचना चाहिए।

हमे यह सोंचना चाहिए कि हम कहाँ थे? क्या थे? और कैसे थे? और अब क्या हो गए? यदि इस पर तनिक भी विचार करेंगे तो हमे समझ मे आ जायेगा कि हमारी प्राचीन संस्कृति-सभ्यता कितनी भव्य और अद्भुत थी। जिसको पूरे विश्व ने आत्मसात किया। अनुकरण किया। यहाँ के धर्म, ज्ञान, ज्योतिष, तंत्र-मंत्र-यंत्र वास्तुशास्त्र, ललीत कला, संगीत कला, चित्र कला समृद्धि कितनी विकसित और सुविख्यात थी। और इसीलिए हमारे देश मे पूरे विश्व के बड़े-बड़े विद्वतजन टॉल्स्टाय जैसे लोग यहाँ पर आए और ज्ञान प्राप्त किए।हमारे देश की विद्यापीठ कहे जाने वाले तक्षशिला विश्वविद्यालय, नालंदा की विश्वविद्यालय, गुरुकुल परम्परा और ज्ञान-विज्ञान के लिए विश्व विख्यात थी।और आज हम पाश्चात्य संस्कृति के पीछे भाग रहे हैं। 14 फरवरी को विदेशों में 'वेलेंटाइन डे' के रूप में मनाया जाता। यह उनकी अपनी संस्कृति है। हमें कोई दिक्कत नहीं है। अपनी संस्कृति धर्म परम्पराएँ आदि को मानने के लिए स्वतंत्र हैं। पर हम भारतीय बेवजह क्यों बाध्य हो रहे हैं? हम इसे क्यों मना रहे हैं? हम अपनी छबि क्यो खराब कर रहे हैं? यह चिंतन का विषय है। हमारी संस्कृति का यह अंग नहीं है। यह हमारी परम्परा के बिल्कुल खिलाफ है। इस दिवस को हम अपनी संस्कृति के अनुरूप 'मातृ- पितृ' दिवस के रूप में मनाए तो ज्यादा सार्थक और उचित प्रतीत होगा। और हमारी संस्कृति का उत्थान होगा। हम निश्चित तौर पर परिष्कृत होंगे। हमारी प्राचीन संस्कृति और विकसित होगी। हमारे माता-पिता का सम्मान होगा। हमारे अंदर समाज मे देश मे संस्कार स्थापित हो पायेगा। और यह हमारे लिए गौरव की बात होगी। सम्मान की बात होगी।

हमारा देश विश्व गुरु कहलाता है। धर्म गुरु कहलाता है।यहाँ के धर्म आस्था विश्वास भक्ति भावना, देवी-देवता तीर्थ स्थल पूरे विश्व मे प्रसिद्ध है। और इसीलिए आज विदेशी लोग हमारी संस्कृति का अनुकरण कर रहे हैं। उनको शांति और सुकून मिल रहा है।यह गौर करने वाली बात है।विदेशों का जीवन ऐसो-आराम की तो है पर शांति नही है। हमारे देश मे शांति है। और इसी शांति की तलाश में विदेशी हमारे देश की ओर उन्मुख हो रहे हैं। और हम है कि उस शांति को नजर अंदाज कर रहे हैं। यह चिंतन का विषय है।

*तुस्मा, शिवारीनारायण (छ ग)*



साहित्य

## परीक्षा का तनाव जब सर चढ़कर बोलता है...




**पूनम शुक्ला, सहायक अध्यापिका**
**मदन मोहन कनोडिया बालिका इंटर कालेज, फर्रुखाबाद।**

परीक्षा का तनाव
जब सर चढ़कर बोलता है।
भेद सारे प्रतिभावान, उत्कृष्ट छात्र के
परीक्षा में प्रशन पत्र खोलता है।।
वर्ष भर की मस्ती का
मटका सरेआम भूटता है।
क्या याद करें, क्या न करें
चकराकर सफलता का स्वप्न पंख
छूटता है।।
याद करते हैं बहुत
फिर अगले ही पल सब कुछ भूलता है।
सवालों की चक्कर घिन्नी में
परीक्षा रुपी भूत का डर फलता-फूलता
है।।
विलष्ट फामूर्ले, सिद्धान्त, व्याकरण के
बीच
बेचारा नाजुक सा मन ऊंची-ऊंची पेंग
झूलता है।
कहीं कुछ न लिख पाये क्या होगा?
बड़ो का दबाव, शिक्षक की गरिमा का
प्रभाव
सारे विचारों से दिल दिमाग झूमता है।
माता-पिता का सम्मानीय पद,
समाज में खुद का यश कैसे बढ़ाये,
इज्जत कैसे बचाये?
सोच-सोचकर ब्रह्माण्ड सारा घूमता
है।।
कोई तंत्र, मंत्र, जाप, तप, पूजा, धन,
सिफारिश
कुछ भी साथ दे दे,
प्रभु से प्रार्थना करने लगे क्योंकि
केवल भगवान का ही चमत्कार दिखता
है।
कितना ही आत्मविश्वास हो
एक पल के लिए, लेकिन भ्रम तो टूटता
है।
परीक्षा का तनाव जब
सर चढ़कर बोलता है।

झरोखा





# राशिफल

**मेषः-** मधुरवाणी से संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। जीविका क्षेत्र में लाभ के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे। पारिवारिक दायित्वों की समय से पूर्ति हेतु प्रयत्नशील होंगे। जीवन साथी के स्वास्य का ध्यान रखें।

**बृषभः-** मन प्रसन्न व उत्साहित रहेगा। प्रियजनों का सानिध्य प्राप्त होगा। महत्वपूर्ण कार्य सार्थक होने का योग है। नौकरी का वातावरण सुखद होगा। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में परिश्रम तीव्र होगा।

**मिथुनः-** आर्थिक क्षेत्र में आप कुछ नई योजनाओं को सार्थक करेंगे। कोई व्यक्तिगत संबंध परिवार में विवाद का कारण बन सकता है। प्रणय संबंधों को लेकर मन में चिंता होगी।

**कर्कः-** पूर्वाग्रहवश मन में किसी प्रकार की शंका न पालें। गलतियों को स्वीकारते हुए सगे-संबंधों में क्षमायाचक बने और शांत भाव से अच्छे कार्य द्वारा उसका प्राश्चित भी करें।

**सिंहः-** पुरानी गलतियों से सीख लेते हुए वर्तमान को सुधारें। परिवार को सुव्यवस्थित चलाने में आपका विशेष योगदान होगा। किसी संबंध को लेकर पूरे परिवार के विरोध का सामना करना पड़ेगा।

**कन्याः-** मन ढ़ेर सारे पूर्वाग्रहों से प्रभावित होगा। पुरानी बातों कों भूलकर वर्तमान के साथ समझौता करें। मन पर नियंत्रण रख कर्त्तव्यनिष्ठ बनें। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद संभव।

**तुलाः-** आज सकारात्मक सोच को अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

**वृश्चिकः-** आज परिजनों के सुख-दुख से प्रभावित मन परिवार को एकजुट रखने में केंद्रित होगा।

**धनुः-** निराशावादी विचारों को त्याग आशावादी बनें। नाजुक संबंधों के बीच भावनात्मक कष्टों को भूल वर्तमान को बेहतर बनायें। परिवार में खुशहाल माहौल रहेगा।

**मकरः-** मन सुंदर विचारो से सिंचित होगा। धार्मिक व पारंपरिक कार्यों की ओर मन केंद्रित होगा। नये कार्या में संलग्नता से लाभ संभव। आलस्य का त्याग करें।

**कुंभः-** अपने सुख-दुख को छोड़ परिजनों के सुख के बारे में सोचें। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा। नयी आकांक्षाएं मन को उद्वेलित करेंगी। पुराने संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी।

**मीनः-** किसी अचल सम्पत्ति को लेने की योजना बन सकती है। कार्यक्षेत्र के किसी सहकर्मी से मतभेद संभव। धनागम की नयी युक्तियों पर मन केंद्रित होगा।

# महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाते हैं स्वयं सहायता समूह

*डॉ. सत्यवान सौरभ*

स्वयं सहायता समूह दृष्टिकोण ग्रामीण विकास के लिए एक सक्षम, सशक्त और नीचे से ऊपर का दृष्टिकोण है जिसने विकासशील देशों में कम आय वाले परिवारों को काफी आर्थिक और गैर-आर्थिक बाह्यता प्रदान की हैं। स्वयं सहायता समूह दृष्टिकोण को गरीबी का मुकाबला करने के लिए एक स्थायी उपकरण के रूप में सराहा जा रहा है, जो लाभ के लिए दृष्टिकोण का संयोजन है जो आत्मनिर्भर है, और गरीबी उन्मूलन पर ध्यान केंद्रित करता है जो कम आय वाले परिवारों को सशक्त बनाता है। यह तेजी से विकासशील देशों में सरकार के लिए विकासात्मक प्राथमिकताओं का प्रयोग करने का साधन बनता जा रहा है। एक स्वयं सहायता समूह एक गाँव-आधारित वित्तीय मध्यस्थता समिति है, जिसमें आम तौर पर 10-20 स्थानीय महिला या पुरुष शामिल होते हैं। जब औपचारिक वित्तीय प्रणाली जरूरतमंदों की मदद करने में विफल हो जाती है, तो छोटे समूह सूक्ष्म पैमाने पर पैसे इकट्ठा करने, बचाने और उधार देने के द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर लोगों की जरूरतों को पूरा करने के लिए स्वेच्छा से काम करते हैं। स्वयं सहायता समूह को एशिया के अधिकांश विकासशील देशों में व्यापक मान्यता मिली है जहाँ उनकी उपस्थिति काफी व्यापक है। माइक्रो-फाइनेंस के माध्यम से, कई स्वयं सहायता समूह ने ग्रामीण क्षेत्रों में मूल्यवान संपत्ति और पूंजी बनाई है और आजीविका को बनाए रख रहे हैं। स्वयं सहायता समूह स्वीकार्य और सुविधाजनक शर्तों पर क्रेडिट तक बेहतर पहुंच प्रदान करते हैं। सदस्य तुलनात्मक रूप से आसान शर्तों पर आकस्मिक उत्पादक और गैर-उत्पादक उद्देश्यों के लिए ऋण प्राप्त करने में सक्षम हैं। इससे स्थानीय साहूकारों पर उनकी निर्भरता काफी हद तक कम हो गई है। एसएचजी-बैंक लिंकेज कार्यक्रम जैसी सरकारी पहल भी उनके वित्तीय समावेशन और औपचारिक संस्थानों से ऋण तक आसान पहुंच को बढ़ा रही है। स्वयं सहायता समूह के माध्यम से गरीबी उन्मूलन का दृष्टिकोण सबसे प्रभावी साधन है और विकेंद्रीकरण की नीति पर आधारित सुधारों की चल रही प्रक्रिया के अनुकूल है। स्वयं सहायता समूह ने गरीबों को माइक्रो फाइनेंस तक पहुंच प्रदान की है और इसके परिणामस्वरूप भूमि, पानी, ज्ञान, प्रौद्योगिकी और ऋण जैसे उत्पादक संसाधनों तक उनकी पहुंच में महत्वपूर्ण परिवर्तन हुए हैं। स्वयं सहायता समूह द्वारा सामूहिक खेती, मधुमक्खी पालन, बागवानी, रेशम उत्पादन जैसी स्वरोजगार गतिविधियों को हाथ में लिया गया है। ऐसे कई सफल मामले हैं जहां स्वयं सहायता समूह की महिलाएं अपने गांव में शराब की दुकानों को बंद करने के लिए एक साथ आई हैं। आजीविका एक्सप्रेस जैसी योजनाओं ने ग्रामीण क्षेत्रों में परिवहन बनाने में स्वयं सहायता समूहों की मदद की है। स्वयं सहायता समूह उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों का प्रबंधन करके विभिन्न कार्यों को करने के लिए महिलाओं के कौशल में सुधार करने में सक्षम हुए हैं। यह अनुमान लगाया गया है कि भारत की 25 मिलियन से अधिक ग्रामीण महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों द्वारा लाभान्वित किया गया है। एक समूह के रूप में वे पैसे के प्रबंधन के साथ-साथ बहुत सी चीजें सीखने में एक-दूसरे



की मदद कर सकते हैं क्योंकि ग्रामीण क्षेत्रों की अधिकांश महिलाओं को पैसे के प्रबंधन के बारे में बहुत कम जानकारी होती है। केरल में कुदुम्बश्री को बड़ी सफलता मिली है। कुदुम्बश्री कैफे स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से उद्यमशीलता को बढ़ावा देने का एक अनुकरणीय उदाहरण है। वे उद्यमशीलता प्रशिक्षण, आजीविका प्रोत्साहन गतिविधि और सामुदायिक विकास कार्यक्रमों जैसी विभिन्न सेवाओं के लिए वितरण तंत्र के रूप में भी कार्य करते हैं। क्षेत्रीय असंतुलन, आदर्श औसत ऋण आकार से कम, स्वयं सहायता समूह संघों द्वारा निगरानी और प्रशिक्षण सहायता की कमी जैसे मुद्दे हैं जैसे- स्वयं सहायता समूह के ऋणों की गैर-निष्पादित आस्तियों को बैंकों के पास बढ़ाना। कई अध्ययनों में शासन, गुणवत्ता, पारदर्शिता और उनके कार्यों में अनियमितता से संबंधित मुद्दे भी पाए गए हैं।सरकारी कार्यक्रमों को स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से कार्यान्वित किया जा सकता है। यह न केवल पारदर्शिता और दक्षता में सुधार करेगा बल्कि हमारे समाज को महात्मा गांधी द्वारा परिकल्पित स्वशासन के करीब लाएगा। स्वयं सहायता समूह को बढ़ावा देने वाले संस्थानों से लगातार और स्थायी संरचनात्मक सहायता विभिन्न योजनाओं के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों द्वारा बार-बार जागरूकता शिविर आयोजित किए जा सकते हैं। समूह को सामूहिक बनाने के लिए सभी सदस्यों की समय-समय पर क्षमता निर्माण, डिजिटल वित्तीय समावेशन पर सरकार के ध्यान के साथ, तकनीकी प्लेटफार्मों की ओर संक्रमण के लिए समूह के सदस्यों के प्रशिक्षण में निवेश करना इन समूहों के आजीविका पर पड़ने वाले प्रभाव को अधिकतम करने के लिए सही प्रकार की सहायता प्रदान करने में निवेश करना महत्वपूर्ण है। ग्रामीण भारत में विकास के इंजन के रूप में महिला उद्यमिता पर स्वयं सहायता समूह आंदोलन पर जोर जाति, धर्म या राजनीतिक संबद्धता के आधार पर सदस्यों के बीच कोई भेदभाव नहीं होना चाहिए। स्वयं सहायता समूह दृष्टिकोण ग्रामीण विकास के लिए एक सक्षम, सशक्त और नीचे से ऊपर का दृष्टिकोण है जिसने विकासशील देशों में कम आय वाले परिवारों को काफी आर्थिक और गैर-आर्थिक बाह्यता प्रदान की हैं। स्वयं सहायता समूह दृष्टिकोण को गरीबी का मुकाबला करने के लिए एक स्थायी उपकरण के रूप में सराहा जा रहा है, जो लाभ के लिए दृष्टिकोण का संयोजन है जो आत्मनिर्भर है, और गरीबी उन्मूलन पर ध्यान केंद्रित करता है जो कम आय वाले परिवारों को सशक्त बनाता है। यह तेजी से विकासशील देशों में सरकार के लिए विकासात्मक प्राथमिकताओं का प्रयोग करने का साधन बनता जा रहा है।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक- जितेन्द्र सिंह* मो. : 9554964672
फोन नं. 0522-4077632, 3083627 , *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। RNI No. UPHIN/2013/55887 Email : samradhinews@gmail.com

# विशेष टीकाकरण अभियान फेस 2 का शुभारंभ

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**



मीजल्स रूबैल्ला लेमिनेशन विशेष टीकाकरण अभियान फेस 2 का उद्घाटन सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र निर्मल नगर में किया। जिसका उद्देश्य लाभार्थी बच्चों को 100 प्रतिशत टीकाकरण किया जाना है। इसके अंतर्गत 16 वर्ष आयु वर्ग तक के सभी बच्चों को जो किसी भी तरह के टीकाकरण से छूटे हुए हैं उन्हें टीकाकरण किया जाना है।

एसीएमओ डॉ अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि विशेष टीकाकरण अभियान के फेस 2 का शुभारंभ सोमवार को किया गया है। इसके अंतर्गत 16 वर्ष की आयु तक के सभी बच्चों का टीकाकरण किया जाएगा जो किसी भी कारण से छूटे हुए हैं, का टीकाकरण किया जाएगा। जिसका उद्घाटन सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता द्वारा नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र निर्मल नगर में किया गया है। इस दौरान उन्होंने टीकाकरण के लिए सभी को प्रेरित किया है। सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने उद्घाटन के दौरान कहा कि विशेष टीकाकरण अभियान का उद्देश्य सभी छूटे हुए बच्चों को वैक्सीनेटेड किए जाने का है। इसे लेकर जिलेभर में टीम बनाई गई है। जिसके अंतर्गत 3200 टीकाकरण सत्र आयोजित किए जाएंगे। वहीं 419 एएनएम और 3016 आशाओं को इस कार्यक्रम में लगाया गया है। जिसकी मॉनिटरिंग डीआईओ डॉ प्रमोद कुमार वर्मा द्वारा की जाएगी और यह सुनिश्चित किया जाएगा की फेस 2 के अंतर्गत उन सभी छूटे हुए बच्चों को वैक्सीनेटेड किया जाए, जो किसी कारण से टीकाकरण से छूट गए हैं। जिससे उन्हें भविष्य में होने वाली बीमारियों से सुरक्षित किया जा सके। उन्होंने कहा कि शासन के निर्देशानुसार इस विशेष टीकाकरण अभियान को चलाया जा रहा है। इस दौरान उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ लालजी पासी, डीआईओ डॉ. प्रमोद कुमार वर्मा, एसएमओ डॉ विकास सिंह, डिप्टी डीआईओ डॉ उज्जवल कांत, अर्बन कोऑर्डिनेटर राहुल शाक्य उपस्थित रहे।

# बकाया गन्ना भुगतान को लेकर राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन का आंदोलन जारी

**गोला गोकर्णनाथ, खीरी समृद्धि न्यूज।**



बकाया गन्ना भुगतान को लेकर राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन का आंदोलन 43 दिनों से जारी है। जिला अध्यक्ष अंजनी दीक्षित ने कहा हम गन्ना किसानों ने गन्ना पैदा कर पूरे देश में मिठास पहुंचाने का काम किया होली का पर्व नजदीक आ चुका है मीठा गन्ना पैदा करने वाले गन्ना के किसानों के घर में कड़वाहट भरी हुई हैअब तक पिछले वर्ष का बकाया गन्ना भुगतान नहीं हो पाया है जब पूरा देश होली का पर्व मनाएगा गन्ने के जूस से बनी हुई मिठाइयां खाएगा दुर्भाग्य है। बजाज ग्रुप से जुड़े हुए गन्ना किसानों के घर में कड़वाहट भरी हुई है जिस गति से भुगतान हो रहा है हमें नहीं लगता होली के पर्व से पहले पिछले वर्ष का बकाया गन्ना भुगतान मिल पाएगा अगर बजाज ग्रुप फरवरी माह में वादे के अनुरूप संपूर्ण भुगतान नहीं करता है अब हमको भी अपना वादा तोड़ना पड़ेगा और शांतिप्रिय आंदोलन को बड़े आंदोलन में बदलने के लिए मजबूर हो जाऊंगा आज क्रमिक अनशन पर विद्याधर बाजपेई, अतुल कुमार, कमलेश वर्मा, राजेश कुमार, श्रवण कुमार यादव और सहयोग में आनंद कुमार बाजपेई संतोष कुमार मिश्रा ताराचंद दुलीचंद वर्मा राजेंद्र प्रसाद दिनेश कुमार सरदार अक्षर सिंह रघुवीर प्रसाद हामिद अली बंसीलाल नीरज कुमार मौर्य हरिओम कनौजिया परसादी लाल गौतम विनय कुमार बबलू अवस्थी मोहनलाल मुन्नालाल लालजी प्रसाद गौतम कुलजीत कुमार दिनेश कुमार सरदार जितेंद्र सिंह आदि शामिल रहे।

## खबरें एक नजर में

### प्रथम निशान यात्रा का बाबा श्री खाटू श्याम छोटी देवी मंदिर से हुआ शुभारंभ



**मोहम्मदी खीरी समृद्धि न्यूज।** आज सुबह बाबा श्री खाटू श्याम यात्रा छोटी देवी मंदिर से निकाली गई पूरे नगर का किया भ्रमण आयोजक अमन रस्तोगी व मंत्री एवं विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह व पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष संदीप मेहरोत्रा व जिला संयोजक लोकभारती अतुल रस्तोगी ने पूजन ज्योति प्रतिजलन करने के बाद क्षेत्र और नगर के तमाम भक्तों ने बाबा श्री खाटू श्याम की यात्रा में जयकारे लगाए यात्रा में मंत्री एवं विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष संदीप मेहरोत्रा जिला संयोजक लोकभारती अतुल रस्तोगी,अंकुर आदि तमाम भक्तगण यात्रा में शामिल हुए।

### साइबर सेल टीम ने ठगों द्वारा खाते से निकाली गई धनराशि कराई वापस

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।** एसपी के निर्देशन में अपने कार्यों को सही ढंग से अमलीजामा पहनाने में लगी साइबर क्राइम सेल टीम ने साइबर ठगो द्वारा खाते से निकाली गई धनराशि पीड़ित के खाते में वापस लौटाई। कस्बा कुठौंद निवासी नवीन अवस्थी पुत्र लालजी अवस्थी के खाते से साइबर ठगों ने 35 हजार रुपये धनराशि धोकाधडी कर निकाल ली थी। जिस के संबंध में उसने कुछ दिन पूर्व एसपी कार्यालय में प्रार्थना पत्र दिया था। जिसको एसपी ईरज राजा ने संज्ञान में लेते हुए साइबर क्राइम टीम को लगा दिया था। साइबर क्राइम टीम में ऑनलाइन धोखाधड़ी व साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण व आवश्यक कार्यवाही के लिए चलाए जा रहे अभियान के चलते आवेदक के बैंक स्टेटमेंट निकालकर कई एजेंसियों से संपर्क किया। जिसके बाद उसकी संपूर्ण धनराशि सफलतापूर्वक उसके खाते में वापस करा दी। पूरे पैसे खाते में पाकर आवेदक ने एसपी और साइबर क्राइम टीम की प्रशंसा की। इस दौरान साइबर सेल टीम के प्रभारी विकास सिंह, वीर विक्रम सिंह समेत उनकी पूरी टीम मौजूद रहे।

### विद्युत जेई का हमलावर पुलिस की पकड़ से दूर

**कोंच (जालौन), समृद्धि न्यूज।** गत रोज रविवार को विधुत उपखंड कोंच के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र कैलिया में पदस्थ अवर अभियंता जितेंद्र देव वर्मा व लाइनमैन नरेंद्र सिंह के साथ गांव बरहल में गाली गलौज कर लाठी डंडों से मारपीट करने और मोबाइल फोन तोड़ डालने के आरोप में पुलिस ने घायल अवर अभियंता की तहरीर पर आरोपी राम अनुग्रह सिंह पुत्र बृजेन्द्र सिंह निवासी ग्राम बरहल के खिलाफदेर शाम दफा 332, 333, 307, 353, 504, 506 सहित 135 विद्युत अधिनियम एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था। वहीं थाना पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी हेतु उसके संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दे रही है लेकिन फिलहाल वह पुलिस की पकड़ से दूर बना हुआ है। थानाध्यक्ष रविन्द्र नाथ गौतम का कहना है कि आरोपी को शीघ्र ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जायेगा। उधर, साथी पर हमला होने से विभागीय कर्मियों में आक्रोश देखा जा रहा है। घटना को लेकर बताया जा रहा है कि अवर अभियंता जितेंद्र देव वर्मा रविवार को गांव बरहल में लाइन मैन नरेंद्र सिंह के साथ चौकिंग करने हेतु गये हुए थे। इसी दौरान ट्रांसफार्मर से बिजली चोरी का एक मामला उनकी नजर में आ गया जिसको लेकर वह बीडीयो बनाने लगे। तभी मौके पर पहुंचे राम अनुग्रह ने गाली गलौज कर अवर अभियंता व लाइन मैन के साथ लाठी डंडों से मारपीट की और मोबाइल फोन भी तोड़ डाला। बताया जा रहा है कि आरोपी कुल्हाड़ी से प्रहार करने वाला था लेकिन येन वक्त पर अवर अभियंता व लाइन मैन ने उसकी कुल्हाड़ी पकड़ ली। वहीं पुलिस द्वारा घायल अवर अभियंता व लाइन मैन को चिकित्सकीय परीक्षण हेतु सीएचसी केन्द्र कोंच भेजा गया जहां अवर अभियंता की पीठ पर लाठी डंडे के 3-4 निशान देखने को मिले जबकि लाइन मैन के शरीर पर खरोंच के निशान देखने को मिले।

# बिना जांच आवास काटे जाने के संबंध में प्रधान संघ की बैठक संपन्न

**मोहम्मदी खीरी, समृद्धि न्यूज।**



ब्लॉक मोहम्मदी क्षेत्र के ग्राम प्रधानों ने विकास खण्ड सभागार में ग्राम पंचायत बिजौली खानपुर में अनुसूचित जाति के ग्रामीण प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों के आवास बिना जांच के काटे जाने के संबंध में एक बैठक प्रधान संघ अध्यक्ष कृष्ण कुमार अवस्थी के नेतृत्व में एवं ब्लॉक प्रमुख महेंद्र कुमार बाजपेई व खण्ड विकास अधिकारी धर्मेश कुमार पांडे की मौजूदगी में आयोजित की गई। बैठक में प्रधान संघ अध्यक्ष ने ब्लाक प्रमुख खंड विकास अधिकारी को अवगत कराते हुए बताया कि ग्राम पंचायत बिजौली खानपुर विकासखंड मोहम्मदी में प्रधानमंत्री ग्रामीण योजना के अंतर्गत आय आवासों को पूर्व सचिव प्रभात कुमार द्वारा बिना जांच किए ही अपात्र घोषित कर दिया गया, जिसमें ग्राम सभा का प्रस्ताव भी नहीं कराया गया। सुशील बाबू द्वारा बताया कि आवास प्रभात कुमार द्वारा ही कटवाए गए हैं। जबकि 5 दिन पहले तक सुशील बाबू हमें यही बताते रहे कि कोई भी आवास नहीं काटा गया हैं।

उन्होंने आगे बताया कि जब हम लखीमपुर खीरी वीश्डी0ओ साहब के यहां गए तब हमें जानकारी हुई कि आवास कर चुके हैं। प्रधान संघ अध्यक्ष कृष्ण कुमार अवस्थी सहित सभी ग्राम प्रधानों ने खंड विकास अधिकारी धर्मेश चन्द्र पांडे को लिखित प्रार्थना पत्र पर पद, मोहर,साइन के साथ देकर निवेदन करते हुए कहां पात्र आवासों को बनवाया जाए और दोषियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाए। बाद में सचिव द्वारा बताया गया जीश्आरश्एसश्प्रमोद कुमार के कहने पर हुआ। बैठक में रामनिवास,महिपाल,सुमन देवी, प्रेमलता, बलविंदर कौर, निर्मल सिंह अनुज वर्मा आदि अनेकों क्षेत्रीय ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

## रवा गांव में डीएम की जन चौपाल का आयोजन 15 को

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी चाँदनी सिंह ने बताया कि 15 फरवरी (बुधवार) को पूर्वान्ह 11 बजे ग्राम पंचायत रवा विकास खण्ड नदीगांव में जन चौपाल आयोजित की जाएगी। जन चौपाल के दौरान जन शिकायतों का गुणवत्तापरक निस्तारण कराया जाएगा। साथ ही कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन, पात्र लाभार्थियों का चयन, ग्राम पंचायत द्वारा निर्गत किये जाने वाले विभिन्न प्रमाण पत्रों, ग्राम पंचायत में कराये गये विकास कार्यों, राजस्व कार्यों आदि की भी समीक्षा की जाएगी। कृपया व्यापक प्रचार-प्रसार कराते हुए अन्य आवश्यक व्यवस्थायें कराया जाना सुनिश्चित करायें। उप जिलाधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी सुनिश्चित करेगें कि उनके तहसील, विकास खण्ड एवं ग्राम स्तरीय राजस्व, विकास विभाग एवं संबंधित अन्य विभागों के कर्मचारी, अधिकारी वांछित अद्यावधिक सूचनाओं के सहित जन चौपाल के दौरान उपस्थित रहें।

# खीरी टाउन में भी चलेगा अतिक्रमण मुक्ति अभियान, आज से शुरू होगा सर्वे

**एसडीएम ने की बैठक, बनाई रणनीति**

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

प्रशासन खीरी टाउन में भी अतिक्रमणकारियों पर शिकंजा कसेगा। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने सभी नगरीय निकायों क्षेत्रों में नगर वासियों को सुगम यातायात, आवागमन मुहैया कराने के उद्देश्य से अतिक्रमण मुक्ति अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। डीएम से प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में उप जिलाधिकारी (सदर) श्रीमती श्रद्धा सिंह ने नगर पंचायत खीरी टाउन में अतिक्रमण मुक्ति अभियान चलाए जाने से पहले सोमवार को पीडब्ल्यूडी, राजस्व, नगर पंचायत एवं पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की, अतिक्रमण पर रणनीति बनाई। एसडीएम सदर श्रद्धा सिंह ने बताया कि मंगलवार से खीरी टाउन में सर्वे का कार्य राजस्व, नगरीय निकाय एवं पीडब्ल्यूडी की संयुक्त टीम द्वारा शुरू किया जाएगा। इस दौरान सभी अतिक्रमणकारियों को प्रशासन नोटिस भी देगा। एक सप्ताह की मियाद के बाद प्रशासन युद्ध स्तर पर अतिक्रमण अभियान चलाकर पूरी प्रतिबद्धता के साथ सुगम यातायात को सुलभ कराएगा। इस अभियान के जरिए प्रशासन बिना किसी भेदभाव के अतिक्रमणकारियों पर शिकंजा कसेगा। एसडीएम ने बताया कि इसी बीच हुआ नगर निकाय खीरी टाउन के कार्यालय में व्यापारियों के संग भी समन्वय बैठक करेंगी।

# इमरजेंसी में शराब के जाम लड़ा रहे कर्मचारियों ने जमकर किया हंगामा

**नशे में धुत कर्मचारियों ने मीडिया से की अभद्रता, सीएमएस ने दोनों पर कार्यवाही करने की कही बात**

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

पुरुष जिला अस्पताल की इमरजेंसी में तैनात दो फार्मेसिस्टो ने शराब के नशे में धुत होकर हंगामा काटना शुरू कर दिया। इतना ही नहीं वहां मौजूद मीडिया कर्मियों से भी लड़खड़ाते हुए अभद्रता कर दी। सूचना पर पहुंचे सीएमएस ने दोनों कर्मचारियों को लताड़ लगाते हुए कार्यवाही करने की बात कही।

जिला अस्पताल की इमरजेंसी में तैनात कर्मचारियों का एक नया कारनामा सामने आया है। बताया गया है कि जिला पुरुष अस्पताल में तैनात फार्मेसिस्ट सुबोध नायक व एसके उपाध्याय अस्पताल परिसर में शराब के नशे में धुत होकर हंगामा काट रहे थे। इतना ही नही बल्की इमरजेंसी के एक कमरे में बंद होकर पैक पर पैक लडा रहे थे। इसी दौरान किसी ने मामले की सूचना सीएमएस को दी।

खबर पाकर मौके पर पहुंचे सीएमएस ने कमरे का दरवाजा खुलवाया और तत्काल नशे में टल्ली दोनों स्वास्थ्य कर्मियों का चिकित्सीय परीक्षण कराने के आदेश दिए। इस दौरान दोनों फार्मेसिस्ट मीडिया कर्मियों के साथ भी अभद्रता करने लगे। बाद में सीएमएस ने कार्यवाही का आश्वासन दिया और मामला शांत कराया।

## संदिग्ध हालात में महिला की मौत

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।** आटा थाना क्षेत्र के ग्राम चमारी में संदिग्ध हालत के चलते महिला की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया, सूचना पर पहुंची पुलिस ने जानकारी लेते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आटा थाना क्षेत्र के ग्राम चमारी में राकेश अहिरवार की 35 वर्षिय पत्नी रामवती की हालत बिगड़ गई और वह अचेत हो गई। अचेत अवस्था में पड़ी पुत्रवधू को देखकर परिजन घबरा गए और उनमें चीख-पुकार मच गई। घर में मचा शोरगुल सुनकर आस पड़ोस के लोग मौके पर पहुंच गए। मौजूद लोगों की मदद से परिजन उसे उठाकर मेडिकल कॉलेज ले गए जहां पर उसकी मौत हो गई। मामले की खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने जानकारी लेते हुए शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। वही मृतक महिला की मां कलावती ने बताया कि वह काफी समय से बीमार चल रही थी, और बीमारी के कारण ही उसकी मौत हो गई। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# पेड़ से टकराई कार, नव युवक की मौत

**काम निपटा कर अपने घर सेवढ़ा जा रहा था नव युवक**

**कोंच(जालौन), समृद्धि न्यूज।**



कोंच में काम निपटा कर देर रात अपने घर लौट रहे युवक की कार अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई जिससे कार सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक सीमावर्ती मध्यप्रदेश के जिला दतिया के कस्बा सेवढा का रहने वाला था। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने गाड़ी में फंसे शव को बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 22 वर्षीय मुकुल सोनी पुत्र अरविंद कुमार सोनी निवासी सेवढा जिला दतिया मप्र रविवार की रात कोंच आया था और अपना काम निपटा कर देर रात लगभग ढाई बजे अपनी आई टेन कार नंबर एमपी 07 सीजी 9350 से वापस सेवढा लौट रहा था। कोंच से करीब पांच किलोमीटर दूर तूमरा के पास मुख्य सड़क पर उसकी कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े एक पेड़ से जा टकराई जिससे कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और मुकुल की मौके पर ही मौत हो गई। कोतवाल नागेंद्र कुमार पाठक, सब इंस्पेक्टर संजय सिंह पाल व खेड़ा चौकी प्रभारी सर्वेश कुमार सिंह सूचना मिलते ही दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और गाड़ी में फंसे शव को बाहर निकाला जिसके बाद पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना भेजकर मौके पर बुला लिया था।

# आपराधिक कृत्यों को अंजाम देने वालों को बख्शा नहीं जायेगा : एसओ

**सिरसा कलार पुलिस की सक्रियता से बदमाश होने लगे भूमिगत**

**कुठौंद (जालौन), समृद्धि न्यूज।**



थाना सिरसा कलार क्षेत्र में पुलिस अधीक्षक डॉक्टर ईराज राजा के कुशल निर्देशन में एवं क्षेत्राधिकारी उमेश पांडे के मार्गदर्शन में तथा सिरसा कलार थानाध्यक्ष दिव्य प्रकाश तिवारी के अगुवाई में अपराधियों, माफियाओं, बाहन चोर एवं अपराधिक कृत्यों में संलिप्त बदमाशों पर पुलिस पैनी नजरें गढ़ाये हुये हैं। उनके रुकने के स्थानों पर भी लगातार की जा रही छापेमारी एवं अपराधियों की धरपकड़ के लिये भी अभियान निरंतर चलाया जा रहा है।

सिरसा कलार थानाध्यक्ष दिव्य प्रकाश तिवारी को एक बहुत बड़ी सफलता हाथ लगी जब उन्होंने 307 के वांछित अपराधी अखिलेश पुत्र राजेश निवासी ग्राम छानी अहीर को एक चाकू सहित गिरफ्तार कर लिया जिसके खिलाफ थाना सिरसा कलार में पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 179/22 धारा 452, 324, 506, 307 आईपीसी वांछित अभियुक्त अखिलेश पुत्र राजेश निवासी ग्राम छानी अहीर थाना सिरसा कलार को गिरफ्तार कर कब्जे से एक अदद चाकू बरामद किया गया। इसकी पुलिस को काफी दिनो से तलाश थी इससे पहले भी कई गैंगस्टर एवं बाहन चोर, लुटेरे एवं वांछित अपराधियों को जेल भेजा जा चुका है जिससे सिरसा कलार थाना क्षेत्र में शांति का माहौल व्याप्त है।

## शिव जयंती महोत्सव के उपलक्ष में निकाली प्रभात फेरी

**बिसवां सीतापुर, समृद्धि न्यूज।** प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय जहांगीराबाद बस स्टाप के तत्वावधान मे शिव जयंती महोत्सव के उपलक्ष में शिव ध्वज के साथ प्रभात फेरी निकाली गयी जो नगर के मुख्य चौराहे से होते हुए वापिस जहांगीराबाद बस-स्टॉप पर समाप्त हुई। प्रभात फेरी में मुख्य प्रभारी ब्रह्मकुमारी नन्दिनी ब्रह्म कुमारी शिप्रा व प्रीति एवं ब्रह्म कुमार शत्रुघ्न सिंह, नन्द जी कुशवाहा, बालेश्वर सिंह, अजय, रामनारायण, नारायण अग्रवाल, राम सेवक, आशीष, उमेश, ब्रह्म कुमारी पूनम सिंह, अनीता, माया, मीना आदि सहित अन्य ब्रह्म कुमार एवं ब्रह्म कुमारी उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री के निर्देश फिर भी अधिकारी नहीं उठाते जनता की कॉल

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।**

**राजस्व, बिजली, बिजलीघर, जल संस्थान, आबकारी, पूर्ति, वन विभाग आदि विभागों के अधिकारियों के अक्सर फोन नहीं उठते**

सरकार लगातार अधिकारियों को जनता के फोन उठाने और फोन न उठाने पर काल बैक करने के निर्देश दे रही है। सरकार के तमाम निर्देशों के बाद भी अधीनस्थों की कार्यप्रणाली में बदलाव नहीं आ रहा है अधिकारी जनता के फोन नहीं उठाते हैं। अधिकारियों के फोन न उठने के कारण जनता को परेशानी हो रही है। नगर के लोगों ने जिलाधिकारी से अधिकारियों को आम जनता के फोन नियमित उठाए जाने के निर्देश देने की मांग की है। मुख्यमंत्री लगातार अधिकारियों को निर्देश दे रहे हैं कि वह जनता की समस्याओं के प्रति गंभीरता दिखाएं और जनता के फोन उठाएं। अगर किसी कार्य में व्यस्तता के चलते फोन न उठा पाए तो समय मिलने पर काल बैक जरूर करें। मुख्यमंत्री के तमाम निर्देशों के बाद भी अधिकारी मान नहीं रहे हैं। मुख्यमंत्री की नसीहत के बाद भी अधिकारी अपनी कार्य प्रणाली में बदलाव नहीं ला रहे हैं। राजस्व, बिजली, बिजलीघर, जल संस्थान, आबकारी, पूर्ति, वन विभाग आदि विभागों के अधिकारियों के अक्सर फोन नहीं उठते हैं। इसके साथ ही राजस्व, आबकारी, वन विभाग के अधिकारियों को अगर जनता कोई सूचना देना चाहे तो अधिकारी फोन नहीं उठाते हैं। फोन न उठने के कारण जनता का अधिकारियों से संवाद नहीं हो पाता है जिससे सूचनाओं के आदान प्रदान में दिक्कत आती है। नगर के प्रबुद्धजन उमेश दीक्षित, दीपक शर्मा, अमित श्रीवास्तव, बादाम सिंह यादव, भगवती प्रसाद आदि ने जिलाधिकारी से मांग की है कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप अधिकारी फोन न उठाने की शिकायतों पर अधिकारियों के फोन उठाने की आदत की रियलिटी चैक कराई जाए एवं फोन न उठने पर कार्रवाई की जाए।

## समाजसेवी शिव कुमार पांडे का निधन

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।** परसेंडी विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत उदनापुर कला के ग्राम प्रधान मुकुल पांडे के पिता शिव कुमार पांडे समाजसेवी उम्र 65 वर्ष लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया निधन की सूचना पाकर क्षेत्र के हजारों लोग उनके निवास स्थान जमलापुर में जाकर शोक संवेदना व्यक्त की संवेदना एवं अंतिम विदाई में सम्मिलित हुए परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हाल हो रहा था क्षेत्र में सूचना पाकर शोक की लहर दौड़ गई शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में अनिल वर्मा विधायक लहरपुर जासमीर अंसारी सदस्य विधान परिषद उत्तर प्रदेश मनोज त्रिवेदी जिला संयोजक मीडिया भाजपा सीतापुर पप्पू सिंह पूर्व ब्लाक प्रमुख परसेंडी हरीश वर्मा प्रधान कला बहादुरपुर चंदा अली प्रधान ऊंचा खेड़ा सरैया ग्राम पंचायत काहेमारा सुरेश प्रकाश शुक्ला पूर्व प्रधान धमोरा रामनिवास पूर्व प्रधान उदयमलपुर हिमांशु पांडे हिमांशु कुमार पांडे संदीप पांडे सुशील कुमार पांडे काशीराम पांडे मनीष पांडे युवराज त्रिवेदी सहित हजारों लोग अंतिम विदाई में सम्मिलित होकर पुष्प अर्पित अर्पित किया।



# साहित्यकार कमलेश मौर्य ने बढ़ाया मान

**बिसवां सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के प्रथम बार लखनऊ आगमन पर उनके नगरिक अभिनंदन मे प्रदेश के साहित्कारों के प्रतिनिधिमण्डल में सम्मिलित होकर नगर के वरिष्ठ साहित्यकार साहित्य भूषण कमलेश मौर्य मृदु ने जनपद सीतापुर का मान बढाया है. राष्ट्रीय कवि संगम के जिलाध्यक्ष आनंद खत्री ने मृदु को बधाई देते हुए कहा कि वे कवि संगम के राष्ट्रीय मंत्री है इससे संस्था का भी नाम रोशन किया है. लोक भवन मे आयोजित इस नागरिक अभिनंदन समारोह मे साहित्यकार प्रतिनिधि मंडल मे डा. विद्यविंदु सिंह, प्रो. सूर्य प्रसाद दीक्षित जैसे वरिष्ठ एवं वरेण्य साहित्यकार सम्मिलित थे. इसके अतिरिक्त वरिष्ठ रंगकर्मी, उद्यमियों, व्यवसाइयों, स्वयं सहायता समूह के प्रतिनिधि मंडलों ने भी स्मृति भेंट देकर उन्हें सम्मानित किया. संस्कार भारती के बिसवां इकाई के अध्यक्ष भग्वत्शरण श्रीवास्तव, महामंत्री घनश्याम शर्मा, नव सृजन संस्थान के अध्यक्ष संदीप मिश्र सरस, बिसवां लाइयर्स एसोशियेशन के के पूर्व अध्यक्ष बृजेश नारायण गुप्त, आर. एन सिंह, राजेश सिंह, विधायक निर्मल वर्मा, सदस्य विधानपरिषद पवन सिंह चौहान, पूर्व विधायक महेंद्र सिंह यादव, पत्रकार रामकृष्ण पांडे संजय, ग्राम प्रधान रामा भारी अरबाब अहमद, प्रधान भिनहनी प्रेमसागर मौर्य सहित क्षेत्रवासियों, पत्रकारों, साहित्यकारों ने प्रसन्नता व्यक्त की व प्रतिनिधि मण्डल में मृदु का नाम चयनित किये जाने हेतु मुख्यमंत्री को धन्वाद दिया।

# न्यायालय पेशी पर आए सजायाफ्ता कैदी की मौत

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

सोमवार को जिला जेल से न्यायालय पेशी पर आए सजायाफ्ता कैदी की अचानक अटैक पड़ने से मौत हो गई। घटना के बाद वहा सनसनी फैल गई, मामले की खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

गैंगरेप सहित अन्य मामलों में सजा काट रहे सजायाफ्ता कैदी सुरेश उर्फ मुन्ना निवासी नई बस्ती थाना समथर जिला झांसी हाल निवास गांधीनगर थाना कोतवाली कोंच सोमवार दोपहर को एक अन्य मामले में उरई जिला सत्र एवं न्यायालय में पेशी पर लाया गया था। जिसे पुलिस कर्मियों द्वारा उरई की कालपी रोड स्थित जिला अदालत की हवालात में बंद किया गया था। उसी दौरान वह अचानक बैरक के अंदर बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ा। इस घटना को बैरक में बंद अन्य कैदियों ने देख उन्होंने शोर मचा कर बाहर ड्यूटी पर लगे पुलिसकर्मियों को अवगत कराया। जिसे सुनकर पुलिस कर्मियों ने तत्काल उसे निकालकर उरई जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने इलाज करने से पहले ही उसे मृत घोषित कर दिया।

इस घटना की जानकारी मिलते ही हड़कंप मच गया। वहीं पुलिस के आला अधिकारी भी मामले की जांच करने के लिए उरई जिला अस्पताल और जिला अदालत पहुंचे, जहां जांच करने के बाद उसके शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जा रहा है कि सजा याफ्ता कैदी सुरेश तम्बाकू खाये हुए था सवाल यह उठ रहा कि उसके पास तम्बाकू कहां से आई। अपर पुलिस अधीक्षक असीम चौधरी ने बताया कि मुन्ना कई दिनों से बीमार चल रहा था और उसका इलाज भी कराया जा रहा था। पेशी पर आने के दौरान उसकी हालत बिगड़ी और इसी दौरान उसकी मौत हुई। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# प्राइवेट बस संचालक नियमों की धज्जियां उड़ाने में लगे, जिम्मेदार बने मूक दर्शक

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।**

प्राइवेट बस संचालक सरकारी नियमों की अनदेखी कर अपनी मनमर्जी से बसों का संचालन कर रहे हैं। इसके बाद भी परिवहन विभाग मूक दर्शक बना हुआ है। सरकार के नियमों के तहत परिवहन विभाग जिस रूट पर बस संचालित होती है उस रूट का परिवाहन विभाग परमिट देता है। सरकारी निर्देशों का पालन करते हुए बसों का संचालन सुनिश्चित कराना परिवहन विभाग की जिम्मेदारी है। परिवहन विभाग की मिलीभगत से प्राइवेट बस संचालक बसों का संचालन अपनी मर्जी से कर रहे हैं। बस संचालक निर्धारित क्षमता से ज्यादा सवारियों को बैठाकर उनके जीवन से खिलवाड़ करते हैं। एक ओर निर्धारित संख्या से अधिक सवारियों को बैठाया जा रहा तो दूसरी तरफइन बसों की फिटनेस के नाम पर भी खानापूर्ति हो रही है। परिवहन विभाग द्वारा बसों के संचालन के लिए उरई से औरैया, जगम्मनपुर, माधौगढ़, रामपुरा, रेढ़र, कोंच आदि मार्ग पर परमिट जारी किए गए हैं। लगभग 12-13 बसें ऐसी है जो अपने निर्धारित पूरे रूट पर नहीं चलती है बल्कि यह सिर्फ उरई जालौन मार्ग पर चल रही है। इस संदर्भ में एआरटीओ उमेश कुमार ने बताया कि समय समय पर कार्रवाई की जाती है और आगे भी कार्रवाई की जाएगी।

## सूचना

अपने पुत्र राजा मिश्रा से उसके गलत आचरण व व्यवहार के चलते अपने संबंध समाप्त कर, उसे अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। अब अपने कृत्यों व लेन-देन का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा उससे कोई वास्ता नहीं है।

**दीपक मिश्रा पुत्र आसाराम मिश्रा ग्रा0 पंडूरा मजरे खरावा तह0 तिलोई जिला-अमेठी।**

# आत्मनिर्भर महिला देश के प्रगति का प्रतीकः सरिता भदौरिया

**इटावा। समृद्धि न्यूज**



**उत्तर प्रदेश** राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन एवं नाबार्ड के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय बसंत मेला का शुभारंभ विकास भवन परिसर में सोमवार को हुआ। सरिता भदौरिया विधायक सदर ने फीता काटकर समूह की महिलाओं द्वारा स्वर्निर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी का शुभारंभ किया जहाँ पर सबने अपनी पसंद की चीजें खरीदी।

उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर महिला देश के प्रगति का प्रतीक है। ग्रामीण आजीविका मिशन उन्नति के पंख दिया है. आप जितनी ऊंचाई तक उड़ सकते हैं अपनी उन्नति के उड़ान भरे। आज महिलाएं घर परिवार के साथ बाहरी जिम्मेदारियों का भी बखूबी निर्वहन कर रही है। प्रणता एश्वर्या, मुख्य विकास अधिकारी ने सभी महिलाओं को हर संभव सहयोग की बात कही। उन्होंने कहा कि महिलाएं आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त हो रही हैं। बृजमोहन अम्बेड, उपायुक्त स्वरोजगार ने आगत अतिथियों का स्वागत किया और महिलाओं द्वारा किए जा रहे विभिन्न आजीविका गतिविधियों की जानकारी दी। चंदन कुमार गुप्ता डीडीएम नाबार्ड में विषय वस्तु से अतिथियों को अवगत कराया। बसंत मेला अटल वूमेन अवेयरनेस एंड रूरल डेवलपमेंट सोसायटी के संयोजकतत्व में आयोजित हुआ। संस्था के सचिव सुमित सिंह ने बताया कि इस दो दिवसीय मेला के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाना है। सूर्य नारायण पांडेय जिला मिशन प्रबंधक ने बताया कि मेला में कुल 24 स्टॉल महिलाओं द्वारा लगाए गए हैं। जिला मिशन प्रबंधक संतोष कुशवाहा ने कार्यक्रम का संचालन किया वही डॉ नंदकिशोर साह जिला मिशन प्रबंधक ने धन्यवाद ज्ञापित किया। रश्मि और राधा शर्मा ने स्वागत गीत एवं रीमा व राधा रानी ने प्रेरणा गीत प्रस्तुत किया. सुश्री संगीता ने बसंती गीत से सबका मन मोह लिया।

इस मौके दीनदयाल जिला विकास अधिकारी, शौकत अली उपायुक्त मनरेगा, समस्त विकासखंड से एडीओ आईएसबी, अखिलेश यादव जिला मिशन प्रबंधक, दीपेंद्र सिंह तोमर, विप्लव भूषण, जितेश श्रीवास्तव, ब्लॉक मिशन प्रबंधक प्रवीण कुमार, राहुल, मनीष सिंह, धर्मेंद्र श्रीवास्तव सहित कई सामुदायिक कैडर उपस्थित रहे. मंगलवार को मेहंदी और रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। उत्कृष्ट बनाने महिला को सम्मानित किया जाएगा. सभी स्टाल लगेंगे. कोई बह व्यक्ति खरीदारी कर सकता है।

# फर्जी आईआरएस अधिकारी गिरफ्तार

**इटावा। समृद्धि न्यूज**



**आपराधिक** गतिविधियों पर नियंत्रण हेतु अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर के निर्देशन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार के पर्यवेक्षण में थाना जसवंतनगर पुलिस ने फर्जी आईआरएस अधिकारी बनकर धमकाने वाले मुख्य आरोपी सहित चार साथियों को गिरफ्तार किया।

वादिया शीला पत्नी भगवान सिंह निवासी ग्राम जगसौरा थाना जसवंतनगर द्वारा जगसौरा निवासी मनीष कुमार व उसके अन्य साथियों के विरुद्ध असलहों से लैस होकर घर में घुसकर गाली गलौज करने व जान से मारने की धमकी देने के संबंध में तहरीर दी गई। इसी क्रम में पुलिस टीम द्वारा बलरई नहर पुल पर संदिग्ध व्यक्ति, वाहन चैकिंग के दौरान घटना से संबंधित क्रेटा कार सवार पांच व्यक्तियों मनीष कुमार पुत्र राम प्रकाश निवासी जगसौरा जसवंतनगर, लव कुश पुत्र राम प्रकाश निवासी रुकनपुरा जसवंतनगर, अंकित कुमार यादव पुत्र रामदीन निवासी रेल मंडी जसवंतनगर, राजवीर पुत्र महेंद्र कुमार निवासी केसरी थाना नसीरपुर फिरोजाबाद, प्रवीन कुमार पुत्र हरवीर सिंह निवासी नगला लच्छी जसवंतनगर को पकड़ लिया जिनकी तलाशी लेने पर उनके कब्जे से एक रायफल, एक रिवाल्वर फैक्ट्रीमेड, 36 जिंदा कारतूस, 6 खोखा कारतूस, एक फर्जी शस्त्र लाइसेन्स व एक क्रेटा कार बरामद की। हिरासत में लिये गये व्यक्तियों से असलहों के लाइसेंस मांगने पर मनीष द्वारा रिवाल्वर का लाइसेंस उपलब्ध कराया गया एवं शेष असलसों का लाइसेंस दिखाने में असमर्थ रहे। उक्त लाइसेंस संदिग्ध प्रतीत होने पर लाइसेंस की जानकारी की गयी तो लाइसेंस फर्जी पाया गया जिसके संबंध में पूछताछ करने पर मनीष द्वारा बताया गया कि मैंने फर्जी आईआरएस अधिकारी बनकर यह लाइसेंस जनपद गौतमबुद्ध नगर से बनवाया था। इस सफलता में प्रभारी थाना जसवंतनगर मुकेश कुमार सोलंकी, वरिष्ठ उपनिरीक्षक मनोज कुमार, उपनिरीक्षक करनवीर सिंह, उपनिरीक्षक भगवान सिंह, हे.का. शिशुपाल सिंह,का. रामरतन, का. दानिश मोहम्मद, हे.का.चा. मुस्तकीम बाबू का सराहनीय योगदान रहा। उक्त सराहनीय कार्य करने वाली पुलिस टीम को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा 20,000 रुपये के नगद पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया।

## खबरें एक नजर में

### स्नातक छात्रा ने जहरीला पदार्थ खाकर जान दी

**बांदा।** स्नातक छात्रा ने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर घरवालों को जानकारी हो सकी। उसे तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां डाक्टरों ने उसे कानपुर रेफर कर दिया। परिजन उसे लेकर कानपुर जा रहे थे, रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पैलानी थाना क्षेत्र के सिंधनकलां गांव निवासी काजल (22) पुत्री दलजीत सिंह रविवार की रात जहरीला पदार्थ खा लिया। कुछ देर के बाद उसकी हालत बिगड़ गई। तब घरवालों को घटना की जानकारी हुई। उसे तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर उपचार के लिए कानपुर रेफर कर दिया। परिजन उसे लेकर कानपुर जा रहे थे, तभी रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। मौत की खबर मिलते ही घरवालों में कोहराम मच गया। मृतका के ममेरे भाई प्रमोद सिंह ने बताया कि उसका पिता अहमदाबाद में मजदूरी करता है। काजल पिपरहरी गांव स्थित डिग्री कालेज में बीए प्रथम वर्ष की छात्रा थी। रात को उसने जहरीला पदार्थ खा लिया। इससे उसकी मौत हो गई। मौत का कारण अज्ञात है। इस संबंध में थानाध्यक्ष का कहना है कि छात्रा की मौत का कारण परिजन भी नहीं बता पाए हैं। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

### खेत में पानी भरने का विरोध करने पर महिला को निर्वस्त्र कर पीटा

**बांदा।** चने के खेत में खानदानियों ने ट्यूबवेल के माध्यम से पानी भर दिया। महिला ने इसका विरोध किया। इसी से नाराज होकर खानदानियों ने महिला को खेत में ही निर्वस्त्र कर दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। शोरशराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। आरोपी जान से मारने की धमकी देता हुआ मौके से फरार हो गया। घायल महिला का कहना है कि आरोपियों ने उसके साथ अश्लील हरकतें भी की हैं। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। नरैनी कोतवाली क्षेत्र के एक मुहल्ले की रहने वाली 42 वर्षीय महिला दो दिन पहले खेत हरियाली तोड़ने गई थी। खानदान के ही लोगों ने उसके चने के खेत में पानी भर दिया था। महिला ने इसका विरोध किया। इसी से नाराज होकर पिता-पुत्र ने महिला को खेत में निर्वस्त्र कर दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। महिला का आरोप है कि उसके साथ दोनो लोगों ने अश्लील हरकतें भी की हैं। शोरशराबा सुनकर आसपास खेतों में काम कर रहे ग्रामीण दौड़ पड़े। आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। ग्रामीणों ने महिला को कपड़े आदि देकर उसकी इज्जत बचाई। घायल महिला ने घटना की तहरीर पुलिस को दी। पुलिस ने पिता-पुत्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। सोमवार को घायल का महिला अस्पताल में डाक्टरी परीक्षण कराया गया। कोतवाली प्रभारी मनोज शुक्ला ने बताया कि महिला की तहरीर पर पिता पुत्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। शीघ्र ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

### दहेज की मांग को लेकर पति द्वारा प्रताडित करने पर पत्नी ने दी तहरीर

**किशनी।** दहेज के लालच में ब्यक्ति किस कदर अंधा हो जाता है यह पीडिता ने पुलिस को तहरीर देकर बताया। गांव नैगवां निवासी चांदनी पुत्री हुकुम सिंह शाक्य ने तहरीर दी कि उनकी शादी 13 दिसम्बर 2022 को थाना करहल के गांव नानमऊ निवासी विवके कुमार पुत्र पुत्तूलाल के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही उसके पति रोजाना दहेज की मांग को लेकर उसके साथ मारपीट करते हैं। पीडिता ने बताया कि उसके पति उससे चार लाख की मांग कर रहे हैं। दहेज के लालच में अंधे पति ने उसे कई बार जला कर मारडालने का प्रयास किया तथा धमकी देता है कि उसे आग से जला कर मार डालेगा। वह चुपचाप सब कुछ सहन करती रही। इसके बाद भी आरोपी पति ने चांदनी को छह फरवरी को मारपीट कर घर से निकाल दिया है। वह मजबूरन अपने मायके में रह रही है। पुलिस जांच कर रही है।

### सारी सम्पत्ति दामाद को देने के बाद ससुर को घर से निकाला

**किशनी।** सुघरसिंह पुत्र रामस्वरूप शाक्य निवासी गांव शिवपुरी थाना सैंफई इटावा हाल निवासी कन्हूपुर बिरतिया ने तहरीर दी कि उन्होंने अपनी सारी सम्पत्ति अपने दामाद औसान सिंह पुत्र वेदराम निवासी कन्हूपुर को देदी है। इसके बाद भी उसका दामाद औसान सिंह,समधी वेदराम तथा उनकी बेटी राखी न तो उनको खाना खर्चा देते हैं ना ही उनका इलाज कराते हैं। आरोप है कि उक्त सभी ने उनको मारपीट कर घर से निकाल दिया है।

### मुकदमा वापस न लेने पर की मारपीट। रिपोर्ट दर्ज

**किशनी ।** योगेन्द्र पुत्र बारेलाल निवासी किशनपुर मुरगिया ने तहरीर दी कि रविवार को वह अपने चाचा के लडके जितेन्द्र पुत्र रोवनसिंह के साथ डवाह से निमंत्रण खाकर लौट रहा था। रास्ते में उनको गांव नगला चीते निवासी पिन्टू,यशवीर पुत्रगण सुभाष यादव,ध्रुवराम पुत्र दफेदार तथा सनी पुत्र सत्यवीर यादव मिले और उनपर मुकद्दमा बापस लेने का दबाव बनाया। जब उन्होंने इनकार कर दिया तो सभी ने उनके साथ गालीगलौज कर मारपीट की। चीखपुकार सुनकर जब गांव के लोग आगये तो उक्त सभी जान की धमकी देते हुये भाग गये।

### महिला ने लगाया घर में घुसकर मारपीट व छेड़खानी करने का आरोप

किशनी । गांव रूपपुर समान निवासी रूबीदेवी पत्नी बबलू नट ने तहरीर दी कि उनके गांव के गोविन्द व अर्जुन पुत्रगण बिनोद नट रविवार को शराब पीकर उनके घर में घुस आये और उनके साथ छेडखानी की। बिरोध करने पर उनको गालियां देते हुये मारपीट की। जिससे उनको कई जगह चोटें आगई।

### सेंगर नदी के पुल के ऊपर ईटों से भरी ट्राली पलटी

**इटावा।** ग्राम पंचायत मोढ़ी भरथना में बहुत सारे ईट भट्टा लगे हुए हैं जो ईट का निर्माण करते हैं। ग्राम पंचायत में भरथना बकेवर रोड के किनारे स्थित राम भट्टा लक्ष्मी भट्टा रतन दास भट्टा आशा भट्टा नाथ भट्टा चामुंडा भट्टा आदि ईट का निर्माण करते हैं तथा बड़ी मात्रा में यहां से आगरा कानपुर मथुरा जैसे महानगरों में ईट भेजी जाती है।

# दहेज के मामले में पति को 13 साल बाद दो वर्ष का कारावास

**इटावा।** अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट संख्या चार नरेंद्र कुमार ने मारपीट व दहेज के मामले में पति को 13 साल बाद दो वर्ष का कारावास व पांच हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है। यह मामला मैनपुरी जनपद का था जो उच्च न्यायालय के आदेश के बाद इटावा जनपद स्थानांतरित हुआ था।मामले में ज्योति यादव निवासी गली नंबर 10 बी राजा का बाग थाना कोतवाली मैनपुरी का विवाह 08 दिसंबर 2008 को राघवेंद्र यादव पुत्र नवरतन सिंह यादव निवासी कीर्ति नगर डिफेंस कालोनी आगरा के साथ हुआ था।ज्योति के पिता सुरेंद्र सिंह यादव ने शादी में 12 लाख रुपया नकद सहित जेवरात व सामान दिया था।शादी के बाद पति राघवेंद्र यादव द्वारा आगरा में कंप्यूटर शोरूम खोलने के लिए पांच लाख रुपये व प्लाट के लिए तीन लाख रुपये की मांग की गई थी ।

# मनोहारी होगा 50वां रामायण मेला महोत्सवः राजेश

- मुख्यमंत्री कर सकते हैं उद्घाटन

**चित्रकूट। समृद्धि न्यूज**




**प्रभु श्रीराम** की तपोस्थली में राष्ट्रीय रामायण मेले का आयोजन आगामी 18 फरवरी से पांच दिवसीय होगा। मेला के कार्यकारी अध्यक्ष व महामंत्री ने पत्रकारों से बताया कि इस बार 50वां राष्ट्रीय रामायण मेले के स्वर्ण जयंती महोत्सव को आकर्षक और मनमोहक कराया जाएगा।

सोमवार को राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर में कार्यकारी अध्यक्ष राजेश करवरिया, महामंत्री करुणाशंकर द्विवेदी ने बताया कि उप्र, मप्र, बिहार, झारखंड, तमिलनाडु, तेलांगना, आंध्र प्रदेश आदि प्रांतों के रामकथा के मर्मज्ञ विद्वान, कथा व्यास आ रहे हैं। वृंदावन की ब्रज कृष्ण लीला संस्थान, नृत्य कला गृह बांदा, कथक केन्द्र नई दिल्ली, नृत्य नाटिका सुंदर कांड एवं रामायण आधारित, रिवाइल ग्रुप आफइंडिया के नृत्य नाटिका, लोक गायन, भजन आदि कार्यक्रम होंगें। इसके अलावा विशाल प्रदर्शनी लगेगी। 22 फरवरी को मालिनी अवस्थी प्रस्तुतियां देंगी। उन्होंने बताया कि विगत 49 समारोहों में राजनेता, विद्वान, कथा व्यास, सांस्कृतिक दल के कलाकारों ने प्रतिभाग किया है। इसमें प्रधानमंत्री, केन्द्रीय मंत्री, राज्यपाल, मुख्यमंत्री, पीठो के शंकराचार्य, कामिलबुल्के, नजीर मोहम्मद, आचार्य विष्णुकांत शास्त्री, पं रामकिंकर उपाध्याय, मोरारी बापू, अनूप जलोटा आदि शामिल हो चुके हैं। बताया कि मेले के उद्घाटन के लिए मुख्यमंत्री से भेंट कर आमंत्रण दिया गया है। जिस पर आश्वासन मिला है। इसके अलावा विशिष्ट अतिथियों से संपर्क किया जा रहा है। इस मौके पर शिवमंगल शास्त्री, राजाबाबू, कलीमुद्दीन बेग, यूसुफ खान, दद्दू महराज, पप्पू आदि मौजूद रहे।

# किसान ने खुद को गोली से उड़ाया

**बांदा। समृद्धि न्यूज**

**बेटे** की शादी के लिए रुपयों का इंतजाम न हो पाने से परेशान एक किसान ने सोमवार की शाम को अपने घर के सामने पड़े प्लाट में खुद को गोली से उड़ा दिया। कनपटी पर तमंचा सटाकर फायर झोंका, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पंचायतनामा भरने के दौरान मृतक की जेब से छह जिंदा कारतूस भी बरामद हुए हैं।

तिंदवारी थाना क्षेत्र के सैमरी गांव निवासी किसान श्याम किशोर वाजपेयी (50) पुत्र देवी प्रसाद वाजपेयी ने सोमवार की शाम करीब चार बजे घर के सामने पड़े प्लाट में 315 बोर के तमंचे से कनपटी से सटाकर खुद को गोली मार ली।ुयर की आवाज सुनकर पड़ोसी और परिजन मौके पर पहुंच गए। एंबुलेंस को सूचना दी गई। कुछ ही देर में किसान ने दम तोड़ लिया। खबर पाकर मौके पर पहुंचे कुरसेजा चौकी प्रभारी अरविंद कुमार सिंह व इंसपेक्टर नरेंद्र प्रताप सिंह ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरा। पंचनामा भरने के दौरान मृतक के पास से छह जिंदा कारतूस भी बरामद हुए हैं। मृतक श्याम किशोर अपने पीछे एक बेटा व एक बेटी छोड़ गया है। बेटी की शादी हो चुकी है। जबकि बेटै सत्येंद्र की शादी तिंदवारा गांव में तय हुई है। 10 फरवरी को तिलक था और 5 मार्च को शादी होनी है। श्याम किशोर पत्नी सुमन बाजपेयी और बेटे सत्येंद्र बाजपेई के साथ घर में रहता था। आत्महत्या का कारण तो स्पष्ट नहीं हो सका है। लेकिन बताया जा रहा है कि मार्च के महीने में बेटी की शादी होनी है, और रुपयों का इतजाम नहीं हो पा रहा था, इसी से परेशान होकर किसान ने गोली मारकर आत्महत्या कर ली। हालांकि पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

# पूर्व मंत्री व नेताओं ने विजेता- उपविजेता टीम को किया पुरूस्कृत

**इटावा। समृद्धि न्यूज**

**भरथना** नगर क्षेत्र के आधा सैकडा से अधिक समाजसेवियों की स्मृति में भरथना के आदर्श बॉलीबाल क्लब के तत्वाधान में आयोजित दो दिवसीय प्रदेश स्तरीय बॉलीबाल प्रतियोगिता के अन्तिम व समापन दिवस पर बाहर से आयीं विभिन्न टीमों के बीच जबरदस्त मुकाबला चला।रोमांचक अन्दाज में खिलाडियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन को देखने के लिए सैकडों की संख्या में खेलप्रेमी एक ही स्थान पर डटे रहे। जिसमें गिरधारीपुरा भरथना की टीम विजेता व सिसाहट जसवन्तनगर की टीम उपविजेता रही। कस्बा के मुहल्ला जवाहर रोड स्थित मिडिल स्कूल प्रांगण में आदर्श बॉलीबाल क्लब भरथना के तत्वाधान में आयोजित बॉलीबाल प्रतियोगिता के अन्तिम व समापन दिवस पर आयोजित प्रतियोगिता में विभिन्न टीमों के खिलाडियों ने अपना-अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन दिखाया।जिसमें गिरधारीपुरा भरथना की टीम विजेता व सिसाहट जसवन्तनगर की टीम उपविजेता रही तथा बैट लिफ्टिंग प्रतियोगिता में शिम्पू शुक्ला ने प्रथम स्थान तथा मुन्ना सिंह ने द्वितीय स्थान पर अपना कब्जा जमाया। प्रतियोगिता में बतौर अतिथि मौजूद पूर्व मंत्री विनोद यादव कक्का,पूर्व ब्लाक प्रमुख हरिओम यादव,पूर्व चैयरमेन मनोज पोरवाल, जि.पं.स. पुष्कर सिंह यादव आदि ने क्लब अध्यक्ष सुखराम सिन्धी की मौजूदगी में विजेता टीम को 5100 रूपये व उपविजेता टीम को 3100 रूपये के साथ बैट लिफ्टिंग के खिलाडियों को भी नगद पुरूस्कार प्रदान करके उन्हें सम्मानित करते हुए उत्साहवर्धन किया। इससे पूर्व विभिन्न टीमों के बीच चले रोमांचक मुकाबले को देखने के लिए सैकडों की संख्या में खेलप्रेमी एक ही स्थान पर डटे रहने को मजबूर बने रहे।इस मौके पर शिवमोहन सिंह चौहान, सुरेश सिंह कुशवाह,मोहन पालीवाल, राहुल यादव, अरविन्द दुबे, टिल्लू यादव, नकुल यादव, मुकेश यादव रिंकू चौहान सहित समस्त क्लब पदाधिकारियों के साथ सैकडों खेलप्रेमियों की उपस्थित उल्लेखनीय रही।

# मैनपुरी रेलवे स्टेशन पर मिलेगी एयरपोर्ट जैसी सुविधायें

- पर्यटन एवं संस्कृति जयवीर सिंह की मेहनत लाई रंग

**मैनपुरी। समृद्धि न्यूज**



**अमृत** भारत स्टेशन योजना के तहत आगरा मण्डल के 9 रेलवे स्टेशन हाईटेक बनाये जायेगें इसके लिये निर्देश जारी कर दिये गये है। रेलवे ने इन स्टेशनों पर एयरपोर्ट की तरह सुविधायें देने की तैयारी की है। मैनपुरी रेलवे स्टेशन को रेलवे ने पहले ही जंक्शन घोषित किया है। क्योंकि इसको जंक्शन बनाने के लिये प्रदेश सरकार के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने केन्द्र सरकार के रेलवे मंत्री को पत्र लिखकर हाईटेक बनाने की मांग की थी जिसको पहले स्वीकार कर लिया गया था। रेल मंत्री ने मैनपुरी रेलवे स्टेशन को हाईटेक बनाने के साथ साथ मैनपुरी रेलवे स्टेशन से होकर कई एक्सप्रेस टेऊनें संचालन करने की घोषणा पहले ही कर दी है। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत प्रदेश के 149 रेलवे स्टेशनों का कायकल्प करने का फैसला किया गया है जिसमें मैनपुरी का रेलवे स्टेशन भी शामिल है। आगरा से शिकोहाबाद होकर मैनपुरी फर्रूखाबाद कानपुर तक जाने वाले रेलवे टैऊक्र से जुड़े 9 रेलवे स्टेशन हाईटेक बनाये जायेगें। मैनपुरी रेलवे स्टेशन के अधीक्षक बीएस मीणा का कहना है कि इस संबन्ध में उनके पास जानकारी आयी है विस्तृत प्लान पर इलाहाबाद कार्यालय में मंथन चल रहा है। मैनपुरी रेलवे स्टेशन पर हाईटेक सुविधायें मिलेगी। यात्रियों के ठहरने, प्लट फार्म पर इन्तजार करने के दौरान कोई असुविधा न हो इसकी पूरी व्यवस्था की जायेगी मैनपुरी और इटावा के बीच बने रेलवे टैऊक्र पर भी सुपर फास्ट टेऊने संचालन करने की योजना रेलवे ने बनायी है। मैनपुरी से जुडे रेलवे टैऊक्र के मैनपुरी, शिकोहाबाद, टुण्डला, फर्रूखाबाद, फिरोजाबाद, आगरा कैन्ट, आगरा किला, अछनेरा, ईदगाह, मथुरा, इन स्टेशनों का कायाकल्प होगा। मैनपुरी के रेलवे स्टेशन पर कानपुर आंनद बिहार दिल्ली एक्सप्रेस टेऊन, कालिन्द्री एक्सप्रेस टेऊन आगरा कैन्ट बाया मैनपुरी फर्रूखाबाद पैंसजर टेऊन इटावा मैनपुरी पैसंजर टेऊन शिकोहाबाद बाया मैनपुरी कासगंज, टेऊन का मैनपुरी रेलवे स्टेशन पर अभी ठहराव होता है। इस बारे में पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह का कहना था कि मैनपुरी काफी पुराना शहर है तथा अब यह जंक्शन भी बन चुका है और इसको कई सुविधायें मिलने वाली है इससे यहां की जनता को लाभ मिलेगा तथा व्यापार में प्रगति होगी। अब पूरे देश में कहीं पर भी यहां से यात्री जा सकेंगें।

# अपर एसपी ने किया पुलिस कार्यालय का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण

**बांदा।** अपर पुलिस अधीक्षक लक्ष्मी निवास मिश्र ने सोमवार को पुलिस कार्यालय की सभी शाखाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पूछतांछ करते हुए मातहतों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके साथ ही सभी अभिलेखों को व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए।

अपर एसपी श्री मिश्र ने निरीक्षण के दौरान वाचक कार्यालय साइबर शाखा, सीसीटीएनएस शाखा, आंकिक शाखा, प्रधान लिपिक कार्यालय, सोशल मीडिया सेल तथा कार्यालय की अन्य सभी शाखाओं का निरीक्षण कर सभी अभिलेखों को अद्यावधिक करने के निर्देश दिए। अपर एसपी ने सभी शाखाओं में मौजूद मातहतों से बात करते हुए जानकारियां हासिल की। इसके साथ ही आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

अपर एसपी ने मातहतों से कहा कि सभी कार्यों को समय से पूरा किया जाए। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

# सेंटमेरी में सत्र समापन समारोह में सांस्कृतिक व खेलकूद गतिविधियों के विजेताओं को पुरुस्कृत किया गया

**इटावा। समृद्धि न्यूज**

- पूर्व उप मुख्यमंत्री ने सांस्कृतिक व खेलकूद के विजेताओं सहित सर्वोत्तम अनुशासित हाउस व अनुकरणीय कैप्टेंस को पुरस्कृत किया




**सेंटमेरी** इन्टर कालेज में सत्र 2022-23 के विदाई अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक एवं खेलकूद गतिविधियों के समापन समारोह में आए मुख्य अतिथि पूर्व उप मुख्यमंत्री प्रो.डा.दिनेश शर्मा ने कालेज के सर्वोत्तम चैंपियनशिप की ट्राफी सेंट फ्रांसिस हाउस (397 अंक) व उपविजेता की ट्राफी सेंट अलफोंसास हाउस (386 अंक) को देकर पुरस्कृत किया।

सेंटमेरी इन्टर कालेज में सत्र 2022- 23 के समापन समारोह में आए मुख्य अतिथि उ.प्र.सरकार के पूर्व उप मुख्यमंत्री प्रो.डा.दिनेश शर्मा एमएलसी के कालेज आगमन पर सेंटमेरी के छात्रों ने बैंड बाजों के साथ जोरदार स्वागत किया।समापन समारोह की शुरुआत दीप प्रज्वलन व बच्चों द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना गीत से हुई।

सेंटमेरी के प्रिंसिपल फादर जोबी जोसेफ,मैनेजर फादर बिंसन,फादर बिबिन व वाइस प्रिंसिपल सिस्टर जिंसी ने मुख्य अतिथि पूर्व उप मुख्यमंत्री प्रो.डा.दिनेश शर्मा (एमएलसी),एमएलसी प्रांशु दत्त दीक्षित,सदर विधायक सरिता भदौरिया,पूर्व सांसद रघुराज सिंह शाक्य सहित आए हुए अतिथियों संजय चौधरी,सुधीर मिश्रा का बुके व प्रतीक चिन्ह भेंटकर स्वागत व अभिनंदन किया।प्रिंसिपल फादर जोबी जोसेफ ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि किसी भी स्कूल की सबसे मूल्यवान संपत्ति उसके छात्र होते हैं,उनके बिना अध्यापक और स्कूल कुछ भी नहीं है।लेकिन एक अच्छे शिक्षक के बिना विद्यार्थी भी कुछ नहीं हैं।सभी बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मेरी दिल से यही इच्छा है कि आप सभी जीवन में बहुत आगे बढ़े और पूरे देश में अपने स्कूल और माता-पिता का नाम रोशन करें। समापन समारोह में आए मुख्य अतिथि पूर्व उप मुख्यमंत्री प्रो.डा.दिनेश शर्मा एमएलसी ने सांस्कृतिक,खेलकूद व सर्वोत्तम अनुशासित सेंट फ्रांसिस हाउस के विजेता कैप्टेंस अक्षत सिंह,जानवी, शुभ यादव,अग्रिमा सिंह,नव्या यादव,सैमुअल संतोष व सभी टीचर्स एवं उप विजेता सेंट अलफोंसास हाउस के कैप्टेन्स अरुणभ्या कुमार,प्रिया गुप्ता,अर्पित सिंह,विनोद जोसेफ,रिन्टो विनसेंट, गजला खान,स्नेह अमोल,रिया एम जोस व मनीषा दीक्षित व सभी टीचर्स तथा सेंट एंटोनी हाउस व मदर थेरेसा हाउस के कैप्टेंस व टीचर्स सहित अनुकरणीय कैप्टेंस हायर सेक्शन अक्षिता चौबे व जूनियर सेक्शन एलेशा पटेल को मेडल,ट्रॉफी व पुरस्कार वितरित किए।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सेंटमेरी के छात्र बहुत ही अनुशासित हैं।उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व शिक्षा केंद्र के रूप में सेंटमेरी इन्टर कालेज इटावा को देख रहा हूं।आज देश बदल रहा है। पूरा विश्व आज भारत की ओर देख रहा है।मुझे खुशी है कि लोग पहले हिंदुस्तान से बाहर पढ़ने जाते थे, लेकिन उत्तर प्रदेश में शिक्षा का जो परिवर्तन आया है उसमें आज 38 देशों के बच्चे प्रदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों में पढ़ रहे हैं।उन्होंने कहा कि हमने कोरोना काल में ऑनलाइन एजुकेशन का विचार दिया था जिसमें कई देश हमसे एमओयू साइन कर रहे हैं।इटावा आज प्रदेश के उन शहरों में शामिल हो चुका है जो प्रदेश में सबसे तेजी से आगे आने वाले जिलों में शामिल है।उन्होंने कहा कि आज सेंटमेरी में आकर मुझे अपना बचपन याद आ गया।उन्होंने कहा कि, हमेशा स्कूल में मिले पुरुस्कार की पूजा करना वही पुरुस्कार आपको जीवन में आगे लेकर जायेगा।उन्होंने कहा कि सफलता की असली कुंजी है जीवन में अनुशासित होना,उन्होंने बच्चों को परीक्षा के टिप्स देते हुए कहा कि, परीक्षा के समय बच्चे को फ्री छोड़ दीजिए। उन्होंने कहा कि अब इटावा बदल गया है,आज का इटावा सभी एक्सप्रेसवे से जुड़ने वाला जिला बन चुका है।उन्होंने शिक्षकों को स्बोधित करते हुए कहा कि बच्चों को सिखाने से पहले स्वयं तैयारी करें क्यों कि बच्चे शिक्षक से बहुत कुछ सीखते हैं।उन्होंने बच्चों को अपनी शुभकामनाएं दी।इस अवसर पूर्व उपमुख्यमंत्री डॉ.दिनेश शर्मा ने सर्पमित्र डॉ.आशीष त्रिपाठी के सर्प दंश जागरूकता अभियान के विशेष पोस्टर का विमोचन भी किया।

# नकल विहीन एवं शुचिता पूर्ण ढंग से संपन्न कराई जाएंगी बोर्ड परीक्षाएं: डीएम

- डीएम ने बैठक कर सम्बन्धित अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश, जिले में हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के 105 सेन्टरों पर 54247 विद्यार्थी देंगे परीक्षा
- 3 जोनल मजिस्ट्रेट, 17 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 105 स्टैटिक्स मजिस्ट्रेट 105 केंद्र व्यवस्थापक, व पाचं सचल दल की निगरानी में होगी बोर्ड परीक्षाएं





कन्नौज,समृद्धि न्यूज

**माध्यमिक** शिक्षा परिषद, उ0प्र0 द्वारा 16 फरवरी से 04 मार्च, तक संचालित होने वाली हाईस्कूल एवं इंण्टरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2023 को सुचिता एवं शान्ति पूर्वक व नकल विहीन सम्पन्न कराने के उद्देश्य से सोमवार को जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कलेक्टेऊट सभागार में समस्त जोनल मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट तथा केन्द्र व्यवस्थापकों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि शांतिपूर्ण, सुचितापूर्ण परीक्षा सम्पादित कराने हेतु समस्त अधिकारी अपनी ड्यूटी गंभीरता करें। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि वर्ष 2023 की बोर्ड परीक्षा हेतु निर्धारित समस्त परीक्षा केन्द्रों में प्रश्नपत्र रखे जाने हेतु एक पृथक कक्ष को स्ट्रांग रूम बनाया जाएगा। उन्होंने कहा की स्ट्रांग रूम में किसी अधिकारी व कर्मचारी का मोबाइल फोन के साथ प्रवेश वर्जित होगा। पेपर डबल लॉक में होना चाहिए व स्ट्रांग रूम में सीसीटीवी कैमरा लगा होना चाहिए। उन्होंने बताया कि जिला विद्यालय निरीक्षक के कार्यालय में जिला स्तरीय कंट्रोल रूम बनाया गया है। जिसके कंट्रोल रूम प्रभारी/डिप्टी कलेक्टर अविनाश गौतम, सह प्रभारी अशीष कुमार शुक्ला तथा परीक्षा प्रभारी अखिलेश वर्मा को बनाया गया है। जिला स्तरीय कंट्रोल रूम का नम्बर 9758436030, 9515106658 है। कहा कि संबंधित अधिकारी और कर्मचारी परीक्षा शुरू होने के एक घंटा पहले केंद्र पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि केंद्र व्यवस्थापक यह सुनिश्चित करें की विद्यालय में टॉयलेट, पानी, साफसफाई की व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि कोई भी विद्यार्थी मोबाइल लेकर परीक्षा केंद्र में नहीं जाएगा। जिलाधिकारी ने समस्त जोनल मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट को निर्देशित करते हुए कहा कि संबंधित परीक्षा केंद्रों का स्थलीय निरीक्षण करें तथा कोई भी छोटी बड़ी समस्या होती है तो उसे समय रहते हुए ठीक करा लिया जाए। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी कैमरा को प्रत्येक दशा में देखें कि चल रहा है या नहीं। अधिकारी एवं कर्मचारी आपस में समन्वय स्थापित कर लें जिससे परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराई जा सके। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. अरविन्द कुमार ने कहा कि प्रत्येक सेंटर पर पुलिस की पर्याप्त व्यवस्था रहेगी एवं बालिकाओं को चेक करने की प्रत्येक सेंटर पर अलग व्यवस्था कराई जाएगी। उन्होने समस्त पुलिस अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जहां-जहां ड्यूटी लगाई गई है वह समय से उपस्थित हो जिससे बोर्ड परीक्षा निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न की जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी गजेन्द्र कुमार समेत समस्त उप जिलाधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक सहित जोनल मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट व केंद्र व्यवस्थापक मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय महिला दिवस पर निकाली रैली, किया जागरुक

कन्नौज,समृद्धि न्यूज़

**राष्ट्रीय** महिला दिवस के अवसर पर दस तक डोर टू डोर अभियान के तहत नगर पालिका परिषद कन्नौज एवं दिव्यता फाउंडेशन द्वारा संयुक्त रूप से एक रैली निकालकर जागरूक किया गया। दस तक डोर टू डोर अभियान एवं राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नगर पालिका परिषद कन्नौज एवं दिव्यता फाउंडेशन ने संयुक्त रूप से रैली निकाली। रैली में नगर पालिका परिषद के समस्त महिला सफाई कर्मचारी, आंगनबाड़ी एवं समूह की महिलाओं ने सामूहिक रूप से प्रतिभाग किया। रैली साक्षी ऑप्टिकल सरायमीरा से शुरू होकर बोर्डिंग ग्राउंड कन्नौज में समाप्त हुई। इस अवसर पर डीपीएम कुमारी हर्षिता गोयल दिव्यता फाउंडेशन की अध्यक्ष सिमरन शर्मा ,रिया दीक्षित ,गीता पाठक आदि लोग मौजूद रहे।

## खबरें चलते-चलते

### रोटावेटर में शाल फंसने से किसान की मौत



**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** खेत में आलू की खुदाई करने गए किसान की गले में पड़ी शाल रोटावेटर में फंस गई, जिससे किसान की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना सौरिख क्षेत्र के ग्राम नेकपुर निवासी सुभाष चंद्र पुत्र अमीर सिंह ने तहरीर देते हुए बताया कि उसका भाई रतीराम पुत्र अमीर सिंह ट्रैक्टर लेकर रामू पुत्र जयसिंह उर्फ बंजारे के खेत में आलू की खुदाई कर रहे थे, तभी गले में पड़ी शाल ग्राइंडर में फंस गई जिसके चलते फांसी लग गई और मेरे भाई की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है।

### डा. भीमराव अम्बेडकर पर अभद्र टिप्पणी किए जाने से दलित समाज में रोष

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** सोमवार को दलित समाज के युवकों ने शहर स्थित काजीटोला मोहल्ले में एकत्र होकर प्रदर्शन किया। नारेबाजी करते हुए तेलंगाना के उस व्यक्ति को फांसी देने की मांग की, जिसने भीमराव अम्बेडकर पर अभद्र टिप्पणी की। युवकों ने बाबा साहेब आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया। गौरतलब है कि तेलंगाना में एक दिन पहले हमारा प्रसाद नाम के व्यक्ति ने भीमराव आंबेडकर को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। उसका कहना था कि यदि भीमराव अम्बेडकर जिंदा होते तो वह उन्हें मार देता। यह मामला सुर्खियों में आने के बाद दलित समाज में हजारा प्रसाद नाम के व्यक्ति के खिलाफ रोष भड़क गया। शहर के काजी टोला मोहल्ले में एकत्र हुए दलित समाज के युवकों ने बाबा साहब पर अभद्र टिप्पणी करने वाले व्यक्ति को फांसी की सजा दिए जाने की मांग करते हुए प्रदर्शन किया। कहा कि बाबा साहब ने दलितों और वंचित समाज के लोगों को सम्मान से जीने का अधिकार दिया है। उनके खिलाफ कोई भी अनर्गल टिप्पणी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रदर्शन के दौरान मंजेश दोहरे, सुमित कनौजिया, आशु दिवाकर, जिमी वाल्मीकि, शिवा महेंद्र गिहार, अंकुर समेत कई युवक मौजूद रहे।

### बच्चों के विवाद में महिला को पीटा

गुरसहायगंज,समृद्धि न्यूज। बच्चों के विवाद को लेकर महिला के साथ गांव के दो लोगों ने अभद्रता व मारपीट कर घायल कर दिया। घायल महिला के पति ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम बिराहिमपुर निवासी महेंद्र पाल सिंह पुत्र सोने लाल यादव द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि रविवार की शाम उसकी पत्नी घर के बाहर बैठी थी। तभी गांव के ही प्रवेश सिंह, योगेंद्र सिंह शराब के नशे में धुत होकर आए और बच्चों के विवाद को लेकर उसकी पत्नी शांति के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# आजाद समाज पाटी ने जातिगत जनगणना कराए जाने की मांग की

कन्नौज,समृद्धि न्यूज

- कलेक्टेऊट में किया प्रदर्शन, राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन अतिरिक्त उप जिला मजिस्ट्रेट को सौंपा




कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते कार्यकर्ता

**सोमवार** को आजाद समाज पाटी के कार्यकर्ताओं ने जातिगत जनगणना कराए जाने की मांग को लेकर कलेक्टेऊट में धरना प्रदर्शन कर राष्ट्रपति को सम्बोधित एक ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा।

सोमवार को आजाद समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष प्रभात गौतम की अगुवाई में दर्जनों कार्यकर्ता जुलूस की शक्ल में कलेक्टेऊट पहुंचे और यहां प्रदर्शन करते हएु जातिगत जनगणना कराए जाने की मांग की। धरना प्रदर्शन के दौरान पार्टी के जिलाध्यक्ष प्रभात गौतम ने कहा कि एक तरफतो सरकारी नौकरियां भाजपा सरकार खत्म करने पर आमादा है और दूसरी तरफ जो सरकारी नौकरियां बहाल की जा रही है उनमें आरक्षण का ठीक ढंग से अनुपालन नहीं हो रहा है। यूपी में अनुसूचित जाति की कुल 66 जातियां है। आजादी के सात दशक बाद भी गरीबी और बदाहली के कारण इनमें से अधिकांश जातियों के बच्चे उच्च शिक्षा तक नहीं पहुँच सके है। यही कारण है कि इन्हें सरकारी नौकरियों में आरक्षण का लाभ न के बराबर मिला है। इसलिए कमजोर अनुसूचित जातियां लगातार पिछड़ती जा रही है। जब सुप्रीम कोर्ट ने अपने द्वारा ही निर्धारित 50 फीसदी आरक्षण की सीमा को खत्म कर दिया है तो ऐसे में जरूरत है कि पीछे छूट रही कमजोर 60 अनुसूचित जातियों, खरवार, मुशहर, नट, धनगर, कन्जर, गौड आदि को अतिरिक्त 5 फीसदी आरक्षण का प्रावधान करके और बैकलॉग भर्तियों के जरिये इनके साथ न्याय करते हुये इनकी नागीदारी सुनिश्चित की जाये। कहा कि देश में 55 फीसदी के करीब ओबीसी समाज है लेकिन केवल 27 फीसदी आरक्षण होने और इसका भी पूरी तरह से अनुपालन नहीं होने के कारण छोटी संख्या वाली अति पिछड़ी जातियों तेली, कुम्हार, पाल नाई, बुझी कहार, कश्यप, धीमर, बढ़ई राजगर, तमोली, भाट हलवाई, दर्जी, विन्द, भर, चौरसिया, लोनिया, मलहा, केवट आदि सैकड़ों जातियों के साथ न्याय नहीं हुआ है। मोदी सरकार ने सर्वणों को 10 फीसदी आरक्षण दे दिया। हमारी मांग है अति पिछड़ी जातियों को ओ0बी0सी0 के लिए निर्धारित 27 फीसदी आरक्षण के अतिरिक्त 15 फीसदी आरक्षण का प्रावधान सरकार करें। मांग है कि पिछले सालों में ओबीसी, एससीएसटी, की खाली रह गई सीटों पर बैकलॉग भर्तियाँ करके योगी सरकार अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़े वर्गों के साथ न्याय करे। कार्यकर्ताओं ने कहा क भाजपा सरकार मुखोटे की राजनीति बन्द करके प्रदेश के पिछड़े वंचित समाज का शिक्षा और सरकारी नौकरियों में आरक्षण पूरा करके उनकी भागीदारी सुनिश्चित करे। प्रदर्शन के दौरान पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# त्योहारों पर शांति व्यवस्था बनाए रखें नागरिक



शांति कमेटी की बैठक में मौजूद कोतवाल व नागरिक

गुरसहायगंज,समृद्धि न्यूज

- पीस कमेटी की बैठक में नागरिकों से मांगे सुझाव

**आगामी** त्योहारों से पूर्व कोतवाली परिसर में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें कोतवाली प्रभारी ने क्षेत्रीय लोगों से त्योहारों के संबंध में आने वाली समस्याओं की जानकारी ली। सोमवार को स्थानीय कोतवाली परिसर में कोतवाली प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में आयोजित पीस कमेटी की बैठक में कोतवाली क्षेत्र के ग्राम प्रधानों व व्यापारियों सहित संभ्रांत नागरिकों से आने वाले त्योहारों को आपसी भाईचारे एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से सुझाव मांगे एवं विभिन्न ग्रामों की मस्जिद व मंदिरों के स्थिति की जानकारी ली। जिस पर मौजूद लोगों ने अपने अपने क्षेत्र में शांतिपूर्ण ढंग से त्यौहार संपन्न किए जाने की बात कही।

इस दौरान कोतवाली प्रभारी ने कहा कि त्योहारों पर अराजकता फैलाने वाले लोगों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने मौजूद लोगों से अपने-अपने क्षेत्रों में होने वाले गैर कानूनी कार्यो सहित अराजक तत्वों की सूचना देने की अपील की। इस दौरान कोतवाल द्वितीय आरपी त्रिपाठी, इंस्पेक्टर मनोज कुमार पांडे, कस्बा चौकी प्रभारी शशिकांत कनौजिया, उपनिरीक्षक राम गिरीश यादव, सुरेश चंद्र पाल, आशीष कुमार, प्रदीप कुमार सहित क्रय विक्रय समिति के अध्यक्ष संतोष चतुर्वेदी, प्रधान प्रतिनिधि हारून अहमद सिद्दीकी, इश्तियाक, अजीत, मनमोहन, उमाकांत सैनी, शुभम दुबे, बृजेश गुप्ता रामू आदि मौजूद रहे।

# अमृत भारत रेलवे स्टेशन के रूप में चयन होने पर जताया आभार



रेलवे स्टेशन पर मौजूद एंपावर इंडिया ट्रस्ट के पदाधिकारी

गुरसहायगंज,समृद्धि न्यूज

- एंपावर इंडिया ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने व्यक्त किया हर्ष

**केंद्रीय** रेल मंत्रालय द्वारा स्थानीय रेलवे स्टेशन को अमृत भारत रेलवे स्टेशन के रूप में चयन होने पर हर्ष व्यक्त करते हुए रेलवे प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

सोमवार की दोपहर स्थानीय रेलवे स्टेशन एंपावर इंडिया ट्रस्ट के तत्वाधान में रेलवे अधिकारियों के साथ एक प्रोग्राम का आयोजन किया गया। जिसमें गुरसहायगंज रेलवे स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन योजना में शामिल करने के लिए रेलवे प्रशासन का आभार व्यक्त करने के उपरांत कहा कि इस योजना के तहत रेलवे स्टेशन का सुंदरीकरण कराया जाएगा एवं यात्रियों संबंधित सुविधाएं एवं सुरक्षा के इंतजाम किए जाएंगे। इस दौरान स्टेशन अधीक्षक पीके कटियार, एंपावर इंडिया ट्रस्ट के चेयरमैन व पूर्व संयुक्त सचिव राज्य सभा सचिवालय भारतीय संसद खालिद खान, सुनील कुमार वर्मा चीफकोऑर्डिनेटर, एंपावर इंडिया ट्रस्ट व अन्य स्थानीय गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# तीन माह से वेतन न मिलने से नाराज विद्युत संविदाकर्मी धरने पर बैठे



कन्नौज,समृद्धि न्यूज

**छिबरामऊ** में विद्युत संविदा कर्मियों को 3 माह से वेतन न मिलने के चलते कर्मियों ने सोमवार को कार्य बहिष्कार करते हुए अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। विद्युत कार्यालय के बाहर धरने पर बैठे कर्मियों ने कहा कि जब तक उनकी मांगों का निस्तारण होगा तब तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। धरना प्रदर्शन पर बैठे संविदा कर्मियों ने बताया कि पिछले तीन-चार महीनों से किसी भी कर्मियों को वेतन नहीं मिल रहा है। न ही उन्हें 1 साल से इपीएफ फंड मिला है। जिसके बाद जिलेभर में लगे संविदा कर्मियों ने आज कार्य का बहिष्कार करते हुए अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। अगर उनकी मांगे नहीं मानी जाएंगी तो यह धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। धरने पर बैठे संविदा कर्मियों ने बताया कि एक्सईएन के आश्वासन के बावजूद संविदा कर्मियों के साथ गलत व्यवहार किया जा रहा है। संविदा कर्मियों ने उच्च अधिकारियों से मांग की है कि सभी संविदा कर्मियों का वेतन का भुगतान कर दिया जाए और उनकी सुरक्षा के लिए जो मूलभूत उपकरण मुहैया कराए जाए।

# विदाई समारोह में भावुक हुए विद्यार्थी रंगारंग कार्यक्रमों से मोहा मन

- समारोह में छात्र-छात्राओं ने बांधा समां, शिक्षकों ने दी उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं




विदाई समारोह के दौरान मौजूद छात्र-छात्राएं समृद्धि न्यूज

गुरसहायगंज,समृद्धि न्यूज

**जीटी** रोड तेराजाकेट स्थित बाबू जागेश्वर प्रसाद मेमोरियल इण्टर कालेज में ग्यारहवीं के छात्र-छात्राओं ने इण्टरमीडिएट के छात्र-छात्राओं को भावुकतापूर्ण विदाई दी। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने भाषण, नृत्य प्रस्तुत करके सभी का मन मोह लिया।

सोमवार को आयोजित हुए विदाई समारोह का शुभारम्भ संस्था के प्रबन्धक अशोक कुमार ने प्रधानाचार्य के साथ सरस्वती पूजन के साथ किया। कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती वंदना के साथ की गई। समारोह को संबोधित करते हुए प्रबन्धक ने छात्र-छात्राओं को बोर्ड परीक्षा में धैर्य, लगन एवं मेहनत के साथ सर्वोत्तम प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अनुशासन का अर्थ बताते हुए कहा कि अनुशासन के मायने स्वयं पर नियंत्रण करना है। यदि छात्र ने अपने ऊपर नियंत्रण करना सीख लिया, तभी वह सही मायने में शिक्षित कहलाने योग्य है। उन्होंने भावुक होकर कहा कि आज आपकी विदाई है, जहां इसका दुख भी है तो वहीं खुशी भी है। प्रधानाचार्य अमित कुमार यादव ने इण्टरमीडिएट के छात्र-छात्राओं को बोर्ड परीक्षा की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि निरंतर प्रयास, कठिन परिश्रम एवं अनुशासन के माध्यम से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है। उनका हमेशा यही प्रयास रहता है कि छात्र इस संस्था से अच्छी शिक्षा के साथ अच्छे संस्कार भी लेकर जायें। मौके पर काफी छात्र भावुक हो गये। जिस पर उन्होंने कहा कि कई छात्र-छात्राएं तब से इस विद्यालय में अध्ययनरत हैं, जब से इस विद्यालय का शुभारम्भ हुआ है। ऐसे छात्रों को बिछड़ने का गम तो जरूरत होता है, लेकिन विद्यालय परिवार समय पड़ने पर किसी भी प्रकार की सहायता के लिए तैयार रहेगा। इसके बाद प्रधानाचार्य ने इण्टरमीडिएट के छात्र-छात्राओं को उपहार के साथ प्रमाण पत्र प्रदान करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इससे पहले मुख्य अतिथि इं0 अमित कुमार यादव का छात्रों ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। समारोह में मनमोहन सिंह, वीरेन्द्र सिंह, मो. हलीम, मो. उरूज, विकास कुमार, ओमेन्द्र सिंह, राशिद खान, अमन यादव, शिवेन्द्र सिंह, मोहर सिंह, आरती राजपूत के अलावा विद्यालय का स्टाफ मौजूद रहा।

# नाश्ते को लेकर बारातियों व घरातियों में जमकर मारपीट, चार हिरासत में

▸ दर्जनों कुसियां क्षतिग्रस्त, समाजसेवी राजेश गंगवार ने दोनों पक्षों में समझौता कराकर कराई विदा

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** नाश्ते को लेकर बारातियों तथा घरातियों में जमकर मारपीट व हाथापाई हुई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके से चार बारातियों को हिरासत में ले लिया। समाजसेवियों के हस्तक्षेप पर कन्यादान की रस्में अदा की गयी और दुल्हन को विदा किया गया।

जानकारी के अनुसार शमशाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम खुड़िनाखार निवासी रामकिशन राठौर ने अपनी पुत्री प्रिया राठौर का विवाह कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम ललई निवासी महावीर के पुत्र बॉबी राठौर के साथ तय किया था। समय के अनुसार रविवार को बारात गाजे बाजे के साथ गांव पहुंची। जहां कन्या पक्ष के लोगों ने बारातियों का जमकर स्वागत सत्कार किया। दरवाजे पर द्वारचार की सारी रस्में पूर्ण हुई। इसके बाद बारातियों के लिए नाश्ते की व्यवस्था की गई, तो बराती खाने पीने में मस्त हो गए। इन्हीं में एक व्यक्ति जो दूल्हे का चचेरा भाई बताया गया ने शराब के नशे में नाश्ते को लेकर जमकर बवाल किया। कन्या पक्ष के लोगों ने इज्जत की दुहाई देकर दूल्हे के चचेरे भाई को समझाने की कोशिश की, लेकिन वह नहीं माना और गाली-गलौज करने लगा। वाद विवाद बढ़ने पर दोनो पक्षों की ओर से मारपीट होने लगी। इस दौरान उत्पाती बारातियों ने



ग्राम पंचायत भवन में टूटी पड़ी कुर्सियां

मारपीट के साथ-साथ जमकर तोड़फोड़ की। जिससे कई कुर्सियों टूट गयीं। घटना की सूचना डायल 112 नंबर को दी गयी। थाना पुलिस मौके पर पहुंची तथा घटना की जांच पड़ताल करते हुए कुछ नशेड़ी बारातियों को हिरासत में लेकर शमशाबाद थाने लायी। मौके प पहुंचे समाजसेवी राजेश गंगवार ने दोनों पक्षों के बीच समझौता कराया और कन्यादान की रस्में अदा करायी। हंसी खुशी के माहौल में दुल्हन की विदाई की गयी।

# क्षेत्र में जंगली जानवर का आतंक, गोवंश को बनाया निवाला

▸ शिक्षक के खेत में बछिया का पड़ा मिल कंकाल
▸ ग्रामीणों में दहशत, बोले कैसे खेतों पर काम करने जायें, जानवरों को लेकर भी सता रही चिन्ता

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र में जंगली जानवर के आने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल देखा जा रहा है। उधर, एक बछिया का कंकाल एक शिक्षक के खेत में पड़ा मिला, जबकि गाय का कही पता नहीं चाल।

जानकारी के अनुसार शमशाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम नगला गोदाम निवासी राजकुमार पुत्र देवेंद्र सिंह द्वारा रोज की भांति शाम को घर के निकट गाय व बछिया को बांधा गया था। सोमवार को जब वह पशुओं को चारा खिलाने के लिए मौके पर पहुंचे तो बछिया नहीं थी। इतना जरूर था वहां पर किसी जंगली



बछिया के कंकाल को देखते ग्रामीण

जानवर द्वारा बछिया को घसीटे जाने के निशान जरूर थे। इस नजारे को देख पशुपालक घबरा गया। उसने घटना की जानकारी ग्रामीणों को दी। जिस पर दर्जनों ग्रामीण एकत्रित हो गये और बछिया की काफी खोजबीन की, तो कुछ दूरी पर शिक्षक सोबरन सिंह के खेत में कंकाल पड़ा पाया गया। कंकाल देख लोग तरह-तरह के अनुमान लगा रहे थे। इस घटना के बाद पशुपालकों तथा किसानों में दहशत का माहौल देखा गया।

लोगों का कहना था हो ना हो क्षेत्र में किसी खूंखार जंगली जानवर की आमद हो गयी। जिसने किसानों के बेजुबान पशुओं को शिकार बनाना शुरू कर दिया। घटना की सूचना वन विभाग के अधिकारियों को दी गई। रेंजर अरुण कुमार अवस्थी ने बताया उक्त घटना के संबंध में कोई सूचना नहीं दी गयी। स्टाफ को भेजकर जांच कराई जाएगी। फिलहाल घटना के बाद पधुपालकों में दहशत का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों ने वन विभाग के अधिकारियों से उक्त जानवर से निजात दिलाये जाने की मांग की है। जिससे वह अपना कामकाज स्वछंद रुप से कर सकें।

# पिछड़ों व शोषितों के साथ न्याय नहीं करना चाहती सरकार



नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते आजाद समाज पार्टी के पदाधिकारी

▸ राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट दीपाली भार्गव को सौंपा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** आजाद समाज पार्टी भीम आर्मी के प्रतिनिधि मण्डल ने जिला मुख्यालय पहुंचकर राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा। ज्ञापन में आरक्षण को लेकर पांच सूत्रीय मांगे शामिल की गई। ज्ञापन में कहा गया कि अति पिछड़े, अल्पसंख्यक, दलित, आदीवासी, गरीब और कमजोरों के साथ अन्याय हुआ तो प्रदेशव्यापी आंदोलन होगा। दिये गये ज्ञापन में कहा गया कि बहुजन समाज अनुसूचित जाति अन्य पिछड़ा वर्ग एवं धार्मिक अल्पसंख्यकों के सशक्तिकरण जरुरी है। ओबीसी आरक्षण के चलते अति पिछड़ी जातियों को सरकारी नौकरियों में बराबर की हिस्सेदारी प्राप्त नहीं हो पायी। पिछड़ी जातियों के साथ न्याय नहीं हुआ। आदिवासी और अति पिछड़े वर्गो के लोग पीढ़ी दर पीढ़ी मेहनत मजदूरी ही करते रहे। भूमिहीन ही बने रहे और लैण्डओनर बढ़ते गये। किसानों के खून पसीने की उपज शोषित होती रही। भूमि अधिग्रहण के मामले में जमीन के बदले जमीन दी जाये। वादा करने के बावजूद भी सरकार जातिगत मतगणना से मुकर गयी। कोरोना की आड़ में जनगणना को 2023 के लिए बढ़ा दिया गया। सरकार पिछड़ो के साथ न्याय नहीं करना चाहती। 95 प्रतिशत संसाधनों पर 10 प्रतिशत लोगों का कब्जा है। दिये गये ज्ञापन में भीम आर्मी संयोजक अभिषेक, आजाद समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष समेत दर्जनों प्रतिनिधियों ने हस्ताक्षर किये। इस मौके पर जिला अध्यक्ष नितिन कुमार गौतम, नूर अहमद, अरुणेश प्रताप, अभिषेक राव, अभिषेक गौतम, अजय गौतम, आवेश पाल सिंह, उमेश गौतम, सुरजीत सागर, विपिन कुमार, रोहित गौतम, अतुल कठेरिया मौजूद रहे।

# आईसीएसई के दोनों केंद्रों पर परीक्षा शुरु, 353 परीक्षार्थी हुए शामिल

▸ सीपी में दो अनुपस्थित, मॉर्डन पब्लिक स्कूल में सभी ने दी परीक्षा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** आईसीएसई बोर्ड दिल्ली की परीक्षाएं जिले के दोनों केंद्रों पर सोमवार को प्रारम्भ हुई। आज सामान्य अंग्रेजी इंग्लिश पेपर-1 की परीक्षा ली गई। जिले में आईसीएसई बोर्ड के दो केंद्र है। जिनमें सीपीवीएन कायमगंज व नगर का मॉर्डन पब्लिक स्कूल शामिल है। दोनों ही केंद्रों पर परीक्षाएं शुरु हुई।

जानकारी के अनुसार सीपीवीएन इंग्लिश मीडियम के प्रिंसिपल आरके बाजपेयी ने बताया कि उनके सेंटर पर 237 विद्यार्थी पंजीकृत थे। उनमें से 235 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया व दो अनुपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि परीक्षा 29 मार्च तक चलेगी और अलग-अलग साइडों के पेपर होंगे। सीपीवीएन में कॉमर्स व विज्ञान दोनों के विद्यार्थी है। उन्होंने बताया कि परीक्षा शांति पूर्ण तरीके से सम्पन्न हुई।

**नगर के मॉर्डन पब्लिक स्कूल** में शुरु हुई परीक्षा में 118 परीक्षार्थियों ने भागीदारी की। कोई भी विद्यार्थी



अनुपस्थित नहीं रहा। केंद्र व्यवस्थापक रामवीर सिंह यादव की देखरेख में परीक्षा हुई। कक्ष निरीक्षक आरके वर्मा व एसके शुक्ला रहे। प्रधानाचार्य आलोक सक्सेना के निर्देशन में सीसीटीवी कैमरे की नजर में शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई।

## दबंगों को अवैध कब्जा करने से रोकने की भाकियू ने उठायी मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारतीय किसान यूनियन के नेताओं ने जिलाधिकारी को संबोधित शिकायती पत्र देकर भू-माफियाओं को पट्टे की जमीन पर कब्जा करने से रोके जाने की मांग की। दिये गये शिकायती पत्र में दर्शाया गया कि सलेमपुर बरतल निवासी सावित्री देवी पत्नी छविनाथ शाक्य को परिवार नियोजन के तहत 1994 में पट्टा दिया गया था। जिसके बारे में उच्च न्यायालय में मुकदमा विचाराधीन है। भू-खण्ड 1567 के हिस्सेदार दबंग व अपराधिक किस्म के लोग है। जो लोग गलत तरीके से भूमि पर कब्जा करना चाहते है। आरोपियों में राजीव पुत्र ब्रह्मानन्द, राजू अवस्थी, राकेश सक्सेना दबंगई के बल पर जमीनों पर कब्जा करवाते है और रायफल व गनर के बल पर लोगों में भय पैदा करते है। यह लोग पीड़िता की भूमि पर कब्जा करना चाहते है। किसान नेता प्रभाकान्त मिश्रा, छविनाथ, अरविन्द आदि ने मांग की कि दबंगों को कब्जा करने से रोंका जाये और उनका लाइसेंस निरस्त किया जाये। कार्यवाही न होने की स्थिति में किसान नेताओं ने दबंगों के खिलाफ आंदोलन करने की बात कही। किसान नेताओं ने कहा कि यदि दबंगों के खिलाफ कार्यवाही नहीं तो धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे।

# खबरें चलते-चलते

## किसान दिवस 15 फरवरी को

**फर्रुखाबाद (सं.)।** किसानों की समस्याओं के निराकरण के लिए प्रत्येक महीने के तीसरे बुधवार को किसान दिवस आयोजित करने के निर्देश शासन की ओर से दिये गये है। जिसके अनुपालन में 15 फरवरी को किसान दिवस का आयोजन डीएम की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में होगा। यह जानकारी देते हुए उपकृषि निदेशक ने सभी संबंधित अधिकारियों सहित कृषकों व उनके प्रतिनिधियों से 15 फरवरी पूर्वाहन 11 बजे उपस्थित होने की अपील की है।

## नरेन्द्रपाल सिंह ने ग्रहण किया डीआईओएस का कार्यभार



**फर्रुखाबाद (सं.)।** जिले के नये डीआईओएस नरेन्द्र पाल सिंह ने सोमवार को कार्यभार ग्रहण कर लिया। जिला शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान मैनपुरी के उप प्राचार्य पद से स्थानांतरित होकर आये। श्री सिंह ने चार्ज लेने के बाद कहा कि बोर्ड परीक्षा को नकलविहीन कराया जायेगा। इसके साथ ही उन्होंने विभागीय कर्मचारियों के साथ बैठकर बोर्ड परीक्षा के संबंध में जानकारी ली व तैयारियों पर चर्चा की। माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष लालाराम दुबे, मंत्री नरेन्द्र पाल सिंह ने नये डीआईओएस का स्वागत किया। इस मौके पर सुधाकर चतुर्वेदी, प्रदीप जायसवाल, अशोक कठेरिया, मयंक रस्तोगी, संतोष दुबे, सतेन्द्र सिंह, शैलेश चतुर्वेदी, डा0 दिनेश चन्द्र, प्रभात दीक्षित आदि लोग मौजूद रहे।

## धान चोरी करने वाला युवक गया जेल

**फर्रुखाबाद (सं.)।** सातनपुर मण्डी से धान की चोरी करते हुए पकड़े गये युवक पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया व अग्रिम कार्यवाही की जा रही है। सातनपुर मण्डी से शैलेन्द्र सिंह पुत्र योगेन्द्र सिंह चौहान निवासी सेन्ट्रल जेल चौराहा विजाधरपुर को धान की चोरी करते पुलिस ने पकड़ लिया था। जिसके पास से 05 बोरा धान, 1 टिर्री (ई-रिक्सा) बरामद हुआ था। पुलिस ने आरोपी युवक पर धारा 379, 411 के तहत मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया।

## दबंगों ने घर में घुसकर पीटा, कई घायल

**शमशाबाद (सं.)।** पीड़ित सादिक अली निवासी ग्राम चिलसरा ने थाने में दी गई तहरीर में कहा कि उसके खेत में पेड़ खड़े थे। जिन्हें असगर अली, एजाज व अन्य लोग काट रहे थे। मना करने पर हमलावर हो गये। पीड़ित भागकर अपने घर आ गया, तभी पीछे से सलीम, अंसार, अफसर, शादाब, आफताब, रुखसाद, कौशर खां, सहजाज, मोहसीन, मुद्दसिर, सलीम, इंतजार, फैयाज, गुड्डू धारधार हथियारों सहित घर पर चढ़ आये और पीड़ित की पत्नी सबीना बेगम, भाई साजिद अली, तारिक अली, नाजिम अली, सारिक अली, साजिया, मुस्कान, अमन तथा परिवार के लोगों के साथ मारपीट की। जिससे उनके गंभीर चोंटे आयी। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही करने का भरोसा दिया।

## लेखपाल व उसके साथियों के खिलाफ याचिका

**फर्रुखाबाद (सं.)।** हादसे को दावत दे हरे पेड़ काटे जाने के संदर्भ में षड्यंत्रपूर्वक महिला को परेशान किये जाने के मामले में लेखपाल व उसके साथियों के विरुद्ध न्यायालय में याचिका दायर की गयी है। जिसमें पीड़िता राजरानी पत्नी स्व0 रामप्रकाश निवासी सुभानपुर कायमगंज ने दर्शाया कि उसके बाग के ऊपर से हाईटेंशन लाइन निकली है। जिससे कभी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। इसलिए पीड़िता ने वह पेड़ कटवा दिये। रंजिशबस पीड़िता के जेठ रामस्वरुप ने हरे पेड़ कटवाये जाने की शिकायत कर दी। जांच के लिए पहुंचे लेखपाल सनोज कुमार ने दबाव बनाया और 50 हजार रुपये मांगे। सनोज के साथ उसका साथी भूपेन्द्र सिंह व एक अज्ञात व्यक्ति भी था। पीड़िता के पुत्र अजीत ने विरोध किया, तो सभी हमलावर हो गये।

### सूचना

कार्यालय ग्राम पंचायत बांसखेड़ा विकास खण्ड शमशाबाद की अल्पकालीन निविदा सूचना दिनांक 13/2/2023 को प्रकाशित हुई थी। जिसमें भूलवश पंचम वित्त/15वां वित्त लिख गया था। जिसे शुद्ध कर उसके स्थान पर चतुर्थ राज्य वित्त/चौदहवां वित्त पढ़ा जाये।

# मदारपुर विद्यालय शीघ्र घोषित होगा निपुण स्कूल



बच्चों को निपुण लक्ष्य की जानकारी देते शिक्षक योगेंद्र कुमार व अन्य

▸ प्रशिक्षण प्राप्त कर लौटे शिक्षक योगेंद्र कुमार ने बच्चों के साथ किये अनुभव साझा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) रजलामई में शिक्षक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षणार्थियों द्वारा प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में अध्यनरत कक्षा प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय के बच्चों का ऑनलाइन निपुण लक्ष्य का परीक्षण किया गया। डायट से आई रोहिणी एवं शिवानी ने बताया कि तीनों कक्षाएं व्यवस्थित थीं और बच्चे बेहद अनुशासित है। विद्यालय को शीघ्र ही निपुण स्कूल घोषित करा लिया जायेगा। इस अवसर पर प्रधानाचार्य राजकिशोर शुक्ल, आकाश पाल, कमलेश राजपूत, विद्या देवी, आशा, उमा, कामिनी, जयवीर उपस्थित मिले।

राजकिशोर शुक्ल ने बताया कि विद्यालय में कार्यरत सहायक अध्यापक योगेन्द्र कुमार डायट रजलामई में पांच दिवसीय प्रशिक्षण लेने गए थे। प्रशिक्षण प्राप्त कर लौटे सहायक अध्यापक योगेंद्र कुमार ने बताया कि ऑन लाइन निपुण लक्ष्य संबंधित जानकारियां सीखीं। कक्षाओं को विधिवत चलाने हेतु निपुण बनाना व बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करना एवं अनुशासन सिखाने आदि का प्रशिक्षण प्राप्त किया है। शीघ्र ही विद्यालय को निपुण स्कूल घोषित करने की बात कही गयी है।

# प्रेम करना कोई गुनाह नहीं: मिस मुस्कान



रोहित कुमार-मिस्टर फर्रुखाबाद

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मिस्टर फर्रुखाबाद रोहित कुमार ने बताया कि 14 फरवरी को वैलेंटाइन-डे के रूप में क्यों मनाया जाता है। इतिहास में 14 फरवरी का दिन प्रेम प्रतीक के रूप में दर्ज है। इसे दुनिया में वैलेंटाइन-डे के तौर पर मनाया जाता है। इस दिन को मनाने की शुरुआत रोम के राजा क्लॉडियस के दौर में हुई थी। उस समय रोम में एक पादरी थे जिनका नाम संत वैलेंटाइन था। उन्हीं के नाम पर वैलेंटाइन-डे मनाने की शुरुआत हुई। संत वैलेंटाइन दुनिया में प्यार को बढ़ावा देने के बारे में सोचते थे। यह बात राजा को पसंद नहीं थी। संत वैलेंटाइन ने राजा का विरोध किया और राजा ने 14 फरवरी के दिन संत वैलेंटाइन को फांसी पर चढ़ा दिया। उनके निधन के बाद हर साल 14 फरवरी को वैलेंटाइन के बलिदान को याद करने के लिए इसे प्यार के दिन के तौर पर मनाया जाने लगा।

**मिस फर्रुखाबाद मुस्कान ने बताया** 14 फरवरी वैलेंटाइन-डे एक प्रेम दिवस के रूप में मनाया जाता है। वास्तविकता तो यह है कि रोम के संत वैलेंटाइन का शहीद दिवस है। रोम में सेना के जवानों को विवाह करना प्रतिबंधित था। सैनिकों के विवाह के प्रतिबंध के बावजूद संत वैलेंटाइन को सैनिकों का विवाह कराने के अपराध



मुस्कान-मिस फर्रुखाबाद

में मृत्युदंड दिया गया था। जिस जेल में संत वैलेंटाइन रखे गए थे वहां के जेलर कि नेत्रहीन बेटी को अपने नेत्र दान करके उसको अजीवन नेत्र ज्योति प्रदान की, जो वास्तविक प्रेम को दर्शाता है। 14 फरवरी को संत वैलेंटाइन को मृत्युदंड दिया गया था। हम संत वैलेंटाइन को उनके किए गए अविस्मरणीय कार्य के लिए नमन करते हैं, प्रेम करना कोई गुनाह नहीं।

# एन0एस0एस0 के प्रशिक्षण में काशीराम राजकीय महाविद्यालय के डॉ0 सुंदर लाल हुए सम्मानित



प्रशिक्षण में प्रशस्ति पत्र प्राप्त करते डॉ0 सुंदर लाल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मान्यवर कांशीराम राजकीय महाविद्यालय निनौआ में गठित राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डा0 सुन्दर लाल को लखनऊ के लिटरेसी हाउस में एन0एस0एस0 के आवासीय प्रशिक्षण में प्रतिभाग करने हेतु भेजा गया, ताकि मान्यवर कांशीराम राजकीय महाविद्यालय में चल रही राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत छात्रों को नई-नई जानकारी और तकनीकी सुविधाओं आदि सूचनाओं से जोड़ा जा सके। प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त जानकारियों के सम्बन्ध में कुछ विचार निम्नवत है। अमृत विचार राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारियों का 1 फरवरी से 7 फरवरी तक आवासीय प्रशिक्षण लखनऊ के लिटरेसी हाउस में आयोजित किया गया। जिसमें महाविद्यालय से एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डा0 सुंदरलाल ने भाग लिया। कार्यक्रम में प्रथम दिवस को पंजीकरण एवं उद्घाटन सत्र और परस्पर परिचय, राष्ट्रीय सेवा योजना का इतिहास, दर्शन, उद्देश्य। द्वितीय दिवस में गत दिवस की आख्या, नियमित कार्यक्रम एवं गतिविधियां, वित्तीय प्रबंधन, पीएफएमएस, भारत सरकार एवं राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गई। तृतीय दिवस में स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण, युवा एवं सामाजिक परामर्श, समूह में नेतृत्व।

चतुर्थ दिवस के दौरान व्यक्तित्व विकास एवं संप्रेषण, साइबर क्राइम, आपदा प्रबंधन। पंचम दिवस में जीवन कौशल, सोशल मीडिया, जेंडर इश्यूज एवं महिला सशक्तिकरण, मानवाधिकार। षष्टम दिवस में युवाओं के लिए कौशल विकास के अवसर, साक्षरता एवं डिजिटल लिटरेसी और शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। अंतिम दिन दीक्षांत सत्र आयोजित किया गया। प्राचार्या डॉ शालिनी ने डॉ0 सुंदर लाल को प्रशिक्षण प्राप्त करने पर बधाई दी।

# किस-डे: चलो संग मिलकर प्यार की गलियां घूम लेते हैं.......

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** वेलेन्टाइन-के वीक सप्ताह के सातवें दिन किस-डे मनाया जाता है। किस-डे के खास अवसर पर आप भी अपने पार्टनर को खूबसूरत शायरी भेजकर प्यार का इजहार कर सकते हैं। किस-डे 13 फरवरी को मनाया जाता है। इस दिन लोग अपने पार्टनर के प्रति स्नेह जताकर रिश्ते को पक्का कर देते हैं। वैसे तो किस कई तरह के होते हैं और हर एक किस का इस दिन अपना महत्व होता है। इस खास दिन के मौके पर पार्टनर को किस कर या मोबाइल के जरिये शायरी भेजकर खुश कर सकते हैं। एक शायर ने किस डे पर शायरी प्रस्तुत करते हुए इस दिवस को कुछ तरह मनाया- चूम लूं तेरे ओठों को दिल की यह ख्वाहिश है। बात ये मेरी नहीं दिल की फरमाइश है, मुझे बाहों में बिखर जाने दो, अपनी मुश्कब्र सांसों से महक जाने दो। दिल मचलता है और सांसें रुकती हैं अब अपने होठों को मुझे छू लेने दो। न जाने कब वो हसीन रात होगी, जब उनकी निगाहें हमारी निगाहों के साथ




होंगी। बैठे हैं हम उस रात के इंतजार में जब उनके होठों की सुर्खियां हमारे होठों के साथ होगी। चलो संघ मिलकर प्यार की गलियां घूम लेते है। प्यार का इजहार तो कर लिया। अब एक दूसरे को चूम लेते हैं।

यह शायरी किस-डे पर बिल्कुल सटीक बैठती है। कुछ लोग इसी विदेशी कल्चर भी कहते हैं। मगर प्यार करने का तरीका अपना-अपना होता और पर्व मनाने के लिए अपना-अपना अंदाज होता है। कुछ सनातनी एवं हिन्दूवादी नेता इस पर्व का डटकर विरोध करते हैं। बस किसी-डे को मनाने के लिए अश्लीलता न प्रयोग की जाये, यह पर्व का सही मायने हैं।

# निक्षय दिवस 15 फरवरी को: डॉ0 रंजन



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** हर माह की 15 तारीख को एकीकृत निक्षय दिवस मनाया जाता है। इस बार 15 फरवरी बुधवार को एकीकृत निक्षय दिवस में मरीजों का परीक्षण होगा जिसमें क्षय, कुष्ठ, मलेरिया, फाइलेरिया, चिकनगुनिया और काला ज्वर के रोगियों की जांच होगी। जानकारी देते हुए जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ0 रंजन गौतम ने बताया जनपद के सभी सवास्थ्य केंद्रों को ओपीडी में 10 प्रतिशत लोगों की स्क्रीनिंग कर क्षय, कुष्ठ और फाइलेरिया रोगियों की खोज की जायेगी। जिससे उनका समय पर इलाज शुरु हो सके। टीवी का समय रहते इलाज बेहद जरुरी है। किसी भी व्यक्ति को यह हो सकता है। इसे छिपाये नहीं, बल्कि इलाज करायें।

# फतेहगढ़ मंडल प्रबंध समिति की बैठक सम्पन्न




बैठक को संबोधित करते भाजपा जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** आवास विकास स्थित भाजपा कार्यालय में फतेहगढ़ नगर मंडल प्रबंधन समिति की बैठक सम्प्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रुप में भाजपा जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता ने भाग लिया। उन्होंने संगठन पर चर्चा करते हुए कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि महाविस्तार एवं व्यक्तित्व विकास के लिए कार्यकर्ता सजग रहें और आगामी नगर पालिका व लोकसभा चुनाव की तैयारी के लिए कार्यकर्ता अभी से लग जायें। महामंत्री डीएस राठौर ने बौद्धिक विकास पर जोर देकर कार्यकर्ताओ का मनोबल बढ़ाया। संचालन महामंत्री शिवम दुबे ने किया। अध्यक्षता फतेहगढ़ मण्डल रामवीर सिंह ने की। इस मौके पर चित्रा अग्निहोत्री, ममता सक्सेना, सुमन राठौर, रानू अनिल तिवारी, दीपक कटियार, रजनीश मिश्रा, डॉ0 धर्मेंद्र राजपूत मौजूद रहे।

# किशोर की हत्या में एक पर दोष सिद्ध, सजा आज

- साक्ष्य के अभाव में दो हुए दोषमुक्त
- दस वर्ष बाद पीड़ित परिवार को मिला न्याय



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** किशोर की हत्या के मामले अपर जिला जज प्रथम न्यायधीश विष्णु चन्द्र वैश्य ने रामचन्द्र पुत्र स्व चम्पतलाल को हत्या के मामले में दोषी करार दिया। सजा के बिंदु सुनवाई आज होगी।

दस वर्ष पूर्व थाना कम्पिल क्षेत्र के ग्राम सिकन्दरपुर तिलैया निवासी पातीराम पुत्र बैजनाथ ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि 15 जनवरी 2013 की शाम लगभग साढ़े 6 बजे मेरा 14 वर्षीय पुत्र कुलदीप गांव के ही राहुल पुत्र रामसरन जाटव के घर मोबाइल फोन देने गया था और वह घर वापस नहीं आया। काफी खोजबीन के बाद 16 जनवरी को सुबह लगभग 10 बजे गांव के किनारे खेत में पुत्र का शव मिला। पीड़ित ने गांव के ही रामशरण पुत्र बाबूराम पर हत्या का आरोप लगाया था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया था।

विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर रामचन्द्र पुत्र चम्पतलाल, रामशरण पुत्र बाबूराम, विजय पुत्र रामचन्द्र के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता दीपिका कटियार, अनिल कुमार बाजपेयी, तेज सिंह राजपूत की कुशल पैरवी के आधार पर अपर जिला जज प्रथम न्यायाधीश विष्णु चन्द्र वैश्य ने रामचन्द्र पुत्र चम्पतलाल को हत्या के मामले में दोषी करार दिया। साक्ष्य के आभव में रामशरण, विजय को दोष मुक्त किया गया। सजा के बिंदु पर सुनवाई आज होगी।

# दबंगों ने तोड़ी शहीद की प्रतिमा, विरोध करने पर पीटा

- शहीद की बहू ने एसपी से शिकायत कर कार्यवाही की उठायी मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** शहीद स्मारक तोड़े जाने के संबंध में पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्यवाही किये जाने की मांग बिट्टन देवी पत्नी स्व0 सुरेन्द्र पाल सिंह निवासी करनपुर ज्योता मोहम्मदाबाद ने की है।

दिये गये शिकायती पत्र में बिट्टन देवी ने कहा कि उनके ससुर शहीद मुंशी लाल 1971 के युद्ध के दौरान शहीद हो गये थे। उनका शहीद स्मारक ग्राम करनपुर में मेरे द्वारा बनवाया गया है। 5 फरवरी को लल्लन उर्फ अखिलेश पुत्र नत्थूलाल, सर्वेन्द्र, अतेन्द्र पुत्रगण अखिलेश, जयवेन्द्र पुत्र रामऔतार, शीलेन्द्र पुत्र रामरक्षपाल, रोहित पुत्र देवेन्द्र, मीरा पत्नी अखिलेश निवासी करनपुर ने एकराय होकर उसके घर पर धाबा बोल दिया व पीड़ित के पुत्र व उसके साथ जमकर मारपीट की व जान से मारने की कोशिश की। पीड़िता के शहीद ससुर की प्रतिमा को लाठी-डंडों से तोड़ दिया व प्रतिमा का अपमान किया व शहीद की गरिमा को ठेस पहुंचायी।

दबंगों ने धमकी दी कि यदि दोबारा प्रतिमा बनवायी तो इसी प्रकार से तोड़ देंगे। पीड़िता ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करके कानूनी कार्यवाही करने की मांग की है। वहीं पुलिस का कहना है कि घटना के संबंध में तहरीर मिल गयी है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। जांच पड़ताल के बाद कार्यवाही की जायेगी।

# सांसद ने शून्य काल में उठाया नये पुल निर्माण व आलू का मुद्दा

- इसके अलावा सांसद ने कृषि मंत्री से अन्य कई मुद्दों पर भी की चर्चा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सांसद मुकेश राजपूत ने लोकसभा के शून्य काल में जनपद के आलू उत्पादक किसानों की दशा को सुधारने के लिए आलू के निर्यात की व्यवस्था करने की कृषि मंत्री से मांग की। वहीं डा0 राम मनोहर लोहिया सेतु राम गंगा का पुल व काली नदी के जर्जर पुल को नये तरीके से बनवाने की मांग उठायी।

सांसद ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री के प्रस्ताव पर प्रधानमंत्री ने बेवर से लेकर पीलीभीत तक राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित किया। जिसका टेंडर होकर कार्य भी शुरु हो गया है। इसके लिए वह धन्यवाद के पात्र है। इतना



लोकसभा के शून्य काल में बोलते सांसद मुकेश राजपूत

अवश्य कहना चाहता हूं कि राष्ट्रीय राजमार्ग होने के नाते यहां के पांचाल घाट स्थित पुराने लोहिया सेतु, रामगंगा पुल व काली नदी के पुलों को नया निर्माण किया जाये। उन्होंने कृषि मंत्री का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि फर्रुखाबाद देश में सर्वाधिक आलू का उत्पादन करता है और वहां पर वर्तमान में 300 रुपये कुंतल अर्थात 150 रुपये कट्टा आलू बिक रहा है। जिससे आलू किसान बरबादी की ओर है। कृषि मंत्री आलू के निर्यात का कोई विकल्प खुलवाये, ताकि किसानों की दशा को सुधारा जा सकें।

# अचेत युवती को टीएसआई ने अस्पताल पहुंचाया


अचेत युवती को गाड़ी में बैठलवाते टीएसआई

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** रास्ते में युवती की अचानक तबियत बिगड़ जाने से वह अचेत होकर गिर पड़ी। वहां मौजूद टीएसआई रजनेश कुमार ने उसकी सहायता की और उसे लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया व उसके परिजनों को सूचना दी।

जानकारी के अनुसार फतेहगढ़ चौराह के निकट स्थित प्रतीक्षालय के निकट नोनमगंज निवासी एक युवती बैठी हुई थी। अचानक उसकी तबियत खराब हो गई और वह वहीं पर गिरकर अचेत हो गई। फतेहगढ़ चौराहे पर तैनात टीएसआई रजनेश कुमार ने देखा तो वह वाहन चेकिंग का कार्य छोड़कर वहां पहुंच गये और उपचार के लिए अपने सरकारी वाहन से लोहिया अस्पताल ले गये। जहां उन्होंने दूर भाष के जरिए युवती के परिजनों को सूचना दी। परिजन अस्पताल पहुंच गये और टीएसआई के मानवतावादी दृष्टिकोण कीजमकर प्रसंशा की और उनका आभार जताया।

## मारपीट का मुकदमा दर्ज

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** पुत्री के साथ गाली-गलौज का विरोध करने पर दबंग ने मां के साथ मारपीट की दी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के ग्राम श्याम नगर निवासी संगीता पत्नी विनोद कुमार ने पुलिस को दी तहरीर दर्शाया कि 12 फरवरी को पुत्री शीतल घर के बाहर खेल रही थी, तभी गांव का छोटू पुत्र प्रताप आया और पुत्री के साथ गाली-गलौज करने लगा। पुत्री ने गाली-गलौज का विरोध किया। इसी दौरान दबंग ने मारपीट कर घायल कर दिया। चीखपुकार की आवाज सुनकर मैं बचाने पहुंची तो दबंग ने गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरु कर दी।

# तेज म्युजिक बजाने से मना करने पर महिला शिक्षा मित्र को धमकाया

**शमसाबाद, समृद्धि न्यूज।** विद्यालय में तेज म्यूजिक बजाने का विरोध करने पर महिला शिक्षामित्र के साथ दबंगों ने अभद्रता की और कहा कि विद्यालय हम लोगों की मर्जी से चलेगा। यदि विरोध किया गया तो कोई विद्यालय नहीं आ पायेगा। दबंगई से घबरायी शिक्षामित्र ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम अकबरपुर दामोदर स्थित प्राथमिक विद्यालय में तैनात शिक्षामित्र गायत्री देवी ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि दबंग युवक विकास विद्यालय में तेज म्यूजिक बजा रहा था। मना करने पर वह अभद्रता करने लगा। विवाद बढ़ने पर वह वहां से चला गया। वह अपने किरण पत्नी उमेश चंद, शशि देवी पत्नी ग्रीश चंद्र , रामवती पत्नी फूलचंद, सत्यवीर, संजू पुत्रगण फूलचंद सहित आधा दर्जन लोगों के साथ आया और गाली-गलौज कर धमकाया। घबराई महिला शिक्षा मित्र ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिल गयी है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। जांच पड़ताल के बाद अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

## सट्टे की खाईवाड़ी करते युवक गिरफ्तार

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** सट्टे की खाईवाड़ी कर रहे युवक को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर उसका चालान कर दिया। कस्बा चौकी इंचार्ज हरिओम प्रकाश त्रिपाठी ने मुखबिर की सूचना पर मोहल्ला छपट्टी पटेल पुरम तिराहे के पास अपने हमराहों के साथ छापामार कर सट्टे की खाईवाड़ी कर रहे एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम अजीत पुत्र बेदराम निवासी मोहल्ला चिलांका बताया। तलाशी में 340 रुपये व पेन, सट्टा पर्ची आदि सामान बरामद हुआ।

# साप्ताहिक बंदी के उल्लंघन में चार व्यापारी हिरासत में


व्यापारियों से वार्ता करते थानाध्यक्ष

- भड़के व्यापारी, घेरा का घेराव कर साथियों को छुड़ाया, पुलिस ने दी सभी को हिदायत

**शमसाबाद, समृद्धि न्यूज।** साप्ताहिक बंदी का पालन न करने वाले चार व्यापारियों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। जिसको लेकर व्यापारियों में व्याप्त हो गया। अपने साथियों को छुड़वाने के लिए थाने पहुंचकर घेराव कर चेताया कि यदि हमारे साथियों को न छोड़ा गया, तो हम लोग धरना प्रदर्शन करेंगे। सोमवार को साप्ताहिक बंदी रहती है। इस दिन कोई भी व्यापारी अपनी दुकान नहीं खोलता लेकिन, कुछ व्यापारी जो नियमों को ताक पर रखकर अपने-अपने प्रतिष्ठानों को खोल कर क्रय विक्रय कर रहे थे। जिससे अन्य व्यापारियो में रोष दिखायी दिया। सूचना शमशाबाद थाना पुलिस को दी गई। जिस पर हरकत में आई पुलिस ने मौके पर जाकर मामले की जांच पड़ताल करते हुए नियमों का उल्लंघन करने वाले व्यापारियों को हिरासत में ले लिया और थाने ले आयी। पुलिस की इस कार्रवाई से कुछ व्यापारियों में आक्रोश भड़क गया और कुछ ही समय बाद व्यापारी एकत्रित होकर थाने पहुंच गये और घेराव कर छोड़ने का दबाव बनाया। जिस पर शमशाबाद थाना पुलिस द्वारा नियमों का हवाला देकर व्यापारियों को हिदायत दी गई। प्रभारी थानाध्यक्ष शमसाबाद मनोज भाटी ने बताया नियमों का उल्लंघन कर व्यापारियों द्वारा प्रतिष्ठानों को खोले जाने की सूचना दी गई थी। जिस पर व्यापारियों को हिरासत में लिया गया था, लेकिन व्यापारियों को हिदायत देकर छोड़ दिया गया।

इस मौके पर मौजूद सभी व्यापारियों को अवगत कराते हुए थानाध्यक्ष ने कहा नियम सबके लिए बराबर है। अगर कोई व्यापारी दुकानदार नियमों का उल्लंघन करता हुआ पाया जाएगा तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# सेमीफाइनल जीतकर ग्रीन व रेड इलेविन फाइनल में पहुंचे


विजेता खिलाड़ी को ट्राफी देते आयोजकगण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** फर्रुखाबाद जिला क्रिकेट एसोसिएशन के चल रहे अंडर 16 क्रिकेट लगी मैच में दो सेमीफाइनल हुए। जिसमें पहला सेमीफाइनल ग्रीन इलेविन ने 9 विकेट से जीता व दूसरे सेमीफाइनल में रेड इलेविन 6 विकेट से विजयी हुई। ब्रह्मदत्त स्टेडियम में चल रहे टूर्नामेंट का पहला सेमीफाइनल जेएसएम स्कूल व ग्रीनइलेविन के बीच खेला गया। जिसमें जेएसएम ने 20 ओवर में 9 विकेट पर 122 रन बनाये। जबाव में उतरी ग्रीन इलेविन ने 19 ओवर में एक विकेट पर 123 रन बनाकर लक्ष्य को प्राप्त कर लिया। 54 रन का योगदान देने वाले सुमित को मैन ऑफ द मैच दिया गया। दूसरा सेमीफाइनल रेड इलेविन व औरेंज इलेविन के बीच खेला गया। जिसमें औरेंज इलेविन ने 15.5 ओवर में 95 रन बनाये। जबाव में रेड इलेविन के बल्लेबाजों ने 14.3 ओवर में 4 विकेट खोकर 96 रन बनाकर मैच जीत लिया। अखिल को उनकी अच्छी गेंदबाजी के लिए मैच ऑफ मैच चुना गया। मैन आफ द मैच के पुरस्कार क्रिकेट कोच अमित पान ने प्रदान किये। अम्पयारिंग प्रमोद शुक्ला व रफीगुल अंसारी ने की। इस मौके पर सचिव मोहन लाल अग्रवाल, योगेश शुक्ला, रिन्कू यादव, सत्यम मिश्रा व तमाम लोग मौजूद रहे। दर्शकों ने तालियां बजाकर अपने-अपने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। बाद में जीते हुए खिलाड़ियों को हाथ मिलाकर बधाई दी।

# वैलेंटाइन-डे मनाने वाले का हिन्दू महासभा करेगी विरोध: विमलेश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अखिल भारत हिन्दू महासभा के युवा प्रदेश अध्यक्ष विमलेश मिश्रा ने बयान जारी कर वैलेंटाइन-डे का विरोध किया। उन्होंने कहा कि वैलेंटाइन-डे हमारी सनातन संस्कृति में नहीं है। वैलेंटाइन-डे विदेशी कल्चर है। यह क्रिश्चियन कल्चर द्वारा मनाये जाने वाला वैलेंटाइन-डे है। हमारी धर्म, संस्कृति, सनातन धर्म हमें सिखाता है कि इस विदेशी कल्चर को हमें भूलना है। हमारे मां-बाप हमें सिखाते है बड़ों का सम्मान करो, साधु संतों का सम्मान करों।

अगर प्यार करना है तो अपने मां-बाप से करो, भाई-बहन से करो, लेकिन यह विदेशी कल्चर का हम लगातार विरोध करते हैं। अगर कोई व्यक्ति खुलेआम यह विदेशी कल्चर अपनाते हुए दिखायी दिया तो इसका विरोध किया जायेगा। विदेशी कल्चर द्वारा हमारे बच्चों को बरगलाकर धर्म परिवर्तन कराया जाता है। यह विदेशी


विमलेश मिश्रा

लोगों द्वारा रचा गया प्रोपोगन्डा है। अगर किसी होटल से वैलेंटाइन-डे के दिन सूचना आती है तो हिन्दू महासभा तत्काल प्रभाव से पहुंचेगी और विरोध करेगी। शहर के सभी होटल मालिक व रस्टोरेंट संचालक अपने केविन में प्रेमी युगल को न बैठाये और आपत्तिजनक स्थिति में पाये जाने पर विरोध किया जायेगा।

# रिफलिंग करते पकड़ा, दो पर मुकदमा दर्ज

- दो के खिलाफ 3/7 के तहत हुई कार्यवाही

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिला पूर्ति कार्यालय की प्रवर्तन टीम ने छापामारी करके रिफलिंग करते हुए उपकरणों सहित सिलेंडरों को बरामद कर लिया। टीम ने मुखबिर की सूचना पर जिला पूर्ति कार्यालय की टीम ने पूर्ति निरीक्षक इंद्रजीत प्रसाद, वरिष्ठ सहायक राजीव कुमार, महेश चन्द्र वर्मा, उमाशंकर आदि के साथ विकास खण्ड कमालगंज के रजीपुर पहुंचकर बेंचे सिंह पुत्र देवी लाल के यहां छापा मारा। जहां हैपी सिंह पुत्र सुभाष चन्द्र रिफलिंग का कार्य कर रहा था। टीम ने चार घरेलू सिलेंडर, इलेक्ट्रानिक मशीन आदि को बरामद कर लिया और उन्हें सुपुर्दगी में दे दिया। पता चला कि अवैध तरीके से रिफलिंग की जाती है व चार पहिया के वाहनों से इन्हें भेजा जाता है। आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3/7 के तहत हैपी सिंह, समीर पुत्र शीशराम निवासी कतरौली पट्टी के खिलाफ कार्यवाही की गई। पूर्ति निरीक्षक ने इन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।


सिलेंडरों के साथ प्रवर्तन टीम

## एआरटीओ ने कई वाहनों के किये चालान

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के मोहम्मदाबाद मार्ग पर वाहन चेकिंग करते समय एआरटीओ ने कई वाहनों का चालान कर दिया। उन्होंने डीसीएम यूटिलिटी का 54 हजार व डीसीएम का 35 हजार का चालान काटा। इसके साथ कई अन्य वाहनों के चालान किये। चालकों के पास फिटनेस बीमा क्षमता से अधिक पाये जाने पर कार्यवाही की गई। जिससे वाहनों चालकों में खलबली मची रही व रास्ता बचाकर लोग निकलते दिखायी दिये।

# कला में विद्यार्थी साफ-सुथरे रंग भरें: तनूजा सरकार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** हाईस्कूल की बोर्ड परीक्षा में विद्यार्थी कला में साफ सुथरे रंग भरें, जिससे उन्हें अच्छे अंक मिल सकें। आलेखन कला बनाने की विधि इकाई का निर्माण, आयात वर्ग, त्रिभुज आदि व

**बोर्ड परीक्षा के प्रहरी**

रंगों की उत्पत्ति व रंगों के प्रकार, आलेख में रंग भरने की विधि, आलेखन रचना की सामग्री ओस्टवाल्ड के रंग चक्र आलेखन में भारती पुष्प के चित्र आते हैं। जैसे पीला कनेर, गुलाब, कमल, सूरजमुखी आदि इनके चित्र बनाने के लिए आते हैं और इनमें कलर भरे जाते हैं। चित्र में रंग साफ सुथरे भरें, जिससे अंक अच्छे मिले।

कन्हैया लाल रामशरन रस्तोगी इंटर कालेज की सहायक अध्यापिका तनूजा सरकार ने अपने साक्षात्कार बोर्ड परीक्षा के प्रहरी में बताया कि आलेखन कला, प्राकृतिक दृश्य चित्र


तनूजा सरकार, कला शिक्षिका

एवं स्मृति चित्रण संबंधी प्रश्न आते हैं। विद्यार्थी इनका प्रश्न पढ़ने के बाद पुस्तिका में उत्तर लिखे। प्राकृतिक दृश्य में ग्रामीण के दृश्य, पहाड़ों के दृश्य एवं वर्षाकाल, शीत ऋतु आदि का चित्रण हल करने को आता है। स्मृति चित्र में पपीता, फूलगोभी आदि सब्जियों का चित्र तथा फलों के चित्र के अलावा सामान के चित्र ऐनक, दर्पण, छाता आदि बनाने को आते है। आलेखन चित्र कला अथवा प्राकृतिक दृश्य 25 अंक के प्रश्न होते हैं। स्मृति चित्र 25 अंक के होते हैं। 20 अंक का ऑब्जेक्टिव प्रश्न आयेंगे। जिनके गोलदारा काले भरे जायेंगे। कुल पेपर 70 अंक का आयेगा। 30 अंक का प्रोजेक्ट प्रैक्टिकल होता है। प्राविधिक चित्र कला में ज्यामितीय, आलेखनों की रचना एवं अभ्यास विभिन्न आकार में होता है। प्राकृतिक दृश्य में ग्रीष्म ऋतु के दृश्य की रचना एवं अभ्यास तथा रंगांकन कार्य परीक्षा में आता है। स्मृति चित्रण में लैम्प, लालटेन, टार्च, दवात, किताब, दर्पण, ऐनक, छाता, मोमबत्ती, पेन, स्टैण्ड, इत्यादि चित्रों की रचना एवं अभ्यास परीक्षा में हल करने को आते है।

**बोर्ड परीक्षा के प्रहरी विश्लेषण में सभी अध्यापक अपना साक्षात्कार देकर परीक्षा हेतु विद्यार्थियों को सहयोग करें। यह निःशुल्क प्रकाशन किया जा रहा है। संपर्क करें संवाददाता लक्ष्मीकांत भारद्वाज मो0नंबर-9839390810**


छात्र आदित्य

छात्र आदित्य ने बताया कि प्राकृतिक दृश्य चित्रण में ग्रामीण बालक तथा पहाड़ों और नदियों का चित्रण किया जाता है और स्मृति चित्रण में ताला, चाबी, टेबिल, फोन, टेलीविजन आदि के चित्र बनाने को आते है। जिसे मैंने विद्यालय की मैम तनूजा सरकार द्वारा पढ़ाये गये प्रश्नों को बाखूबी हल किया है। मुझे पूर्ण विश्वास है मेरे अच्छे अंक आयेंगे।


छात्र अर्जुन

कक्षा 10 के छात्र अर्जुन ने बताया कि आलेखन कला में मैंने सूरजमुखी के फूल तथा हिरण का चित्रण किया है। बाखूबी मुझे इसका अध्ययन है। विद्यालय में जो भी पढ़ाया गया उसको मैंने पढ़ा है। चित्रण कार्य करने का अभ्यास एवं रंगांकन कार्य किया है। इसमें फल, साग-सब्जी आदि के चित्र एवं घरेलू बर्तन व उपकरण आदि को लेकर बोर्ड परीक्षा की तैयारी की है।

## दिव्यांगजन फिटमेंट शिविर में हुआ परीक्षण

**कमालगंज (सं.)।** विकास खंड में दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा आयोजित कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण फिटमेंट शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें लोहिया से आये आर्थो सर्जन डा0 ऋषिकांत वर्मा के निर्देशन में आई टीम ने दिव्यांगजनों के कागजात देखे और फिजिकल टेस्ट किया। तीन दर्जन से अधिक दिव्यांगजनों ने भागीदारी की। इस दौरान टीम में सौरभ प्रधान, शैलेंद्र राणा आदि मौजूद रहे।

## तीन का शांतिभंग में चालान

**कमालगंज (सं.)।** पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार कर शांतिभंग में चालान कर दिया। थाना क्षेत्र के गांव हाजी नगला निवासी सचिन पुत्र शिव रतन, विशुन दयाल पुत्र रामभरोसे, यदुवीर पुत्र विशनदयाल को ग्राम प्रधान से बंटवारे के विवाद को लेकर झगड़ा फसाद कर रहे थे। सूचना पर पहुंचे एसआई उमाकांत अवस्थी ने तीनों का 151 में चालान कर दिया।

# खबरें चलते-चलते

## मार्ग दुर्घटना में 6 घायल

**कायमगंज (सं.)।** अलग-अलग मार्ग दुर्घटना में आधा दर्जन लोग घायल हो गये। जिन्हे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार नगर से सटे गांव प्रेम नगर निवासी अकील मोहम्मद का 8 वर्षीय पुत्र आस मोहम्मद, काजम खां निवासी स्वराज, महमदियापुर निवासी रुमा व हरगोविंद कम्पिल क्षेत्र के गांव पहाड़पुर निवासी प्रशांत कुमार नगर के मोहल्ला बजरिया रामलाल निवासी क्षमा मिश्रा मार्ग दुर्घटना में घायल हो गये। घायलों को लोगों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।

## करंट लगने से युवती अचेत

**कायमगंज (सं.)।** क्षेत्र के गांव मऊरसीदाबाद निवासी कलेक्टर सिंह की 16 वर्षीय पुत्री प्रीति को घर पर करंट लग गया। जिससे वह अचेत हो गई। परिजनों ने आनन-फानन में उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया।

## वैलेंटाइन-डे को लेकर पुलिस चौकन्नी

**फर्रुखाबाद (सं.)।** वैलेंटाइन-डे पर पुलिस ने चौकसी रखने की रणनीति बनायी है। रेस्टोरेंटों पर विशेष नजर रखी जायेगी। इसके अलावा ऐसे स्थान जहां पर अशाति फैलने की सम्भावना होगी, वहां पर पुलिस नजर बनाये रखेगी। एसपी के निर्देशन में जिले भर की पुलिस किसी प्रकार की अशांति की घटना को अमल में नहीं आने देगी, ऐसा प्रयास किया जा रहा है। शहर कोतवाल विनोद कुमार शुक्ला ने बताया कि किसी भी प्रकार की अशांति नहीं फैलने दी जायेगी। इसके लिए पुलिस ने रणनीति के चलते जगह-जगह गली एवं चौराहों पर तैनाती किये जाने का फैसला लिया है।